रोहतक
शनिवार, 11 अक्टूबर 2025
कार्तिक मास कृष्ण पक्ष,
पंचमी वर्ष : 29, अंक : 252
पृष्ठ 14 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 32.5
न्यून. 16.7

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



05 भारत के नाम रहा दिल्ली टेस्ट का पहला दिन, जायसवाल 173 रन बनाकर नाबाद

सत्यमेव जयते
भारत सरकार



# अन्नदाताओं का सम्मान, समृद्ध राष्ट्र का निर्माण

## किसान भाई बहनों को ₹42,000+ करोड़ की कृषि परियोजनाओं का उपहार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा

पीएम धन-धान्य कृषि योजना और दलहन आत्मनिर्भरता मिशन

का शुभारंभ एवं

कृषि अवसंरचना कोष, पशुपालन, मत्स्य पालन और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र की 1,100 से अधिक परियोजनाओं

का उद्घाटन एवं शिलान्यास और

## किसानों के हित में हुई महत्वपूर्ण उपलब्धियों का पीएम द्वारा सम्मान एवं सराहना

- 10,000 FPOs से जुड़े 50 लाख से अधिक किसान, जिनमें 1,100 "करोड़पति FPOs" ने किया 1 करोड़ रुपये से अधिक का वार्षिक कारोबार
- राष्ट्रीय प्राकृतिक कृषि मिशन के तहत 50 हज़ार से अधिक किसानों का सफल प्रमाणीकरण
- 10,000 नई प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (PACS) का कंप्यूटरीकरण (e-PACS) और इनका जन सेवा केंद्र (CSCs), प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र (PMKSKs) में परिवर्तन
- 10,000 नई बहुउद्देशीय PACS के माध्यम से डेयरी और मत्स्य पालन की प्राथमिक सहकारी समितियां स्थापित
- ग्रामीण भारत के 38,000 बहुउद्देशीय एआई तकनीशियन (MAITRIs) का प्रमाणन

### पीएम धन-धान्य कृषि योजना से लाभ

- किसानों की आय बढ़ाने हेतु 100 कम उत्पादकता वाले जिलों का समग्र विकास
- हर खेत होगा सिंचित, हर फसल होगी विविध — किसानों तक पहुँचेंगी आसान ऋण और भंडारण सुविधाएँ
- सभी योजनाओं के एक साथ जुड़ने से लाभ सीधे किसानों तक

### दलहन आत्मनिर्भरता मिशन से लाभ

- किसानों को उन्नत बीजों की उपलब्धता से देश बनेगा दाल उत्पादन में आत्मनिर्भर
- केन्द्रीय एजेंसी द्वारा पंजीकृत किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद
- भंडारण और प्रबंधन की व्यवस्था की बेहतरी से, किसानों को मिलेगा फसल का पूरा मूल्य और लाभ

राष्ट्रीय कृषि विज्ञान परिसर, पूसा, दिल्ली | 11 अक्टूबर, 2025 | प्रातः 10.30 बजे

कार्यक्रम का सीधा प्रसारण डी डी न्यूज़ या डीडी किसान चैनल पर देखें
न्यूज़ किसान
फॉलो करें @/AgriGoI
अधिक जानकारी के लिए क्यूआर कोड को स्कैन करें

CBC 01102/13/0006/2526

## खबर संक्षेप

### रीतू बनीं अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने तुरंत प्रभाव से आईएएस अधिकारी और हरियाणा लोकायुक्त की सचिव रीतू को अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी लगाया है।

### आत्मनिर्भर होने के लिए स्वदेशी को बढ़ावा दें



**पंचकूला।** स्व. पुरुषोत्तम दास रुंगटा चेरिटेबल ट्रस्ट, गवर्नमेंट कॉलेज फॉर वीमेन, सेकटर 14, मुक्तिनाथ वेद विद्याश्रम(संस्कृत गुरुकुल) ने एक भव्य 'स्वदेशी अपनाओ जागरूकता' अभियान आयोजित किया; जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों और समाज के अन्य लोगों द्वारा एक प्रेरणादायक पैदल यात्रा निकाली गई। यात्रा को पुरुषोत्तम दास रुंगटा चेरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक एवं प्रसिद्ध समाजसेवी अमिताभ रूंगटा ,अनुपमा रूंगटा सहित अन्य मौजूद रहे।

### सेवा का अधिकार आयोग को मिलेगी 'व्यू ओनली' लॉगिन सुविधा

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने सार्वजनिक सेवा वितरण में पारदर्शिता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग के तहत अधिसूचित सेवाओं की निगरानी के मकसद से 'व्यू ओनली' लॉगिन सुविधा प्रदान करने का निर्णय लिया है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने सभी प्रशासनिक सचिवों, विभागाध्यक्षों, बोर्डों और निगमों के प्रबंध निदेशकों, मंडल आयुक्तों और उपायुक्तों को एक पत्र लिखकर आयोग को 'व्यू ओनली' लॉगिन सुविधा प्रदान करने के निर्देश दिए हैं।

## प्रधानमंत्री प्रदेशवासियों को देंगे करोड़ों की विकास परियोजनाओं की सौगातें : मुख्यमंत्री

# हाईलेवल मीटिंग में की तैयारियों की समीक्षा, 17 को आएंगे पीएम मोदी

बैठक में आयोजन स्थल, सुरक्षा सहित अन्य मुद्दों पर किया मंथन

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ चंडीगढ़

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 को को सोनीपत दौरे पर आएंगे। अपने इस दौरे के दौरान वे प्रदेशवासियों को करोड़ों रुपये की विकासात्मक परियोजनाओं की सौगात देंगे। प्रधानमंत्री का यह दौरा हरियाणा के विकास को नई गति और दिशा प्रदान करेगा तथा विकसित भारत – विकसित हरियाणा के संकल्प को और सशक्त बनाएगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रधानमंत्री के आगामी कार्यक्रम को लेकर शुक्रवार को चंडीगढ़ में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि कार्यक्रम को लेकर सभी तैयारियां समयबद्ध और समन्वित तरीके से की जाएं। उन्होंने उद्घाटन एवं शिलान्यास की जाने वाली संभावित परियोजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की।



### प्रबंधन रणनीति को अंतिम रूप दिया

उन्होंने अधिकारियों को कार्यक्रम की समय-सारिणी, रूट प्लान, सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन रणनीति को अंतिम रूप देने और यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि सभी बुनियादी ढांचे, आयोजन स्थल की तैयारियाँ निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरी हो जाएं। सभी संबंधित विभाग पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यक्रम स्थल तक पहुंचने के लिए आमजन को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए, इसलिए आमजन के लिए भी अलग से रूट प्लान किए जाएं। पार्किंग की व्यवस्था भी कार्यक्रम स्थल के आस-पास की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री के दौरे के दौरान सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, जनसुविधाओं और अन्य व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर पेयजल, स्वच्छता व्यवस्था को भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### हरियाणा के लिए गर्व का अवसर : सीएम

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पिछले एक दशक में हरियाणा ने विकास के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। केंद्रीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, राज्य सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों और निवेश को बढ़ावा देने वाली पारदर्शी प्रशासनिक व्यवस्था के कारण हरियाणा आज देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का यह दौरा न केवल हरियाणा के लिए गर्व का अवसर है, बल्कि यह राज्य के विकास गाथा के लिए भी अहम पड़ाव सिद्ध होगा।

### पंचकूला में भाजपा कार्यकारिणी की बैठक आज पीएम की रैली को लेकर होगी विस्तृत चर्चा

चंडीगढ़। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोनीपत रैली की तैयारियों को लेकर भाजपा ने शनिवार को प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक बुलाई है। पंचकूला स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय पंचकमल में होने वाली इस बैठक में प्रधानमंत्री मोदी की रैली को लेकर अब तक हुई तैयारियों की समीक्षा की जाएगी, वहीं रैली की व्यवस्था में कोई कमी ना रहे इसकी जिम्मेदारियां कार्यकर्ताओं को सौंपी जाएगी। इस बैठक में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया, प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली, संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, प्रदेश महामंत्रियो के अलावा मंत्री, सांसद, विधायकों सहित तमाम नेता मौजूद रहेंगे।

### सोनीपत में अधिकारियों ने लिया तैयारियों का जायजा



*सोनीपत। 17 अक्टूबर को राई स्थित एजुकेशन सिटी में आयोजित होने वाले प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर उपायुक्त सुशील सारवान ने अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने सबसे पहले हरियाणा खेल विश्वविद्यालय में पहुंचकर अधिकारियों की बैठक की और सभी व्यवस्थाओं की गहनता से चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान खेल विश्वविद्यालय के कुलपति अशोक कुमार भी मौजूद रहे। उपायुक्त सुशील सारवान ने अधिकारियों को निर्देश दिए कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर जिस भी अधिकारी को जो जिम्मेदारी सौंपी जाए उसे पूरी ईमानदारी के साथ पूरा करें। इस दौरान वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।*

## कृषिमंत्री अफ्रीकी देश के दौरे पर, कृषि विश्वविद्यालयों में एक्सचेंज प्रोग्राम पर चर्चा

# केन्या के साथ कृषि व अन्य क्षेत्रों में बढ़ेगा आपसी सहयोग



**चंडीगढ़।** हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्शयाम सिंह राणा इन दिनों 9 से 13 तक केन्या की राजधानी नैरोबी में पांच दिवसीय आधिकारिक दौरे पर हैं। उनके साथ 20 सदस्यीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल भी गया है। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य भारत और केन्या के बीच कृषि, बागवानी और कृषि उत्पादों के क्षेत्र में पारस्परिक सहयोग को मजबूत करना और आधुनिक कृषि तकनीकों के आदान-प्रदान को बढ़ावा देना है। दौरे के दौरान शुक्रवार को हरियाणा प्रतिनिधिमंडल ने अंतरराष्ट्रीय कृषि अनुसंधान संस्थान और अंतरराष्ट्रीय मक्का एवं गेहूं सुधार केंद्र के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की।

### उन्नत कृषि तकनीकों के साझा उपयोग पर चर्चा

बैठकों में मक्का और गेहूं में नवाचार, कृषि मशीनीकरण, जलवायु परिवर्तन से निपटने की रणनीतियों और उन्नत कृषि तकनीकों के साझा उपयोग पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में यह सहमति बनी कि दोनों देशों के कृषि विश्वविद्यालयों और अनुसंधान संस्थानों के बीच एक्सचेंज प्रोग्राम शुरू किए जाएं, ताकि कृषि अनुसंधान, प्रशिक्षण और नई तकनीकों के विकास में परस्पर सहयोग को बढ़ाया जा सके। प्रतिनिधिमंडल ने केन्या नेशनल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के मुख्यालय का भी दौरा किया, जहां संस्था के सीईओ के साथ सौजन्य भेंट कर कृषि उत्पादों के निर्यात-आयात, बाजार विस्तार और व्यापारिक सहयोग पर सार्थक विचार-विमर्श हुआ।

## प्रदेश में स्कूली शिक्षा व्यवस्था चरमराई



**चंडीगढ़।** सांसद सैलजा ने कहा कि हरियाणा के आठ जिलों अंबाला, फरीदाबाद, सिरसा, यमुनानगर, पलवल, भिवानी, जींद और हिसार में शिक्षकों की भारी कमी से प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था चरमरा गई है। कई स्कूलों में एक-एक शिक्षक पर 400 से 500 तक बच्चों का बोझ है, जो किसी भी दृष्टि से शिक्षा की गुणवत्ता के साथ घोर अन्याय है। एक ओर भाजपा सरकार नई शिक्षा नीति का गुणगान करने में लगी हुई है तो दूसरी ओर प्रदेश के स्कूलों में शिक्षकों, संसाधनों की भारी कमी है। सरकार प्राइवेट शिक्षण संस्थानों को बढ़ावा देकर ही सरकारी स्कूलों को बंद करने की साजिश तो नहीं कर रही है।सांसद सैलजा ने कहा कि प्रदेशभर में 15,659 शिक्षकों के पद खाली पड़े हैं।

## टेनिस खिलाड़ी राधिका की हत्या पिता ने झूठी शान के लिए की थी

- पुलिस ने 100 से अधिक पृष्ठों का आरोप पत्र दायर किया
- पिता को बनाया आरोपी, अगली सुनवाई 17 अक्टूबर होगी

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम पुलिस ने पूर्व टेनिस खिलाड़ी राधिका यादव हत्या मामले में दाखिल आरोप पत्र में उनके पिता दीपक यादव को आरोपी बनाया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने अपनी जांच के दौरान लगभग 35 गवाहों से पूछताछ की तथा अगली सुनवाई 17 अक्टूबर के लिए निर्धारित की है। उसने बताया कि तीन महीने की जांच के बाद सेक्टर 56 पुलिस ने बुधवार को जिला अदालत में 400 से अधिक पृष्ठों का आरोप पत्र दायर किया। पुलिस ने आरोप पत्र में कहा कि कहा कि लोगों के तानों से तंग आकर आरोपी ने झूठी शान के लिए अपनी बेटी राधिका की हत्या कर दी। इस बीच, दीपक यादव के वकील ने कहा कि उन्हें अब तक अदालत से आरोपपत्र की प्रति नहीं मिली है और दस्तावेज मिलने के बाद ही वह इस मामले पर कोई टिप्पणी कर पाएंगे। वरिष्ठ जांच अधिकारी ने बताया कि पिता-पुत्री के बीच लंबे समय से तनाव चल रहा था। दीपक ने राधिका को बार-बार बाहर जाकर कोचिंग करने से मना कर रहा था।

### कश्मीर ट्रेडमार्क विवाद में रेडिको खेतान को राहत

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने प्रसिद्ध शराब निर्माता कंपनी रेडिको खेतान लिमिटेड को चल रहे कश्मीर ट्रेडमार्क विवाद में बड़ी राहत दी है। न्यायालय ने करनाल की निचली अदालत द्वारा 23 सितंबर, 2025 को पारित उस निषेधाज्ञा आदेश के क्रियान्वयन पर रोक लगा दी है, जिसमें कंपनी को अपने उत्पादों पर कश्मीर नाम के उपयोग से अस्थायी रूप से रोका गया था। रेडिको खेतान की ओर से न्यायालय के समक्ष दलील दी कि कंपनी ने अपने उत्पादों के लिए द स्पिरिट ऑफ कश्मीरी इंडियन सैफ्रन वोदका और द स्पिरिट ऑफ कश्मीरी इंडियन नेचुरल वोदका नाम से ट्रेडमार्क आवेदन दाखिल किया है। उन्होंने यह भी कहा कि करनाल की अदालत में दायर मुकदमा क्षेत्राधिकार से बाहर है, क्योंकि कंपनी का हरियाणा में न तो कोई निर्माण इकाई है, न बिक्री का नेटवर्क। और न ही वहां उसका आबकारी लाइसेंस है।

### फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामले में डीजीपी को अवमानना नोटिस

**चंडीगढ़।** हरियाणा के डीजीपी शत्रुजीत कपूर को पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने अवमानना का नोटिस जारी किया है। यह नोटिस उस मामले में जारी किया गया है जिसमें पुलिस विभाग के एक कांस्टेबल पर फर्जी जन्म प्रमाण पत्र के आधार पर नौकरी हासिल करने का आरोप है। याचिका के अनुसार, इस प्रकरण में पहले ही हाईकोर्ट ने हरियाणा के डीजीपी को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया था कि संबंधित कांस्टेबल ने गलत जन्म तिथि दर्शाकर भर्ती प्रक्रिया में लाभ उठाया और पुलिस सेवा में नियुक्ति प्राप्त की। हाईकोर्ट ने उस समय मामले का निपटारा करते हुए स्पष्ट आदेश दिया था कि यदि शिकायत सत्य पाई जाती है तो कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाए। हालांकि, आदेश जारी होने के बाद भी विभागीय स्तर पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

### फैसले के दिन हाईकोर्ट के जज ने खुद को सुनवाई से अलग किया, ईमेल में पुराना संबंध उजागर

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट में उस समय अप्रत्याशित घटनाक्रम देखने को मिला, जब हरियाणा सिविल सेवा (एचसीएस ) अधिकारियों से जुड़ी याचिकाओं पर अंतिम फैसला सुनाने से पहले जज ने खुद को मामले की सुनवाई से अलग कर लिया।जस्टिस त्रिभुवन दहिया की पीठ ने यह फैसला उस ईमेल के बाद लिया, जिसमें यह बताया गया था कि जज कभी इसी मामले से जुड़े मामलों में बतौर वकील पेश हो चुके हैं।जस्टिस दहिया ने सुनवाई से अलग होते हुए मामले को चीफ जस्टिस के पास भेज दिया, ताकि इसे किसी अन्य पीठ के समक्ष सूचीबद्ध किया जा सके।यह मामला आठ एचसीएस अधिकारियों की उन याचिकाओं से जुड़ा है, जिन्हें हरियाणा एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने जुलाई 2023 में हिसार की सत्र अदालत में आरोपित किया था। आरोप पत्र में इन अधिकारियों के साथ नौ पेपर चेकरों के नाम भी शामिल थे।इन सभी ने इसे हाई कोर्ट में चुनौती दी थी।मामले में एचसीएस अधिकारियों में वीना हुड्डा, सुरेंद्र सिंह-1, जगदीप ढांडा, सरिता मलिक, कमलेश भादू, कुलधीर सिंह, वत्सल वशिष्ठ और जग निवास शामिल हैं।



- 2002 एचसीएस भर्ती का मामला

## आईपीएस अधिकारी आत्महत्या प्रकरण पर सियासत तेज, उच्चस्तरीय जांच की मांग

योगेंद्र शर्मा ⏭ चंडीगढ़

आखिरकार आईजी वाई पूर्ण कुमार (आईपीएस हरियाणा कैडर) के आत्महत्या प्रकरण में चौथे दिन छह सदस्यों वाली एसआईटी का गठन कर दिया गया है। आईजी चंडीगढ़ के नेतृत्व में अन्य पांच अफसरों को शामिल कर जांच का जिम्मा दिया गया है। आईएएस एसोसिएशन पदाधिकारियों, दलित नेताओं ने शुक्रवार को डीजीपी चंडीगढ़ से मुलाकात कर मामले में जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने की मांग रखी है। वहीं, आईजी के शव का पोस्टमार्टम करने के लिए डाक्टरों का बोर्ड गठित कर दिया है। वाई पूर्ण कुमार की मौत के मामले में सियासत भी तेज होती जा रही है। सांसद अंबाला वरुण मुलाना, प्रदीप नरवाल सहित कई दलित नेता चंडीगढ़ स्थित 24 सरकारी आवास पर पहुंचकर मृतक की धर्मपत्नी आईएएस पी अमनीत कुमार से मिले। दूसरी तरफ एनडीए के साथी दलित नेता बिहार से चिराग पासवान ने भी एक पत्र सीएम हरियाणा को भेजकर दलित अफसर की मौत पर चिंता जाहिर करते हुए जल्द से जल्द पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की अपील की है।


### राहुल और खड़गे ने मामले पर जताई चिंता

हरियाणा कैडर के आईपीएस अधिकारी वाई पूर्ण कुमार की चंडीगढ़ में आत्महत्या मामले में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के अलावा राहुल गांधी ने भी ट्वीट कर दुख जाहिर किया था। साथ ही एक दलित अफसर के उत्पीड़न व आत्महत्या के लिए मजबूर कर दिए जाने को लेकर भाजपा की प्रदेश और केंद्र सरकार पर हमला बोला था। इसी तरह से हरियाणा में नेता विपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा, सांसद सैलजा, सांसद वरुण मुलाना और दीपेंद्र सिंह हुड्डा अन्य नेताओं ने पूरे घटनाक्रम पर चिंता जाहिर की थी।

### आईएएस एसो. ने की न्याय की मांग

आईएएस और एचसीएस एसोसिएशन दोनों की ओर से मामले में आवाज उठाते हुए परिवार को न्याय दिलाने, केस ठीक तरह से दर्ज करने व तुरंत ही गिरफ्तारी करने की अपील की है। आईएएस एसोसिएशन की ओर से डीजीपी के साथ में भी मुलाकात की गई है। शुक्रवार को सुबह सवेरे से लेकर देर शाम तक चंडीगढ़ स्थित सरकारी कोठी पर आने जाने वालों का तांता लगा रहा है।

### चंडीगढ़ पुलिस दबाव में काम कर रही : ढांडा



**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी और वरिष्ठ नेता अनुराग ढांडा ने शुक्रवार को बयान जारी कर कहा कि वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी वाई. पूरन कुमार की सुसाइड मामले को चार दिन बीत चुके हैं, लेकिन अब तक न दोषियों पर कार्रवाई, न चंडीगढ़ पुलिस बीजेपी के दबाव में कोई एक्शन ले रही है। वहीं, परिवार न्याय की धीमी रफ्तार से नाराज है और जब तक ठोस कदम नहीं उठाए जाते, अंतिम संस्कार से इनकार कर रहा है। यह स्थिति बीजेपी शासन की संवेदनहीनता और प्रशासनिक नाकामी को उजागर करती है। ढांडा ने कहा कि यह सिर्फ एक अफसर की मौत नहीं, दलित समाज के खिलाफ गहराई से फैले सिस्टमेटिक भेदभाव का प्रमाण है। "जब एक दलित आईपीएस अधिकारी को इस हद तक प्रताड़ित किया जाए कि वह अपनी जान दे दे तो सोचिए गरीब दलितों का क्या हाल होगा।


**उत्तर रेलवे**

**ई–नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक–एफ.एस., उत्तर रेलवे, अंबाला मंडल आईआरईपीएस वेबसाइट पर ई–नीलामी लीजिंग के माध्यम से अंबाला मंडल के अंतर्गत विभिन्न मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों में ब्रेक वैन के एस.एल.आर./एस.एल.आर.डी. डिब्बों में पार्सल स्पेस (4/3.9 टन) के लीज अनुबंध हेतु निविदाएँ आमंत्रित करते हैं; –: निम्नलिखित विवरणानुसार, निविदा आमंत्रित की जाती हैं

| क्र. | नीलामी केटलाग सं. | नीलामी शुरू होने की दिनांक एवं समय | नीलामी समाप्त होने की दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | UMB-SLR-12-2025 (07 लॉट) | 23.10.2025/12:00 | 23.10.2025/13:30 |

| क्र. | ट्रेन संख्या | से–तक | कम्पार्टमेंट |
|---|---|---|---|
| 1 | 12450 | CDG-MAO | FSLR-I |
| 2 | 12232 | CDG-LKO | FSLR-I |
| 3 | 14522 | UMB-DLI | FSLR-I |
| 4 | 19308 | UHL-INDB | FSLR-I |
| 5 | 22456 | KLK-SNSI | FSLR-I |
| 6 | 54558 | PTA-UMB | FSLR-I |
| 7 | 54557 | UMB-PTA | FSLR-I |

ई–नीलामी में भाग लेने या ई–नीलामी प्रक्रिया से संबंधित किसी भी अन्य जानकारी के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर जाने की सलाह दी जाती है।

कृते वरि. मंडल वाणिज्य प्रबंध–एफ एस
उत्तर रेलवे, अम्बाला छावनी

3123/25 ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**गवर्मेन्ट पोलिटेक्निक, मण्डी आदमपुर (हरियाणा)**

**दाखिला सूचना 2025-26**

इस संस्थान की डिप्लोमा फार्मेसी (शैक्षणिक योग्यता 12 वीं (नान मेडिकल / मेडिकल)) की रिक्त सीटों के लिए आवेदन स्वीकार किये जायेंगे। इच्छुक अभ्यार्थी अपने मूल प्रमाण पंत्र (10वीं, 12वीं, एवं कटेगिरी सर्टिफिकेट (SC,BC,PH, ESM,FF,EWS, TFW) के साथ संस्थान से प्राप्त आवेदन पत्र भरकर संस्थान में मूल प्रमाण पत्रों की फोटोकॉपी के साथ दिनांक 14.10.2025 (सायं 4 बजे तक जमा करवाना सुनिश्चित करे। सभी दाखिले संस्थान द्वारा प्राप्त आवेदनों की नई मेरिट लिस्ट के अनुसार ही किया जाएगे। मेरिट एवं काउंसलिंग से सम्बधिंत सभी जानकारी वेबसाइट **www.gpadampur.ac.in** पर उपलब्ध करवाई जाएगी। प्रोस्पक्टेस **www.hstes.org.in** पर उपलब्ध है । अभ्यार्थी प्रवेश के लिए 16 अक्टूबर 2025 और 17 अक्टूबर 2025 को अपने सभी ओरिजनल दस्तावेजों के साथ संस्थान में रिपोर्ट करना सुनिश्चित करें। अटेंडेंस सुबह 9 बजे 11 बजे तक ली जाएगी उसके बाद काउन्सलिंग शुरू होगी। देरी के लिए अभयर्थी खुद जिमेवार होगा।

| | |
|---|---|
| 15.10.2025 | संस्थान द्वारा प्राप्त आवेदनों की नई मेरिट लिस्ट प्रर्दशन |
| 16.10.2025 | नई मेरिट एवं रिजर्वेशन के अनुसार काउंसलिंग |
| 17.10.2025 | सभी कटेगिरी के विलय के बाद नई मेरिट अनुसार काउंसलिंग |

**नोटः इसके पश्चात रिक्त सीटों के लिए प्रतिदिन (केवल कार्यदिवस) 30 अक्टूबर 2025 (या बाद में जो कोई भी अंतिम तिथि हो) तक प्रतिदिन दोपहर 12 बजे तक आवदेन लिए जायेंगे और दोपहर 02 से मेरिट के आधार पर सीटें भरी जाएँगी ।**

सम्पर्कः 9050129550, 9813060424 (प्रवेश शाखा, गवर्मेन्ट पोलिटेक्निक, मण्डी आदमपुर)

हस्ता/- प्रधानाचार्य
गवर्मेन्ट पोलिटेक्निक, मण्डी आदमपुर



**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा**

**खुली निविदा संख्या 35–अम्बाला/2025–26 दिनांक 10.10.2025**

वरिष्ठ मंडल अभियंता-समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्यों हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि उन कार्यों के सामने दी गयी तिथि को 15:00 बजे तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (Rs.) | अग्रिम राशि (Rs.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ADEN/BTI के अनुभाग में रेलवे कॉलोनी बीटीआई में रेलवे अस्पताल रोड, ठंडी सड़क के घिसे हुए प्रीमिक्स कालीन की मरम्मत और रेलवे कॉलोनी बीटीआई में ओवरहेड आरसीसी टैंकों की सफाई और धीमी रेत फिल्टर और अवसादन टैंकों की मरम्मत। | 39,60,023 | 79,200 | 06 महीने | 03.11.2025 |
| 2 | (i) स्काउट हट्स की मरम्मत, एसएसई/डब्ल्यू/स्टोर/बीटीआई, एसएसई/पी/यूएसएफडी की पुरानी टपकती जैक आर्च छत, फर्श की मरम्मत, पंप हाउसों का प्लास्टर, रेलवे कॉलोनी बीटीआई में सब स्टेशन नंबर 1, 2, 3, 4 और प्लेटफॉर्म नंबर 1, 2 की प्लेटफॉर्म सतह की मरम्मत, सर्कुलेटिंग एरिया, पीएफ नंबर 1 और 2 से संपर्क पथ, एफओबी टेराज़ो टाइल्स, एडीईएन/बीटीआई के सेक्शन में बीएनएन स्टेशन पर संपर्क पथ के साथ ट्रैक मशीन रेस्ट रूम की मरम्मत (ii) रेलवे कॉलोनी बीटीआई में ब्लॉक नंबर 365/4 यू, जीओबी 1 से जीओबी/15 (15 यू) के किचन, कोर्ट यार्ड फर्श, प्लास्टर और पानी की आपूर्ति, सैनिटरी फिटिंग की मरम्मत और लेहरा मुहब्बत स्टेशन पर स्टाफ क्वार्टर टी–2/2, टी–3/2, टी–4/3, टी–5/3, टी–6/3 के संपर्क पथ, जल निकासी प्रणाली, पानी की आपूर्ति, फर्श, दरवाजे और खिड़कियों की मरम्मत, प्लास्टर बीटीआई–डीगूआई अनुभाग। | 1,18,80,821 | 2,09,400 | 08 महीने | 03.11.2025 |
| 3 | (i) एडीईएन/बीटीआई के सेक्शन में बीटीआई–एसजीएनआर सेक्शन पर जीडीबी, एमओटी, पीकेके, पीजेके स्टेशनों पर फर्श, प्लास्टर, प्लेटफार्म शेड, पाइप लाइन, सैनिटरी फिटिंग और दिव्यांगजन सुविधाओं की मरम्मत। (ii) एडीईएन/बीटीआई के सेक्शन में एसएसई/डब्ल्यू/एबीएस के तहत बीटीआई–एसजीएनआर सेक्शन पर बीएचएक्स स्टेशन पर गैंग हट संख्या 3/8 यूनिट, टी–2/2 यूनिट के फर्श, प्लास्टर, दरवाजे, खिड़कियां, पहुंच पथ की मरम्मत। | 99,00,941 | 1,98,000 | 08 महीने | 03.11.2025 |
| 4 | एडीईएन/पीटीए के तहत एसएसई/डब्ल्यू/डीयूआई के अनुभाग में गिल, क्यूआरपी, एएचएच, केयूपी, एमईटी, एचएमआई और डीयूआई में स्टाफ क्वार्टरों में फर्श, छत, दरवाजे और खिड़कियां, सैनिटरी फिटिंग और जल निकासी और सीवरेज प्रणाली की मरम्मत और डीयूआई में गार्ड कॉलोनी में शौचालय और बाथरूम की छत का प्रतिस्थापन और एचएमआई की कॉलोनी और पीडब्ल्यूआई कॉलोनी, आईओडब्ल्यू कॉलोनी रेलवे कॉलोनी में डीयूआई में बाउंड्री वॉल की मरम्मत | 34,65,395 | 69,300 | 06 महीने | 03.11.2025 |
| 5 | कोटा स्टोन और वीडीसी द्वारा एसआरई स्टेशन पर प्लेटफार्म संख्या 5,6 और वाईजेयूडी स्टेशन पर प्लेटफार्म संख्या 2,3 पर क्षतिग्रस्त प्लेटफार्म सतह का सुधार/प्रतिस्थापन और एडीईएन/एसआरई के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/एल/एसआरई के खंड में एसआरई स्टेशन पर प्लेटफार्म संख्या 2/3, 4, 5/6 और वाईजेयूडी स्टेशन पर प्लेटफार्म संख्या 2/3 पर प्लेटफार्म शेल्टरों की वैली गटर और छत शीटों का प्रतिस्थापन। | 1,89,12,173 | 2,44,600 | 12 महीने | 03.11.2025 |

**नोट :–** 1. ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी सम्बंधित डॉक्यूमेंटों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट **IREPS** पर अपलोड करनी जरूरी है। 2. अग्रिम राशि ऑन लाइन पेमेन्ट नेट बैकिंग/गेटवे पेमेंट के द्वारा ही स्वीकार्य होंगे। 3. निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर लोग ऑन करें। 4. ठेकेदार को ई–निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास–III) डिजिटल सिगनेचर सार्टिफिकेट द्वारा लोग ऑन करना होगा। 5. जी. एस. टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी।

3145/25 ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**Model Economic Township Limited**

पंजीकृत कार्यालयः तृतीय तल, 77–बी, इफको रोड़, सैक्टर – 18, गुरूग्राम – 122015, हरियाणा
फोनः 0124–352 7369
CIN: U70109HR2006PLC036416

**सार्वजनिक सूचना**

यह कि, मॉडल इकोनोमिक टाउनशिप लिमिटेड (डेवलपर) एक औद्योगिक कॉलोनी महानिदेशक, टाउन एण्ड कन्ट्री प्लानिंग डिपार्टमैन्ट, हरियाणा सरकार, चण्ड़ीगढ़ (डी.टी.सी.पी.) द्वारा प्रदत्त लाइसैंस नम्बर 16 ऑफ 2018, 129 ऑफ 2019, 11 ऑफ 2021, 64 ऑफ 2022 के अनुसार लेआउट प्लान एरिया 1028.8875 एकड़, गाँव दादरी तोए, बीड़ दादरी, सौन्धी, याकूबपुर, फतेहपुर एवं बामनौला, तहसील बादली, जिला झज्जर, हरियाणा में एवं लाइसैंस नम्बर 111 ऑफ 2022 के अनुसार लेआउट प्लान एरिया 92.54375 एकड़, गाँव सौन्धी, तहसील बादली, जिला झज्जर, हरियाणा में विकसित कर रहा है।

डेवलपर ने उक्त औद्योगिक कॉलोनी में कुछ व्यक्तियों/कम्पनियों (जिन्हें अब के बाद अलाटी कहा गया है) को औद्योगिक प्लाटों का आबंटन किया हुआ है।

उपरोक्त वर्णित लाइसैंस नम्बरान के जारी होने वक्त अप्रूवड लेआउट प्लानों को डेवलपर द्वारा जोड़कर, एवं अतिरिक्त एरिया 177.06875 एकड़ जोकि गाँव दादरी तोए, सौन्धी, याकूबपुर, फतेहपुर एवं खालिकपुर में स्थित है, को लेआउट प्लान एरिया के साथ लगते हुए जोड़कर एवं पहले से लाइसैंसशुदा 1.6625 एकड़ एरिया को डी–लाइसैंस करके संशोधित किया जाना प्रस्तावित है जिससे कॉलोनी का एरिया बढ़कर 1296.8375 एकड़ हो जाएगा। इस सन्दर्भ में डी.टी.सी.पी. द्वारा लैटर ऑफ इन्टैंट (एल.ओ.आई.) मीमो नम्बर एल.सी.–3684–एफ+जी–पी.ए. (एम.के.)/2025/39223 दिनांक 09.10.2025 एवं प्रोविजनल रिवाइजड लेआउट प्लान ड्राईंगस मीमो नम्बरान डी.टी.सी.पी. 11522(i) एवं 11522(ii) दिनांक 09.10.2025 जारी किया गया है।

महानिदेशक, टाउन एण्ड कन्ट्री प्लानिंग डिपार्टमैन्ट, हरियाणा सरकार, चण्ड़ीगढ़ ने लेआउट प्लानों में प्रस्तावित संशोधन की अनुमति के लिये एक पूर्व शर्त रखी है जिसके अनुसार डेवलपर सार्वजनिक सूचना द्वारा लेआउट प्लानों के संशोधन के बारे में सभी वर्तमान अलाटियों को आपत्ति दर्ज करने के लिये सूचित करे।

अतः प्रस्तुत सार्वजनिक सूचना के द्वारा सभी अलाटियों को उक्त औद्योगिक कॉलोनी के लेआउट प्लान में प्रस्तावित संशोधन बारे आपत्ति दर्ज करने के लिये आमन्त्रित किया जाता है। पहले अप्रूवड लेआउट प्लान एरिया 1028.8875 एकड़ ड्राईग मीमो नम्बरान DTCP 10581 एवं 10582, दिनांक 18.11.2024, लेआउट प्लान एरिया 92.54375 एकड़ ड्राईग मीमो नम्बरान DTCP 8506, दिनांक 10.08.2022 एवं अब प्रस्तावित संशोधित लेआउट प्लान एरिया 1296.8375 एकड़ मीमो ड्राईंग नम्बर डी.टी.सी.पी. 11522(i) एवं 11522(ii) दिनांक 09.10.2025 जिसमें पहले अप्रूवड लेआउट प्लान में होने वाले बदलाव को दर्शाया गया है, की कॉपियाँ डेवलपर की वेबसाइट www.modeleconomictownship.com एवं पंजीकृत कार्यालय तृतीय तल, 77–बी, इफको रोड़, सैक्टर–18, गुरूग्राम–122015, हरियाणा, प्रोजैक्ट साईट आफिस एवं सीनियर टाउन प्लानर, सैक्टर–1, रोहतक, हरियाणा के कार्यालय में अवलोकन हेतु उपलब्ध हैं।

यदि किसी अलाटी को उक्त लेआउट प्लान संशोधन होने बारे कोई आपत्ति है तो वह अलाटी सीनियर टाउन प्लानर, सैक्टर 1, रोहतक के कार्यालय में प्रस्तुत सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ति दर्ज करवाएं अन्यथा यह समझा जाएगा कि किसी भी वर्तमान अलाटियों को इस सन्दर्भ में कोई आपत्ति नहीं है।

दिनांक : 10.10.2025
स्थान : गुरूग्राम

श्रीवल्लभ गोयल
पूर्णकालीन निदेशक
कृते मॉडल इकोनोमिक टाउनशिप लिमिटेड

www.modeleconomictownship.com

रोहतक
शनिवार, 11 अक्टूबर 2025
कार्तिक मास कृष्ण पक्ष,
पंचमी वर्ष : 29, अंक : 252
पृष्ठ 14 मूल्य 3 .00

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**मौसम**
अधि. 32.5
न्यून. 16.7

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | उछाल |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 82,500.82 | 328.72 ▲ |
| निफ्टी | 25,285.35 | 103.55 ▲ |

| धातु | कीमत | ऊपर/नीचे |
|---|---|---|
| सोना | 1,25,400/- | 600/- ▲ |
| चांदी | 1,71,500/- | 8500/- ▲ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | ऊपर/नीचे |
|---|---|---|
| रुपया | 88.69 | 10 पैसे ▲ |
| क्रूड ऑयल | 64.85 बैरल | 0.61% ▼ |

*पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।*

# दिल्ली-एनसीआर के राज्यों ने कहा-बच्चों को त्योहार मनाने दें, दिवाली पर बेरोकटोक पटाखे फोड़ने दिए जाएं

**सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई, शीर्ष कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिवाली से कुछ दिन पहले सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को दिल्ली-एनसीआर में पटाखों पर बैन हटाने की याचिका पर सुनवाई की। इस दौरान कोर्ट ने कहा- दिल्ली-एनसीआर में पटाखों पर बैन लगाना असंभव सा है। यह व्यावहारिक और आदर्श नहीं है। चीफ जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस विनोद चंद्रन की बेंच ने कहा कि ऐसे प्रतिबंधों का अक्सर उल्लंघन होता है। सुनवाई के दौरान केंद्र और दिल्ली-एनसीआर के राज्यों की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा- बच्चों को त्योहार मनाने दें। बिना टाइम लिमिट और रोक-टोक पटाखे फोड़ने दिए जाएं।

## शीर्ष कोर्ट ने कहा- पटाखों पर पूरी तरह बैन लगाना असंभव

### सर्टिफाइड ग्रीन पटाखे बनाने की मंजूरी

**2020 में पहली बार बैन लगाया**

इससे पहले 26 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट ने सर्टिफाइड ग्रीन पटाखे बनाने की मंजूरी दी थी। लेकिन बिना कोर्ट की इजाजत एनसीआर में बिक्री न करने की शर्त रखी थी। दिल्ली-एनसीआर में दिल्ली और उत्तर प्रदेश, राजस्थान और हरियाणा के 16 जिले आते हैं। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने 2020 में पहली बार दिल्ली में पटाखे फोड़ने पर बैन लगाया था।



**प्रदूषण स्तर में कोई कमी नहीं आई**

प्रधान न्यायाधीश ने पूछा, "क्या 2018 के बाद से वायु गुणवत्ता सूचकांक में सुधार हुआ है या यह खराब हुआ है? क्या तब प्रदूषण अब की तुलना में बहुत कम था?" सॉलिसिटर जनरल ने जवाब दिया कि वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) के आंकड़ों के अनुसार, प्रदूषण का स्तर "लगभग समान" ही रहा है, सिवाय कोविड-19 लॉकडाउन अवधि के दौरान, जब औद्योगिक और वाहन गतिविधियां रुकी हुई थी।

**त्योहार मनाने के अधिकार की रक्षा करें**

केंद्र और एनसीआर राज्यों की ओर से पेश हुए मेहता ने पीठ से एक "संतुलित दृष्टिकोण" अपनाने का आग्रह किया, जो श्रमिकों की आजीविका के अधिकार और नागरिकों के त्योहार मनाने के अधिकार दोनों की रक्षा करे, साथ ही इससे पर्यावरण सुरक्षा उपायों का पालन सुनिश्चित हो सके। मेहता ने कहा, "हमने संतुलित समाधान निकाले जाने वाले सुझाव दिए हैं।" राष्ट्रीय पर्यावरण इंजीनियरिंग अनुसंधान संस्थान (नीरी) द्वारा अनुमोदित केवल हरित पटाखों के निर्माण और बिक्री की सख्त निगरानी में अनुमति दी जाए।

**कोई समय सीमा नहीं होनी चाहिए**

मेहता ने कहा कि दिवाली, गुरुपर्व, क्रिसमस और नये साल की पूर्व संध्या जैसे कुछ मौकों पर हरित पटाखों के इस्तेमाल की अनुमति दी जानी चाहिए और इसके लिए कोई समय सीमा नहीं होनी चाहिए। मेहता ने कहा कि केवल नीरी और पेट्रोलियम एवं विस्फोटक सुरक्षा संगठन द्वारा प्रमाणित पटाखों का ही निर्माण और बिक्री की जानी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि प्रशासन यह सुनिश्चित करेगा कि किसी भी प्रकार के संयुक्त पटाखे या लड़ी" न तो बनाए जाएं और न ही इस्तेमाल किए जाएं।

**प्रतिबंध में ढील देने के संकेत**

सॉलिसिटर जनरल ने आग्रह किया, "बच्चों को दो दिन जश्न मनाने दीजिए। यह सिर्फ दिवाली, गुरुपर्व और क्रिसमस जैसे त्योहारों के लिए है।" उन्होंने अनुरोध किया, "मेरे भीतर का बच्चा आपके (न्यायाधीशों) के भीतर बैठे बच्चे को मनाने की कोशिश कर रहा है और कुछ दिनों के लिए कोई प्रतिबंध नहीं होना चाहिए।" प्रतिबंध में ढील देने का संकेत देते हुए प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि इसमें सभी पक्षों के हितों के बीच संतुलन बनाने की आवश्यकता है।

## खबर संक्षेप



### करवा चौथ : चांद देखकर सुहागिनों ने खोला व्रत

**रोहतक।** करवा चौथ का त्योहार देशभर में धूमधाम से मनाया गया। सुहागिन महिलाओं ने शुक्रवार को सूर्योदय से लेकर चंद्रोदय तक करवा चौथ का व्रत रखा। रात को करवा माता की पूजा, आरती और कथा के बाद चांद को अर्घ्य अर्पित कर छलनी से पति का दीदार किया। इसके बाद व्रत का पारायण किया। *एजेंसी*

### एक्टर शेट्टी पहुंचे हाईकोर्ट मांगी कानूनी सुरक्षा



**मुंबई।** बॉलीवुड के जाने-माने अभिनेता सुनील शेट्टी ने हाल ही में बॉम्बे हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है, क्योंकि सोशल मीडिया और कुछ वेबसाइट्स पर उनकी तस्वीरों का अनधिकृत इस्तेमाल किया जा रहा है। बिना अनुमति उनकी छवि और फोटोज का इस्तेमाल व्यावसायिक हो रहा है, जिससे नुकसान हो रहा है। *एजेंसी*

### चांदी उछलकर रिकॉर्ड 1.71 लाख प्रति किलो पर पहुंची



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को चांदी की कीमत 8,500 रुपये उछलकर 1,71,500 रुपये प्रति किलोग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। शुक्रवार को 99.9 प्रतिशत और 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 600 रुपये गिरकर क्रमशः 1,26,000 रुपये और 1,25,400 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। *एजेंसी*

### जुबीन मौत केस, 2 सुरक्षा अधिकारी गिरफ्तार



**गुवाहाटी।** असम के मशहूर सिंगर जुबीन गर्ग की संदिग्ध मौत मामले में उनके दो पर्सनल सिक्योरिटी ऑफिसर को स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम ने गिरफ्तार किया। दोनों का नाम नंदेश्वर बोरा और परेश बैश्य है, जो लंबे समय जुबीन के साथ थे। *एजेंसी*

### फिलीपीन में 7.4 तीव्रता का भूकंप, सात की मौत

**मनीला।** दक्षिणी फिलीपीन के पास शुक्रवार सुबह 7.4 तीव्रता का भूकंप आने के कारण कम से कम सात व्यक्तियों की मौत हो गई। वहीं, इससे भूस्खलन हुआ, अस्पतालों और विद्यालयों को नुकसान पहुंचा और सुनामी की चेतावनी के कारण आसपास के तटीय क्षेत्रों को खाली कराना पड़ा। हालांकि, सुनामी की चेतावनी बाद में वापस ले ली गई। *एजेंसी*

### विश्व पैरा पावरलिफ्टिंग में विनय को गोल्ड



**काहिरा।** भारत के उभरते पैरा पावरलिफ्टिंग स्टार विनय ने यहां पैरा पावर लिफ्टिंग विश्व चैंपियनशिप में जूनियर वर्ग के 72 किग्रा वजन वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। विनय ने अपने तीन प्रयासों में 137 किग्रा, 142 किग्रा और 147 किग्रा वजन उठाकर प्रभावशाली प्रदर्शन कर गोल्ड जीता। *एजेंसी*

**आईपीएस आत्महत्या मामला : आईएएस अमनीत ने एफआईआर पर उठाए सवाल**

# एसआईटी करेगी जांच, आईपीएस के परिवार की सुरक्षा बढ़ाई

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** सीनियर आईपीएस अफसर वाई पूरन कुमार की आत्महत्या मामले में चंडीगढ़ पुलिस ने शुक्रवार को आईजी पुष्पेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में जांच के लिए छह सदस्यों वाली एसआईटी का गठन कर दिया। एसआईटी मामले की निष्पक्ष, त्वरित और गहनता के साथ जांच करेगी। आत्महत्या मामले में गुरुवार देर रात चंडीगढ़ के सेक्टर 11 के थाने में हरियाणा के चीफ सेक्रेटरी अनुराग रस्तोगी, डीजीपी शत्रुजीत कपूर और रोहतक एसपी नरेंद्र बिजारणिया सहित 15 अफसरों पर भारत न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 108, 3 (5) और एससी/एसटी एक्ट की धारा 3 (1) (आर) के तहत एफआईआर दर्ज की गई थी। वहीं, चौथे दिन भी पूरन कुमार का पोस्टमॉर्टम नहीं हो पाया। परिवार को मनाने के लिए हरियाणा सरकार ने ग्रामीण विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार की ड्यूटी लगाई है। पंवार ने 2 बार आईएएस अमनीत पी. कुमार से मुलाकात कर पोस्टमॉर्टम और अंतिम संस्कार के लिए राजी करने की कोशिश की लेकिन अमनीत ने डीजीपी शत्रुजीत कपूर को पद से हटाने और रोहतक एसपी नरेंद्र बिजारणिया को गिरफ्तार करने तक इससे इनकार कर दिया।



**आईपीएस सुसाइड**

1. डीजीपी कपूर को हटाने और एसपी की गिरफ्तारी पर अड़ी अमनीत पी. कुमार
2. सरकार ने पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार को मनाने की सौंपी जिम्मेदारी

**एसआईटी में इनको किया शामिल**

- पुष्पेन्द्र कुमार, आईपीएस, आईजीपी, यूटी चंडीगढ़
- कंवरदीप कौर, आईपीएस, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक
- केएम प्रियंका, आईपीएस, एसपी/सिटी
- चरनजीत सिंह विरक, सीपीएस, डीएसपी/ट्रैफिक
- गुरजीत कौर, सीपीएस, एसडीपीओ/साउथ
- इंस्पेक्टर जयवीर सिंह राणा, एसएचओ थाना सेक्टर-11 (वेस्ट)

**डीजीपी कपूर की छुट्टी लगभग तय**

सूत्रों के मुताबिक डीजीपी शत्रुजीत कपूर की छुट्टी लगभग तय है। इनकी जगह आईपीएस अफसर ओपी सिंह, आलोक मित्तल और अरशिंद्र सिंह चावला में से एक को डीजीपी बनाने की चर्चा है। बताया गया है कि आलोक गुरुवार देर रात सीएम नायब सैनी के साथ मीटिंग करने पहुंचे थे। आलोक मित्तल डीजीपी रैंक के आईपीएस अफसर बन गए हैं। ओपी सिंह की जल्द रिटायरमेंट को देखते हुए ये फैसला लिया गया है। आलोक मित्तल के साथ आईपीएस अरशिंद्र सिंह चावला को भी डीजी रैंक मिली है।



**एफआईआर में आरोपियों के नाम न होने पर एतराज**

आईपीएस पूरन की आईएएस पत्नी अमनीत पी. कुमार ने एफआईआर पर एतराज जताया है। उन्होंने चंडीगढ़ पुलिस को एप्लिकेशन देकर कहा कि एफआईआर में आरोपी अफसरों के नाम अलग से कॉलम में नहीं लिखे गए हैं। आईएफआर को फिक्स फॉर्मेट में लिखा जाए।


**एनसीएससी के चेयरमैन बोले- परिवार को न्याय दिलाएंगे :** राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग (एनसीएससी) के चेयरमैन अशोक मकवाना पूरन कुमार के परिवार से मिलने के लिए उनके सरकारी आवास पर पहुंचे। यहां उन्होंने परिवार से करीब डेढ़ घंटे बात की। बाहर आकर अशोक मकवाना ने कहा कि परिवार को न्याय दिलाया जाएगा।

*जिला ड्रग कंट्रोलर की कार्रवाई*

# जींद में खांसी की 4 बैच की दवाओं की बिक्री पर रोक

**जींद (हरिभूमि न्यूज)।** देश में कोल्ड्रिफ कफ सिरप पर मचे हंगामे के बीच प्रदेश सरकार भी अलर्ट पर है। हर जिले में कफ सिरप और अन्य दवाइयों की जांच चल रही है। इसी कार्रवाई के चलते शुक्रवार को जींद में कुछ दवाइयों पर रोक लगा दी है। जिला ड्रग कंट्रोलर डॉ. गीता गोयल ने बताया कि सरकार के निर्देशों के अनुसार 4 बैच की दवाओं की बिक्री प्रतिबंधित की गई है। इन दवाओं का प्रयोग खांसी, जुकाम और बुखार में किया जाता है। ये दवाएं बच्चों की दी जाती हैं। उन्होंने बताया कि सरकार लोगों के स्वास्थ्य के प्रति गंभीर है। इसलिए हर जिले में दवाओं की कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

**खांसी, जुकाम और बुखार में होती हैं प्रयोग**
**कुछ कंपनियों ने अपना स्टॉक लिया वापस**



**इन पर रोक**

- केएल 25/148 बैच (एमएस केयसंस फार्मा की दवा)
- एसआर .13 बैच (सरेसेन कंपनी की दवा)
- एचएसएच25160 बैच (एमएस शैपे फार्मा की दवा)
- आर01जीएल2523 बैच (रेडनाक्स फार्मास्युटिकल लिमिटेड की दवा)

**कफ सिरप टेस्टिंग में लापरवाही**

तमिलनाडु में बने कोल्ड्रिफ कफ सिरप से एमपी-राजस्थान में बच्चों की मौत का मामला चर्चा में आने के बाद भारत के महालेखा परीक्षक (कैग) की एक रिपोर्ट में सामने आई। इसमें बताया गया है कि राज्य में ड्रग इंस्पेक्शन (टेस्टिंग) में कमी देखी गई थी। साथ ही ड्रग्स (दवा) सैंपल कलेक्शन में भी कमी की गई थी। तमिलनाडु में एक लाख सैंपल के टेस्टिंग का टारगेट था, लेकिन सिर्फ 66,331 टेस्ट ही किए गए थे।

# ट्रंप को नहीं, वेनेजुएला में विपक्षी नेता मारिया मचाडो को शांति का नोबेल



20 साल से लोकतंत्र के लिए लड़ रहीं

**सुमाते नामक संगठन की स्थापना की**

यह लोकतंत्र की बेहतरी के लिए काम करता

**ओस्लो।** वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया मचाडो को शांति का नोबेल पुरस्कार मिला है। उन्होंने वेनेजुएला में लोकतांत्रिक अधिकारों को बढ़ावा देने और तानाशाही से लोकतंत्र की ओर शांतिपूर्ण बदलाव लाने के लिए 20 साल लगातार संघर्ष किया है। साथ ही ट्रंप को शांति का नोबेल पुरस्कार दिए जाने की अटकलों पर भी विराम लगा गया। नोबेल समिति ने कहा कि आज जब दुनिया के कई हिस्सों में तानाशाही बढ़ रही है और लोकतंत्र कमजोर हो रहा है, ऐसे समय में मारिया मचाडो जैसे लोगों की हिम्मत उम्मीद जगाती है। समिति ने कहा- लोकतंत्र ही स्थायी शांति की शर्त है। जब सत्ता हिंसा और डर के जरिए जनता को दबाने लगती है, तो ऐसे साहसी लोगों को सम्मान देना जरूरी हो जाता है। मचाडो ने सुमाते नामक संगठन की स्थापना की।

**पुरस्कार के मापदंड किए पूरे**

नोबेल कमेटी ने कहा कि मचाडो ने नोबेल पुरस्कार के तीनों मापदंडों को पूरा किया है। उन्होंने विपक्ष को एकजुट किया, सैन्यकरण के खिलाफ लगातार खड़ी रहीं और लोकतंत्र को समर्थन दिया। उन्होंने लोकतंत्र में ऐसे भविष्य की उम्मीद जगाई है जहां नागरिकों के मूल अधिकार सुरक्षित हों।

**बिना दबाव के फैसला : समिति**

ट्रंप को नोबेल नहीं देने पर नोबेल अध्यक्ष जोर्गेन वाटने फ्राइडनेस ने कहा कि समिति में अपना फैसला लेने का साहस और ईमानदारी है। समिति को हर साल हजारों पत्र मिलते हैं, लेकिन फैसला बिना किसी दबाव के होता है। इस साल भी बिना किसी बाहरी दबाव या अभियान से प्रेरित हुए फैसला लिया गया है।

**नशे में हंगामा : पति ने पत्नी के वकील पर किया हमला**

## हाईकोर्ट ने बच्चों की अंतरिम कस्टडी मां को सौंप दी

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक नशे में धुत व्यक्ति ने अपनी पत्नी के वकील पर कोर्ट परिसर में ही हमला कर दिया। इस अभूतपूर्व घटना को अदालत ने बेहद गंभीरता से लिया और तुरंत हस्तक्षेप करते हुए दंपति के दोनों नाबालिग बच्चों की अंतरिम कस्टडी मां मां बलजीत कौर को सौंपने का आदेश दिया। साथ ही, चंडीगढ़ प्रशासन को महिला की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। सुनवाई के दौरान जस्टिस अलका सरीन ने कहा कि लंच ब्रेक के दौरान प्रतिवादी (पति) ने याचिकाकर्ता पत्नी की वकील पर हमला कर दिया।

**आरोपित को मौके पर ही हिरासत में लिया**

वकील ने अदालत को बताया कि आरोपित पूरी तरह नशे में था। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस को बुलाया गया, जिसने मौके पर पहुंचकर आरोपित को हिरासत में ले लिया।

**राष्ट्रीय राजमार्ग 152 डी पर भयानक सड़क हादसा**

# मां का शव ला रहे बेटे व मौसी सहित 3 की मौत

**रोहतक (हरिभूमि न्यूज)।** महम थाना क्षेत्र के गांव खरकड़ा के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 152 डी पर सड़क हादसे में तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतकों की पहचान जींद जिले के भाग खेड़ा गांव निवासी 24 वर्षीय कीरत और भाग खेड़ा गांव की ही 61 वर्षीय कृष्णा व सोनीपत जिले के जागसी गांव निवासी 27 वर्षीय सचिन के रूप में हुई है। सुबह 6 बजे जब वे खरकड़ा गांव के पास पहुंचे तो उनकी कार हाईवे पर खड़े ट्रक से टकरा गई। हादसा इतना भीषण था कि कार के परखच्चे उड़ गए।

**ट्रक में जा घुसी कार, राजस्थान में तैनात पुलिसकर्मी मां की हुई थी मौत**



**राजस्थान से लौट रहे थे**

पुलिस के मुताबिक, किरत की मां राजस्थान में पुलिस में कार्यरत थी। उनकी अचानक मौत की खबर इन लोगों को मिली, जिसकी वजह से ये लोग राजस्थान गए थे। इसके बाद डेड बॉडी लेकर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान हादसे का शिकार हो गए। तीसरा मृतक महिला पुलिस कर्मी के साथ काम करने वाला पुलिस कर्मी था। सभी शवों को रोहतक पीजीआई में भेज दिया गया है।

# चुनाव आयोग देशभर में करवाएगा एसआईआर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चुनाव आयोग बिहार के बाद अब देशभर में चरणबद्ध स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन यानी एसआईआर (सामान्य शब्दों में वोटर लिस्ट वेरिफिकेशन) करवाएगा। चुनाव आयोग के अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। देश में एसआईआर की शुरुआत उन राज्यों से होगी, जहां अगले साल 2026 में विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में पहले फेज में असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में वोटर लिस्ट का वेरिफिकेशन होगा। चुनाव आयोग एसआईआर के तहत वोटर लिस्ट की जांच करता है।

**पहले फेज में बंगाल असम समेत 5 राज्य**

**सभी राज्यों में काम चल रहा**

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने 6 अक्टूबर को कहा था कि सभी राज्यों में एसआईआर शुरू करने का काम चल रहा है। इसके रोलआउट पर अंतिम फैसला चुनाव आयोग लेगा। बिहार विधानसभा चुनावों की घोषणा करते हुए सीईसी कुमार ने 24 जून को बिहार एसआईआर शुरू करते समय अखिल भारतीय एसआईआर की योजना की घोषणा की थी।

**फोर्ब्स इंडिया सूची जारी, 6 माह में संपत्ति 4.1 बिलियन डॉलर बढ़ी**

# सावित्री जिंदल देश की सबसे अमीर महिला 39.6 बिलियन डॉलर हुई कुल संपत्ति

**हिसार की विधायक हैं जिंदल समूह की चेयरपर्सन**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हिसार की विधायक और ओपी जिंदल समूह की प्रमुख सावित्री जिंदल भारत की सबसे अमीर महिला बन गई हैं। फोर्ब्स इंडिया की रिच लिस्ट 2025 में 39.6 बिलियन डॉलर की कुल संपत्ति के साथ, उन्होंने मुकेश अंबानी और गौतम अडाणी के बाद भारत के सबसे धनी लोगों में तीसरा स्थान हासिल किया है। अब दुनिया के सबसे अमीर लोगों में सावित्री जिंदल का 48वां स्थान है। इससे पहले अप्रैल में फोर्ब्स बिलियनेयर लिस्ट 2025 की सूची जारी हुई थी। उस समय सावित्री जिंदल की कुल संपत्ति 35.5 बिलियन डॉलर थी। यानि 6 महीने में सावित्री जिंदल की संपत्ति 4.1 बिलियन डॉलर बढ़ गई है, जबकि भारत के 100 सबसे अमीर लोगों की नेटवर्थ 9% गिरकर 1 ट्रिलियन डॉलर यानी करीब 88 लाख करोड़ रुपये रह गई। पिछले साल उनकी नेटवर्थ 1.1 ट्रिलियन डॉलर यानी, करीब 97 लाख करोड़ रुपये थी। ऐसे में जिंदल समूह लगातार आगे बढ़ रहा है। सावित्री जिंदल हिसार विधानसभा सीट से जीतकर विधायक बनी हैं। उनके बेटे उद्योगपति नवीन जिंदल कुरुक्षेत्र से भाजपा के सांसद हैं।

**कई क्षेत्रों में फैला साम्राज्य**

जिंदल समूह की अध्यक्ष का साम्राज्य इस्पात, बिजली, सीमेंट और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में फैला हुआ है। कंपनी की स्थापना उनके दिवंगत पति ओम प्रकाश जिंदल ने की थी, जिनकी 2005 में एक हेलिकॉप्टर दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। उनकी मृत्यु के बाद, व्यवसाय उनके चार बेटों में बंट गया।

**द्वितीय विश्वयुद्ध से मिला आइडिया**

हिसार के गांव नलवा में जन्मे ओपी जिंदल किसान परिवार से थे। छठी कक्षा तक पढ़े ओपी जिंदल अपने भाइयों की तरह ही बाहर जाकर कमाना चाहते थे। दूसरे विश्व युद्ध के अंतिम समय में असम अमेरिकी फौजियों का बड़ा गढ़ था। इसलिए युद्ध के बाद लोहे और इस्पात से बना बहुत सा माल, वे यहीं छोड़ गए थे। ओपी जिंदल को यहीं से व्यापार करने का आइडिया आया। साल 1952 में जिंदल ने कोलकाता के पास लिलुआ में पाइप बेंड और सॉकेट बनाने की फैक्ट्री लगाई।

करनालः ड्यूटी खत्म कर साइकिल से लौट रहा था घर

# युवक की चाकू से गोदकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हरियाणा पुलिस अकादमी के पास मधुबन में बीती रात चाकू से हमला कर 21 वर्षीय रवि की हत्या कर दी गई। रवि अविवाहित था और ओसवाल कंपनी में काम करता था। उसकी ड्यूटी दोपहर 2 बजे से रात 10 बजे तक थी। वारदात तब हुई जब वह ड्यूटी खत्म कर साइकिल से अपने घर सिरसी गांव लौट रहा था। रवि के जीजा दीपू के मुताबिक, जब वह हरियाणा पुलिस अकादमी के पीटीसी गेट के पास पहुंचा, तो दो-तीन युवकों ने उस पर हमला कर दिया और चाकू से वार किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।



दो से तीन युवकों ने की वारदात, कारणों का खुलासा नहीं

अस्पताल ले जाते समय हमलावरों के बारे में सिर्फ 'दो-तीन युवक' ही बता पाया रवि आसपास के लोगों ने डायल-112 पर पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद ईआरवी-422 मौके पर पहुंची। पुलिस ने रवि को पहले अर्पणा अस्पताल पहुंचाया। इस दौरान रवि ने पुलिस को सिर्फ इतना बताया कि हमलावर दो-तीन युवक थे। हमला किस वजह से हुआ, इसके बारे में वह कुछ नहीं बता पाया।

### अस्पताल में डॉक्टरों ने मृत घोषित किया

रवि को कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना के बाद पुलिस व परिजन मौके पर पहुंचे। मधुबन पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और अज्ञात हमलावरों पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

अर्पणा अस्पताल के डॉक्टरों ने रवि की नाजुक हालत देखते हुए उसे करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में रेफर कर दिया। डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

दिल्ली-अंबाला रेलमार्ग पर ओएचई तार टूटने से हादसा

# सोनीपत में हाइटेंशन लाइन गिरने से दो घंटे ठप रही रेल सेवा, 16 ट्रेनें प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

दिल्ली-अंबाला रेल लाइन पर शुक्रवार सुबह करीब 7:35 बजे हाईटेंशन लाइन का तार गिरने से अप और डाउन दोनों ट्रैक की ओवरहेड इलेक्ट्रिक (ओएचई) तार टूट गई, जिससे रेल परिचालन दो घंटे के लिए ठप हो गया। इस दौरान करीब 16 मेल व एक्सप्रेस ट्रेनें अलग-अलग स्टेशनों पर खड़ी रहीं और यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। सूचना मिलते ही नरेला और दिल्ली से रेलवे इंजीनियरों की टीम मौके पर पहुंची और मरम्मत कार्य शुरू किया। सुबह 9:23 बजे अप लाइन और 9:45 बजे डाउन लाइन को चालू कर परिचालन बहाल किया गया।



सोनीपत। ओएचई तार ठीक करते हुए कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि




### सोनीपत स्टेशन पर अफरातफरी मच गई

इस दौरान जीआरपी थाना प्रभारी विजयपाल, एचसी विकास और आरपीएफ की टीम ने स्थिति पर नजर रखी। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, हादसे का कारण हाईटेंशन तार का अचानक गिरना था, जिससे ओएचई तार टूट गया। घटना के चलते सोनीपत स्टेशन पर अफरातफरी मच गई। कई यात्रियों ने अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए बसों और निजी वाहनों का सहारा लिया। रेलवे प्रशासन ने घटना की जांच शुरू कर दी है और भविष्य में ऐसी स्थिति से बचने के लिए सुरक्षा उपाय मजबूत करने की बात कही है।

## खबर संक्षेप

### 9.46 करोड़ की साइबर ठगी का आरोपी काबू



रेवाड़ी। साइबर थाना पुलिस ने गांव पिथनवास निवासी एक व्यक्ति से स्टोक मार्केट में इन्वेस्टमेंट के नाम पर मोटे मुनाफे का लालच देकर 9.46 करोड़ रूपए की साइबर ठगी करने के मामले एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान कोलकाता के गोबरा गोरस्थान रोड निवासी शुभम माली के रूप में हुई हैं। पुलिस इस मामले में तीन आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी हैं।

### चौबारे से 134 किलो बम व पटाखे बरामद



जींद। शहर थाना नरवाना पुलिस ने नागरिक अस्पताल के सामने आटा चक्की के ऊपर बने चौबारे में छापेमारी कर 133 किलो 900 ग्राम बम व पटाखे बरामद किए हैं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर एक व्यक्ति के खिलाफ एक्सपलोसिव एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। शहर थाना नरवाना पुलिस को सूचना मिली थी कि प्रेम नगर निवासी सुशील ने नागरिक अस्पताल के सामने आटा चक्की के उपर बने चौबारे में बम, पटाखों का भंडारण किया हुआ है। पुलिस ने चौबारे में छापेमारी की तो बम पटाखों के कार्टून रखे मिले।

गुरुग्राम में तांडव : चालक गिरफ्तार, बस को भी जब्त कर लिया

लोगों ने पकड़ा पुलिस से की हाथापाई

# नशे में धुत्त चालक ने मचाया बवाल बस से पांच वाहनों को मारी टक्कर

*बस चालक ने पहले पांच वाहनों को टक्कर मारी और फिर जब लोगों ने उसे पकड़ा तो उसने बीच रोड पर बवाल मचा दिया। यही नहीं, मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मी के साथ भी हाथापाई की। जिसके बाद पुलिस ने काबू कर लिया।*



**मेडिकल में आरोपी के नशे में होने की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने आरोपी चालक पर केस दर्ज लिया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुग्राम

सेक्टर-10 थाना एरिया में खांडसा रोड पर नशे में धुत्त एक बस चालक ने जमकर बवाल मचाया। बस चालक ने पहले पांच वाहनों को टक्कर मारी और फिर जब लोगों ने उसे पकड़ा तो उसने बीच रोड पर बवाल मचा दिया। यही नहीं मौके पर उसने मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मी के साथ भी हाथापाई की। जिसके बाद पुलिस ने उसे बल पूर्वक काबू किया और मेडिकल कराया। मेडिकल में आरोपी के नशे में होने की पुष्टि हो गई। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ केस दर्ज करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया और बस को भी जब्त कर लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



गुरुग्राम। पुलिस कर्मी से हाथापाई करता नशे में धुत बस चालक। फोटो : हरिभूमि

### पुलिस कर्मियों से गाली गलौज करते हुए की मारपीट

मौके पर पहुंची पुलिस की इमरजेंसी रेस्पांस व्हीकल पर तैनात पुलिसकर्मियों ने जब चालक को काबू करने का प्रयास किया तो उसने पुलिसकर्मियों से गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। इस पर पुलिसकर्मियों ने बल प्रयोग किया और चालक को काबू कर सेक्टर-10 थाना पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने आरोपी का मेडिकल कराया तो पाया कि वह अत्याधिक शराब का सेवन कर चुका है जिसके बाद उसे काबू करते हुए पुलिस ने उसके खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक, इस घटना में गाड़ियों को क्षति हुई है। किसी भी व्यक्ति को चोटें नहीं लगी है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

### खांडसा रोड पर बस-कार और दो बाइकों को टक्कर मार दी

जानकारी अनुसार, वीरवार की दोपहर एक बस खांडसा रोड पर जा रही थी कि अचानक उसने तीन कार और दो बाइकों को टक्कर मार दी। इसके बाद भी चालक नहीं रुका और भागने का प्रयास किया। लेकिन एक कार चालक ने हिम्मत दिखाई और अपनी गाड़ी को किसी तरह से बस से आगे निकालकर बस के आगे अड़ा दिया और बीच रोड पर ही बस को रुकवा लिया। जैसे ही चालक को बस से नीचे उतारा गया तो वह शराब के नशे में था और उतरते ही गाड़ी चालक से गाली गलौज व मारपीट करने लगा। इस पर लोग एकत्र हो गए और उसे काबू करने का प्रयास करते हुए पुलिस को सूचना दी।

### तेज रफ्तार से चल रही थी बसः प्रत्यक्षदर्शी

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बस की रफ्तार काफी तेज थी और उसने एक के बाद एक 5 वाहनों को टक्कर मार दी। जिसमें 3 कार और 2 बाइक शामिल है। बस की टक्कर वाहन क्षतिग्रस्त हो गए और सड़क पर जाम लग गया। गनीमत ये रही कि कोई व्यक्ति हादसे में घायल नहीं हुआ। हादसे के बाद ड्राइवर बस को लेकर भागने की कोशिश करने लगा, लेकिन हादसे का शिकार एक कार सवार ने हिम्मत दिखाते हुए ड्राइवर का पीछा किया। उसने अपनी कार को बस के सामने लाकर उसे रोक दिया।

### चालक ने पुलिसकर्मी से बदतमीजी भी की

इसके बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची ईआरवी पुलिस ने ड्राइवर को हिरासत में लेने की कोशिश की, लेकिन ड्राइवर ने नशे की हालत में पुलिस के साथ भी बदतमीजी की। उसने पुलिसकर्मियों को धक्का दिया और उनके साथ हाथापाई शुरू कर दी। इस दौरान कुछ लोगों ने इस घटना का वीडियो बना लिया। ड्राइवर को हिरासत में लेकर उसका मेडिकल टेस्ट कराया गया है। ड्राइवर के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और पुलिस के साथ हाथापाई करने के आरोप हैं।




गुरुग्राम। ट्राले की टक्कर से क्षतिग्रस्त वाहन। फोटो : हरिभूमि

दिल्ली-जयपुर हाईवे पर हादसा

# ट्राले ने 6 छह गाड़ियों में मारी टक्कर, 1 की मौत, 2 गंभीर

**घायलों का इलाज गुरुग्राम के अस्पताल में चल रहा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुग्राम

दिल्ली जयपुर हाईवे पर मानेसर घाटी में वीरवार रात ओवर लोड ट्राले ने छह गाड़ियों में टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि एक गाड़ी पूरी तरह चकनाचूर हो गई। हादसे में कार में सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनका इलाज गुरुग्राम के अस्पताल में चल रहा है। हादसा मानेसर की पहाड़ी पर तेज़ रफ्तार ट्राले की वजह से हुआ। जब जयपुर की तरफ से ट्राला गुरुग्राम की तरफ जा रहा था, तो ओवर लोड होने के कारण ट्राले के ब्रेक नहीं लगे और जाम में खड़ी छह गाडिय़ों को टक्कर मारते हुए आगे बढता चला गया। वीरवार की रात करीब 9 बजे दिल्ली जयपुर हाइवे पर मानेसर में ट्रैफिक जाम लगा हुआ था। इतने में जयपुर की तरफ से एक ट्राला तेज़ रफ्तार में आया और पॉलिटेक्निक कॉलेज के सामने बने फ्लाइओवर से मानेसर की तरफ बढने लगा तो ट्राला चालक अपनी स्पीड पर कंट्रोल नहीं रख पाया। ब्रेक नहीं लगने से ट्राला छह गाड़ियों को टक्कर मारते हुए आगे जाकर रुका। इस हादसे में ट्राले की टक्कर से एक टैक्सी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और कार में बैठे तीन लोग गंभीर रुप से घायल हो गए।

### कड़ी मशक्कत के बाद घायलों को बाहर निकाला

हादसे के बाद लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद घायलों को पुलिस की मदद से बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने कुरुक्षेत्र निवासी संदीप कुमार को मृत घोषित कर दिया। जबकि महेंद्रगढ़ के सुरेंद्र कुमार व विनय कुमार को घायलावस्था में गुरुग्राम के निजी अस्पताल में एडमिट कराया गया है।

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी।

**वृष** — धैर्यशीलता में कमी भी हो सकती है। संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। वाहन के रखरखाव एवं वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं।

**मिथुन** — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। लाभ में वृद्धि होगी।

**कर्क** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कुछ चिंता परेशान भी हो सकती हैं। माता का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**सिंह** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

**कन्या** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**तुला** — कला एवं संगीत में रुचि रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा। कारोबार में भाग-दौड़ बढ़ेगी, परन्तु स्वास्थ्य के प्रति सचेत भी रहे।

**वृश्चिक** — संयत रहें। क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है।

**धनु** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन अशान्त भी रहेगा। आत्मसंयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।

**मकर** — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी।

**कुंभ** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। फिर भी धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित भी रहें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है।

**मीन** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। पिता का साथ मिलेगा। किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है।

# डीजे बंद कराने गई पुलिस से मारपीट करके पथराव किया

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**गुरुग्राम।** सेक्टर-56 एरिया में बिना विभागीय अनुमति देर रात तक चलाए जा रहे डीजे को बंद कराना पुलिस को भारी पड़ गया। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों के साथ कार्यक्रम आयोजक ने न केवल मारपीट की बल्कि पुलिस की इमरजेंसी रेस्पांस व्हीकल पर पथराव भी कर दिया। यहां मौजूद लोगों ने पुलिस पर पथराव और डंडे से हमला करते हुए हवलदार की वर्दी पर लगा बॉडी कैमरा भी छीन लिया। इसकी जानकारी सेक्टर-56 थाना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मंगलवार देर को सेक्टर-57 एरिया में तेज आवाज में डीजे बजाए जाने की सूचना पुलिस कंट्रोल रूम को मिली थी।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)

(धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रिंकु पुत्र राजेन्द्र सिंह पता मकान नं. 2582, पुरानी हाउसी बोर्ड सोसाईटी सेक्टर–23, सोनीपत, हरियाणा ने ई–एफआईआर संख्या 4011/15 धारा 379/411/34 भा.द.स. के तहत** थानाः भजनपुरा, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **रिंकु** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **रिंकु** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **ई–एफआईआर संख्या 4011/15 धारा 379/411/34 भा.द.स. के तहत थाना भजनपुरा, दिल्ली के उक्त रिंकु** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **11.02.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
पंकज राय
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–01
कमरा नं. 73, पाँचवा तल, उ0पू0 जिला
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/11931/NE/2025

**उत्तर रेलवे**

**खुली ई–निविदा सूचना**

प्रमुख मुख्य विद्युत अभियंता/परियोजना/उ० रे०, अंबाला कैंट भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए रेलवे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर खुली ई–निविदा आमंत्रित करते हैं। निविदाकार अपना मूल/संशोधित प्रस्ताव निर्धारित समापन समय एवं तिथि तक प्रस्तुत कर सकते हैं। कोई भी निविदा मैन्युअल रूप से स्वीकार नहीं की जाएगी।


| निविदा संख्या एवं कार्य का विवरण | अनुमानित लागत/राशि (रू.मे) | बिड सिक्युरिटी/धरोहर राशि (रू.मे) | कार्य समापन अवधि (माह में) | निविदा प्रपत्र की लगत | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|
| NR-UMB-Proj-Civil-27206, रेल विद्युतिकरण के सम्बन्ध में रोहतक एवं ऋधमपुर में टॉवर वैगन साइडिंग पर पी वे (P-Way) का बकाया कार्य | 28.68 लाख | 57,400/- | 06 (Six) | कुछ नहीं (निल) | 03.11.2025 को 15:00 बजे तक |

निविदा दस्तावेज रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध हैं और इन्हें वहां से डाउनलोड किया जा सकता है। ई–टेंडरिंग के संबंध में बयाना राशि/धरोहर राशि जमा (बिड सिक्यूरिटी) केवल नेट बैंकिंग और भुगतान गेटवे के माध्यम से ही स्वीकार की जाएगी। सॉफ्टवेयर (आई.आर.ई.पी.एस.) में बैंक खाता संख्या और तकनीकी विवरण उपलब्ध कराए गए हैं, जिनके सम्बन्ध में योग्य निविदादाता स्वयं/फर्म को रजिस्टर्ड कर निविदा भरते समय उपयोग कर सकते है एवं जिन तक संभावित पंजीकृत निविदा कर्ताओं को निविदा के समय पहुंच होगी। **नोटः** अन्य सभी नियम और शर्तें, निविदा दस्तावेज में देखी जा सकती हैं और रेलवे की वेबसाइट यानी **www.ireps.gov.in**से डाउनलोड की जा सकती हैं।

**निविदा सूचना क्रमांक: NR/Proj/UMB/Civil/Advt-/02 तारीख: 03.10.2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3137/25

## शब्द पहेली - 6015



**बाएँ से दाए**


1. अत्यावश्यक-6
5. कारागार, जेल-4
8. पानी, नीर-2
9. मीन, मत्स्य-3
10. लक्ष्मी, कमला-2
11. कलाकार, फनकार-4
12. मर्द, मादा का विलोम-2
14. हसरत, मुराद-4
15. कैद में, अवरुद्ध, रुका-2
17. भूमि, धरती-3
19. मतवासा, मदहोश-4
21. फिल्मी दुनिया-3,3
24. दुर्भाग्यशाली-5
27. ठोकर लगना, भिड़ना-4
29. दौंडी पीटना-3
31. सांप, सर्प-2
32. दाल-4
33. हूर, अप्सरा-2
35. गाड़ी चलाने वाला-4
36. पिता का छोटा भाई-2
38. पुत्र, बेटा-3
39. टौंटी, नलका-2
40. ललचाना, तड़फाना-4
41. टाऊन हाल, नागरिक भवन-2,4

**ऊपर से नीचे**

1. ईश्वर, अनश्वर-3,3
2. तेलहन-2
3. सुखद वस्तु, वर देना-4
4. करधनी, कमर पेटी-5
5. गलीचा-3
6. दिन-2
7. समस्या का हल-4
11. धरोहर, थाती-4
13. मिट्टी, धूल-2
16. चमकना-4
18. वायुसेना का एक विमान-3
19. इतराना-4
20. परत-2
22. जाप करना-3
23. किवाड़, द्वार-2
25. उदाहरणतः-4
26. परवरिश-3,3
28. राग छेड़ना-5
29. भेंट, मेल-मिलाप-4
30. दिया, दीपक-2
32. औषधालय, दवाखाना-4
34. खाली होना-3
37. छोटी सवारी गाड़ी-2
39. नया, नवीन-2

**शब्द पहेली - 6014 का हल**










# बिहार विस चुनाव के पहले चरण के लिए नामांकन की प्रक्रिया शुरू

## निर्वाचन आयोग ने अधिसूचना जारी की, पहले दिन केवल दो ने नामांकन किया

भाषा ▶▶ पटना

बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए 121 सीटों पर नामांकन की प्रक्रिया शुक्रवार को शुरू हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पहले दिन केवल दो उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया, जिनमें से कोई भी किसी मान्यता प्राप्त दल से नहीं था। पहले चरण का मतदान छह नवंबर को होगा। राज्य में दूसरे और अंतिम चरण का मतदान 11 नवंबर को 122 विधानसभा सीटों पर होगा। मतगणना 14 नवंबर को की जाएगी। अधिसूचना के अनुसार, उम्मीदवार 17 अक्टूबर तक अपने नामांकन पत्र दाखिल कर सकते हैं, जबकि उनकी जांच अगले दिन की जाएगी। नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 20 अक्टूबर तय की गई है। निर्वाचन आयोग ने नामांकन केंद्रों के आसपास कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के लिए विशेष निर्देश जारी किए हैं। नामांकन परिसर के अंदर या आसपास भीड़भाड़ की अनुमति नहीं होगी।

■ केंद्रों के आसपास कड़ी सुरक्षा



बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के उम्मीदवार 17 अक्टूबर तक नामांकन पत्र दाखिल कर सकते हैं। अगले दिन नामांकन पत्रों की जांच होगी। आयोग ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

### पहले चरण के लिए मतदान छह नवंबर को होगा

पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी होगी



नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि 20 अक्टूबर

### कई दिग्गज नेताओं की साख दांव पर

पहले चरण के चुनाव में 18 जिलों की सीटें शामिल हैं। पहले चरण में गोपालगंज, सीवान, सारण, मुजफ्फरपुर, वैशाली, दरभंगा, समस्तीपुर, सहरसा, खगड़िया, बेगुसराय, मुंगेर, लखीसराय, शेखपुरा, नालंदा, पटना, भोजपुर और बक्सर जिलों में वोटिंग होगी। इन इलाकों में कई दिग्गज नेताओं की साख दांव पर है। पटना से लेकर बक्सर तक की सीटों पर एनडीए और इंडिया गठबंधन के बीच सीधा मुकाबला देखने को मिल सकता है। प्रशासन ने मतदान केंद्रों की तैयारियां तेज कर दी हैं, जबकि सुरक्षा बलों की तैनाती को लेकर प्लानिंग जारी है।

### राजग में सीट बंटवारे पर एक-दो दिन में सहमति

राज्य में सत्ता पर काबिज राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) और विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के घटक दलों ने अब तक अपने उम्मीदवारों की सूची जारी नहीं की है। दोनों गठबंधन सीट बंटवारे को लेकर अंदरूनी मतभेदों से जूझ रहे हैं, जहां छोटे सहयोगी दल अधिक सीटों की मांग कर रहे हैं। प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी ने बृहस्पतिवार को अपने 51 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी। सीट बंटवारे को लेकर राजग में जारी गतिरोध के बीच वरिष्ठ भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान शुक्रवार को पटना पहुंचे और पार्टी के शीर्ष नेताओं के साथ बैठकें करने वाले हैं। भाजपा सूत्रों के अनुसार, राजग में सीट बंटवारे पर अगले एक-दो दिन में सहमति बन जाएगी और उसके बाद पार्टी अपनी पहली सूची जारी करेगी। गठबंधन की एक अन्य प्रमुख सहयोगी पार्टी जद(यू) भी जल्द ही अपने उम्मीदवारों की सूची जारी करने की तैयारी में है। राजग के सूत्रों ने बताया कि जदयू और भाजपा 102 और 101 सीटों पर चुनाव लड़ सकती हैं।

### चिराग ने की अधिक सीट की मांग

केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास) जो पहले लगभग 20-22 सीटों पर सहमत हुई थी, अब 45 सीटों की मांग कर रही है। विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के 135-140 सीटों पर चुनाव लड़ने की संभावना जताई जा रही है। पार्टी ने कांग्रेस को 50-52 सीटें देने का प्रस्ताव दिया है, जबकि कांग्रेस इससे अधिक सीटों की मांग पर अड़ी हुई है। सूत्रों ने बताया कि राजद के वरिष्ठ नेताओं की बैठक शुक्रवार को पटना में हुई।



### प्रशांत किशोर से मिलीं भोजपुरी अभिनेता पवन सिंह की पत्नी ज्योति

पटना (भाषा)। भोजपुरी गायक और अभिनेता पवन सिंह की पत्नी ज्योति सिंह ने शुक्रवार को जनसुराज पार्टी के संस्थापक और राजनीतिक रणनीतिकार प्रशांत किशोर से शेखपुरा स्थित उनके आवास पर मुलाकात की। इस मुलाकात ने बिहार के राजनीतिक गलियारों में हलचल मचा दी, हालांकि ज्योति सिंह ने साफ किया कि उनका उद्देश्य चुनावी राजनीति से जुड़ा नहीं है।

### माकपा ने की बिहार में अपने दो मौजूदा विधायकों को फिर उम्मीदवार बनाने की घोषणा

पटना (भाषा)। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने कहा कि बिहार विधानसभा के उसके दो सदस्य अजय कुमार और सत्येंद्र यादव अपने वर्तमान क्षेत्र से ही चुनाव लड़ेंगे। कुमार समस्तीपुर की विभूतिपुर और यादव सारण जिले की मांझी से विधायक हैं। माकपा की राज्य समिति के सदस्य मनोज चंद्रवंशी ने बताया कि पार्टी के अन्य उम्मीदवारों के नाम महागठबंधन में सीट बंटवारे की प्रक्रिया पूरी होने के बाद घोषित किए जाएंगे। पार्टी महासचिव एमए बेबी की उपस्थिति में हुई राज्य समिति की बैठक में कुमार व यादव को फिर उम्मीदवार बनाने का निर्णय लिया गया।

## चरणबद्ध तरीके से एसआईआर की तैयारी

# अगले साल चुनावी राज्यों से हो सकती है शुरुआत



भाषा ▶▶ नई दिल्ली

निर्वाचन आयोग पूरे देश में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की कवायद को चरणबद्ध तरीके से शुरू कर सकता है और इसकी शुरुआत उन कुछ राज्यों से होगी जहां अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। साथ ही आयोग उन राज्यों में मतदाता सूची को दुरुस्त नहीं करेगा, जहां स्थानीय निकाय चुनाव हो रहे हैं या होने वाले हैं, क्योंकि जमीनी स्तर की चुनावी मशीनरी इसमें व्यस्त है और संभवतः एसआईआर पर ध्यान केंद्रित नहीं कर पाएगी। असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में विस चुनाव 2026 में होने हैं।

### 10 से 15 दिनों में एसआईआर लागू करने को तैयार रहें

अधिकारियों के अनुसार, आयोग के शीर्ष अधिकारियों ने इस महीने की शुरुआत में यहां एक सम्मेलन में राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) से अगले 10 से 15 दिनों में एसआईआर लागू करने के लिए तैयार रहने को कहा था। लेकिन अधिक स्पष्टता के लिए, मतदाता सूची को दुरुस्त करने के लिए तैयार रहने हेतु 30 सितंबर की समय सीमा तय की गई थी। इन चार राज्यों और केंद्रशासित प्रदेश पुडुचेरी के अलावा, पहले चरण में कुछ अन्य राज्यों में भी मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण कराया जा सकता है।

### आयोग आग से खेल रहा 'सर' से होंगे दंगे: ममता



नई दिल्ली(एजेंसी)। भाजपा ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी की टिप्पणी की आलोचना की और उन पर दंगे भड़काने की धमकी देने का आरोप लगाया। बेनर्जी ने तीखा हमला करते हुए आरोप लगाया था कि निर्वाचन आयोग के अधिकारी उनकी सरकार के अधिकारियों को 'धमका'रहे हैं और विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा से पहले ही 'राजनीतिक प्रभाव में काम' कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा मतदाता सूची के एसआईआर के नाम पर 'आग से खेल रही है' और चेताया कि मतदाता सूची के साथ छेड़छाड़ करने का कोई भी प्रयास 'लोकतंत्र के साथ विश्वासघात' के समान होगा। पात्रा ने आरोप लगाया कि बेनर्जी ने आदिवासी सांसद खगेन मुर्मू समेत भाजपा नेताओं पर हाल में हमले कराके बंगाल में दंगा शुरू कर दिया है।

## दलितों पर अत्याचार के प्रति आंखें मूंदे हैं पीएमः मल्लिकार्जुन खरगे

**नई दिल्ली (भाषा)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने दलितों के साथ अपराध की हालिया घटनाओं का उल्लेख करते हुए शुक्रवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस मामले में आंखें मूंदे हुए हैं। उन्होंने यह दावा भी किया कि दलितों पर अत्याचार के हालिया मामले आरएसएस-भाजपा की सामंतवादी सोच का नतीजा हैं। खरगे ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "नरेन्द्र मोदी जी, एनसीआरबी (राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो) की रिपोर्ट के अनुसार 2013 से 2023 के बीच दलितों के खिलाफ़ अपराध में 46 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। आदिवासियों के खिलाफ़ अपराध 91 प्रतिशत बढ़े हैं।""यह सिलसिला भारत के संविधान, सामाजिक न्याय और समानता के मूल सिद्धांतों पर सीधा हमला है। दलित, पिछड़े, आदिवासी और वंचित समाज को डराकर दबाने की यह राजनीति लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरा है।"

## केंद्र विपक्ष के बिना संयुक्त संसदीय समिति बनाने पर कर रहा विचार

**नई दिल्ली (हरिभूमि ब्यूरो)।** विपक्ष की ओर से अब तक उन तीन विधेयकों पर विचार करने के लिए संयुक्त संसदीय समिति में सदस्य नामित नहीं किए गए हैं, जिनमें जेल में बंद मंत्रियों की स्वचालित बर्खास्तगी का प्रावधान है। संसद के पिछले सत्र में ये बिल पेश किए गए थे। ऐसे में झल्ला कर केंद्र सरकार विभिन्न विकल्पों पर विचार कर रही है, जिनमें केवल एनडीए, छोटे दलों और निर्दलीय सांसदों को लेकर समिति बनाना भी शामिल है। विपक्षी सांसदों की नुमाइंदगी गौण हो जाएगी! सरकारी सूत्रों के मुताबिक, विपक्षी दलों को कई बार याद दिलाया गया, लेकिन उन्होंने अभी तक लोकसभा अध्यक्ष को यह नहीं बताया कि वे समिति में नाम भेजेंगे या उसका बहिष्कार करेंगे ! इस सूरत में लंबे समय से बेहद महत्वपूर्ण संसदीय समिति का गठन लटका हुआ है। 20 अगस्त को गृह मंत्री अमित शाह ने संविधान (126वां संशोधन) विधेयक, 2025, केंद्र शासित प्रदेश संशोधन विधेयक, 2025, और जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन संशोधन विधेयक, 2025 संसद में पेश किए थे। इन बिलों में प्रावधान है कि यदि प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री या राज्य मंत्री किसी अपराध में 30 दिन से अधिक हिरासत में रहते हैं और अपराध के लिए कम से कम 5 साल की सजा का प्रावधान है, तो उनकी सदस्यता समाप्त हो जाएगी। विपक्ष ने इन विधेयकों को "असंवैधानिक" करार दिया है।

### इंडिया गठबंधन में मतभेद

लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने संयुक्त संसदीय समिति बनाने की घोषणा की है, लेकिन इंडिया गठबंधन इस पर बंटा हुआ है। वामपंथी दल और कांग्रेस इसमें शामिल होने के पक्ष में बताए जाते हैं, जबकि तृणमूल कांग्रेस और समाजवादी पार्टी जैसी पार्टियाँ इसका बहिष्कार करने के मूड में हैं। तृणमूल ने साफ कहा कि वह समिति में कोई नाम नहीं भेजेगी और इसे "तमाशा" करार दिया। कांग्रेस, सपा और तृणमूल संसदीय दल को लोकसभा सचिवालय से हाल ही में एक और रिमाइंडर भेजा गया था।

## भाजपा ने जयराम रमेश को घेरा, गलत सूचना फैलाने का लगाया आरोप

**नई दिल्ली (ब्यूरो।** भाजपा ने शुक्रवार को कांग्रेस कांग्रेस पार्टी के संचार प्रमुख जयराम रमेश को घेरा। भाजपा सांसद और राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने शुक्रवार को पार्टी के संचार प्रमुख जयराम रमेश पर ₹सूचना युद्ध में पाकिस्तान को ऑक्सीजन देने₹ के लिए गलत सूचना फैलाने का आरोप लगाया। पात्रा ने आरोप लगाया कि कथित रूस-पाकिस्तान रक्षा सौदे पर रमेश का ट्वीट प्रमुख अंतरराष्ट्रीय शिखर सम्मेलनों से पहले भारत की छवि खराब करने के व्यापक प्रयास का हिस्सा था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता जयराम रमेश के 4 अक्टूबर के एक ट्वीट का हवाला दिया, जिसमें दावा किया गया था कि रूस और पाकिस्तान चीन निर्मित जेएफ-17 लड़ाकू विमानों के लिए आरडी-93एमए इंजन की आपूर्ति पर सहमत हुए हैं। उन्होंने कहा कि 4 अक्टूबर 2025 को कांग्रेस पार्टी के संचार प्रमुख जयराम रमेश ने एक ट्वीट किया। इस ट्वीट के ज़रिए कांग्रेस पार्टी ने प्रधानमंत्री मोदी को घेरने की कोशिश की और कहा कि रूस और पाकिस्तान के बीच एक समझौता हुआ है।




#*ऑफ़र चुनिंदा मॉडलों पर, स्टॉक रहने तक 22 सितंबर, 2025 से 22 अक्टूबर, 2025 तक मान्य है। नियम व शर्तें लागू। विस्तृत नियम व शर्तें www.domesticappliances.philips.co.in/pages/sone-pe-suhaga-tnc पर उपलब्ध हैं। सभी चित्र उदाहरण मात्र हैं। घंटों की गणना प्रतिदिन 8 घंटे के तौर पर की जाएगी।

ऑफर सभी प्रमुख इलेक्ट्रॉनिक्स स्टोर पर उपलब्ध है। croma Reliance digital
@philipshomelivingindia @philipshomelivingindia @smartcookingbyphilips www.domesticappliances.philips.co.in

**DEALERS KARNAL:** JEET & COMPANY- 9215336485; MANGLA AGENCY- 9996428837; MITTAL TRADERS- 9467568566; JANNAT- 9254156556; DIWAN ELECTRONICS- 9416002299; MADHAV EMPORIUM- 9813443978; KARUNAMAYI VENTURE- 7383476606; **PANIPAT:** B.D CONTRACTOR N SUPPLIERS- 9255110020; SUPER REFRIGERATION- 9255551100; BATRA RADIO & ELECTRIC CORPN.- 9896666589; JAIN ELECTRICALS- 9416019525; THE HOME SHOPEE- 9860133090; METCO RADIO- 9354910101; AP RETAIL- 8968180804; PREM CROCKERY- 9896402110; GOVIND ELECTRICALS- 9896012613; **SONIPAT:** GULSHAN STORE- 8529385294; ANAND ELECTRONICS- 9896262911; SETHI ELECTRONICS- 9215006555; SAGAR ELECTRONICS- 9813430208; MUNJAL ELECTRONICS- 8398962166; SHRI VARDHMAN TRADERS- 9416012093; SUDHIR ELECTRONICS- 7056717273; MADAN ELECTRONICS- 9991129143; CHIRAG ELECTRICALS- 7015020040.

## खबर संक्षेप

### एनटीपीसी के बिजलीघरों में तोशिबा की निगरानी प्रणाली



**नई दिल्ली।** तोशिबा एनर्जी सिस्टम्स एंड सॉल्यूशंस कॉरपोरेशन की भारतीय इकाई तोशिबा जेएसडब्ल्यू सार्वजनिक क्षेत्र की एनटीपीसी के बिजलीघरों में एआई आधारित निगरानी प्रणाली लगाएगी। कंपनी ने कहा कि इस अनुबंध के साथ एनटीपीसी के बिजलीघरों में निगरानी समाधान प्रणाली की पहली बार उपयोग होगा।

### पुंज लॉयड के परिसमापन की समयसीमा छह माह बढ़ी

**नई दिल्ली।** दिवाला न्यायाधिकरण एनसीएलटी ने इंजीनियरिंग और निर्माण कंपनी पुंज लॉयड की परिसमापन प्रक्रिया पूरी करने की समयसीमा छह महीने बढ़ाकर 12 मार्च, 2026 कर दी है। समय सीमा बढ़ाई है कि कर्ज में डूबी पुंज लॉयड वर्तमान में कईपरियोजनाओं पर काम कर रही है। इनमें से कुछ देश के विकास के लिए महत्वपूर्ण और अनिवार्य हैं।

### टाइड भारत में 6,000 करोड़ रुपए का करेगी निवेश

**मुंबई।** ब्रिटेन की व्यवसाय प्रबंध कंपनी टाइड 2026 से अगले पांच सालों में भारत में 50 करोड़ पाउंड (लगभग 6,000 करोड़ रुपये) का निवेश करेगी। वह अगले 12 महीनों में 800 से ज्यादा नई नौकरियां भी देगी। 2026 से अगले पांच वर्षों में 50 करोड़ पाउंड के निवेश के साथ, कंपनी भारत के प्रति अपनी दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को और मजबूत करेगी।

### डॉलर के मुकाबले रुपया 10 पैसे चढ़ 88.69 रुपए



**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में शुक्रवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया 10 पैसे बढ़कर 88.69 (अस्थायी) पर बंद हुआ। घरेलू बाजारों में मजबूती और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के कारण रुपये को समर्थन मिला। मजबूत घरेलू बाजारों और जिंसों की कीमत में आई गिरावट के कारण रुपये में यह तेजी आई।

### जेरोधा के कामत का नथिंग में 2.1 करोड़ डॉलर निवेश

**नई दिल्ली।** यूनिकॉर्न वेल्थ टेक कंपनी जेरोधा के सह-संस्थापक निखिल कामत ने स्मार्टफोन बनाने वाली कंपनी नथिंग में 2.1 करोड़ डॉलर का निवेश किया है। यह निवेश हाल ही में कंपनी द्वारा जुटाए गए 20 करोड़ डॉलर के कोष का हिस्सा है।कामत ने कहा कि यह निवेश कंपनी में 1.3 अरब डॉलर के मूल्यांकन पर किया गया है।

### ओयो की मूल कंपनी प्रिज्म ने शीर्ष नेतृत्व में फेरबदल बदला

**नई दिल्ली।** यात्रा प्रौद्योगिकी मंच ओयो की मूल कंपनी प्रिज्म ने शुक्रवार को अपने नेतृत्व दल में फेरबदल किया। अंकित टंडन को प्रिज्म का मुख्य परिचालन अधिकारी और यूरोप का सीईओ नियुक्त किया गया है। वरुण जैन को प्रिज्म का सीओओ (एशिया) नियुक्त किया गया है। टंडन इस समय ओयो वेकेशन होम्स के सीईओ हैं, जबकि जैन प्रिज्म के सीओओ (भारत) हैं। ओयो के अनुसार अपनी नयी भूमिका में अंकित दुनिया भर में प्रिज्म के व्यावसायिक प्रदर्शन और संचालन को देखेंगे। इसमें बेलविला, डैनसेंटर, संडे होटल्स और अन्य ब्रांड शामिल हैं।

# चांदी में बंपर तेजी से सिल्वर ईटीएफ में टूट पड़े निवेशक, प्रीमियम पर हो रही ट्रेडिंग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चांदी की कीमतों में तेजी जारी है। भारी मांग के चलते वैश्विक बाजारों में इसने 9 अक्टूबर को पहली बार 50 डॉलर का आंकड़ा पार किया। वहीं देश के अंदर कीमतें 1.63 लाख रुपए प्रति किलोग्राम तक पहुंच गईं।

- ईटीएफ अपने नेट एसेट वैल्यू से काफी ऊपर ट्रेड कर रहे

डिमांड में भारी बढ़ोतरी के कारण जो लोग अब तक चांदी से दूर रह रहे थे, वे अब चांदी के एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) में निवेश कर रहे हैं। इसकी वजह है कि सिल्वर ईटीएफ फिलहाल हाई प्रीमियम पर ट्रेड कर रहे हैं। सिल्वर ईटीएफ एक ऐसा फंड है, जो स्टॉक एक्सचेंज पर ट्रेड करता है और चांदी की फिजिकल फॉर्म या चांदी से संबंधित इंस्ट्रूमेंट्स में निवेश करता है। ईटीएफ की यूनिट्स को स्टॉक की तरह खरीदा और बेचा जाता है, और इनकी वैल्यू चांदी की कीमत के आधार पर घटती-बढ़ती रहती है।

**चांदी ने 9 अक्टूबर को पहली बार 50 डॉलर का आकंड़.किया पार**

#### ईटीएफ में 9 से 13 फीसदी तक उछाल

सेमको सिक्यूरिटी में मार्केट पर्सपेक्टिव्स एंड रिसर्च हेड अपूर्व शेठ का कहना है, एनएसई पर एसबीआई सिल्वर, एचडीएफसी सिल्वर और एक्सिस सिल्वर जैसे प्रमुख ईटीएफ 9-13 प्रतिशत तक बढ़ गए हैं। ये अपने नेट एसेट वैल्यू (नाऊ) से काफी ऊपर ट्रेड कर रहे हैं। एक ओर जहां ईटीएफ में तेजी देखी जा रही है, वहीं एमसीएक्स पर चांदी का दिसंबर वायदा भाव 0.6 प्रतिशत गिर गया है। यह इस बात को दर्शाता है कि बुनियादी बातों से नहीं, बल्कि भावनाओं से प्रेरित खुदरा उत्साह इस दौड़ को बढ़ावा दे रहा है।



#### ईटीएफ में निवेश का यह बेस्ट टाइम नहीं

शेठ ने निवेशकों को धैर्य रखने की सलाह दी है। उनके मुताबिक, प्रीमियम पर कारोबार कर रहे ईटीएफ में निवेश करने का यह बेस्ट टाइम नहीं है। कीमतों के कम होने या नाउ के बाजार के साथ तालमेल बिठाने का इंतजार करें। चांदी की लॉन्ग टर्म पोजिशन मजबूत बनी हुई है। कोटक म्यूचुअल फंड ने चांदी पर अपने लॉन्ग टर्म बुलिश आउटलुक की पुष्टि की है।

*तेज उछाल में फिजिकल सप्लाई कम हो जाती है : तेज उछाल के दौरान जब फिजिकल सप्लाई कम हो जाती है और मार्केट मेकर्स को चांदी जुटाने में मुश्किल होती है, तो ईटीएफ प्रीमियम पर ट्रेड करने लगते हैं। यह डिमांड-सप्लाई में अस्थायी असंतुलन दर्शाता है। लॉन्ग टर्म के लिए ईटीएफ प्रीमियम पर ट्रेड करें, ऐसा जरूरी नहीं है।*

#### शॉर्ट टर्म हो सकती है यह तेजी

यह फोमो यानि कि फियर ऑफ मिसिंग आउट खरीदारी का एक अच्छा उदाहरण है। शेठ के मुताबिक, निवेशक मौका गंवाना नहीं चाहते हैं, इसलिए वे सिल्वर ईटीएफ में निवेश कर रहे हैं। जबकि हाजिर बाजार संकेत दे रहा है कि तेजी शॉर्ट टर्म की है। लेकिन निवेशक इस बात को दरकिनार करते हुए मौका भुनाने की जुगत में हैं।

### इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी सचिव कृष्णन ने दी जानकारी

# भारत का अपना स्वदेशी एआई मॉडल फरवरी तक हो जाएगा तैयार : सचिव

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत का स्वदेशी रूप से विकसित किया जा रहा अपना कृत्रिम मेधा (एआई) मॉडल अगले साल फरवरी में होने वाले 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट' से पहले तैयार हो जाएगा। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी सचिव एस. कृष्णन ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

कृष्णन ने यहां आयोजित 'इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2025' को संबोधित करते हुए कहा कि एआई क्षेत्र में देर से प्रवेश करने के बावजूद भारत ने अपनी कंप्यूटिंग अवसंरचना को तेजी से बढ़ाया है और 10,000 जीपीयू (ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट) के लक्ष्य के मुकाबले 38,000 जीपीयू की तैनाती की है।

#### भारत आधारभूत मॉडल तैयार कर रहा

सचिव ने कहा, "भारत अपने आधारभूत मॉडल तैयार कर रहा है। वर्ष के अंत तक हमें अपना पहला पूरी तरह भारतीय आधारभूत मॉडल मिलने की उम्मीद है। इंडिया एआई समिट होने तक भारत का स्वायत्त मॉडल पेश कर देने की योजना है।"

**देश के भीतर स्थित सर्वरों पर संचालित होगा**



*स्वायत्त एआई मॉडल भारत में विकसित ऐसा स्वदेशी एआई तंत्र होगा जो पूरी तरह भारतीय डेटा पर प्रशिक्षित होगा और देश के भीतर स्थित सर्वरों पर ही संचालित किया जाएगा। सरकार ने 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' का आयोजन 19-20 फरवरी को करने की घोषणा की है।*



*विशिष्ट व छोटे एआई मॉडल पर जोर : कृष्णन ने कहा कि सरकार एआई के संभावित प्रभावों को लेकर सतर्क है और ऐसे मंच विकसित करना चाहती है जो समावेशी हों। सरकार क्षेत्र-विशिष्ट छोटे एआई मॉडल विकसित करने पर भी जोर दे रही है, ताकि प्रौद्योगिकी का लाभ उन क्षेत्रों तक भी पहुंचे जहां इसकी सबसे अधिक जरूरत है।*

- एआई मॉडल इंडिया इम्पैक्ट समिट से पहले तैयार हो जाएगा
- भारत ने अपनी कंप्यूटिंग अवसंरचना को तेजी से बढ़ाया है
- 10,000 जीपीयू के लक्ष्य के मुकाबले 38,000 जीपीयू की तैनाती की

#### सरकार लगातार कंप्यूटिंग क्षमता बढ़ा रही

सचिव ने कहा कि सरकार लगातार कंप्यूटिंग क्षमता बढ़ा रही है और भारतीय कंपनियों के लिए अधिक जीपीयू उपलब्ध कराएगी। स्वदेशी जीपीयू के विकास में प्रगति के बारे में पूछे जाने पर कृष्णन ने कहा कि यह 'इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन 2.0' के तहत सरकार के महत्वपूर्ण लक्ष्यों में से एक होगा, जिस पर वर्तमान में चर्चा चल रही है।

#### क्वांटम कंप्यूटिंग में सुरक्षा के लिए उठा रहे कदम : सेबी

पूंजी बाजार नियामक सेबी के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने कहा कि क्वांटम कंप्यूटिंग की शुरुआत से बड़ी सुरक्षा चुनौतियां उत्पन्न हो सकती हैं और नियामक इसे ध्यान में रखते हुए पहले से ही प्रणाली को सुरक्षित बनाने की तैयारी कर रहा है। पांडेय ने यहां आयोजित 'ग्लोबल फिनटेक फेस्ट' को संबोधित करते हुए कहा कि क्वांटम कंप्यूटिंग में ऐसी प्रौद्योगिकी क्षमता है जिससे पासवर्ड जैसे बेहद सुरक्षित माने जाने वाले सुरक्षा तंत्र भी खतरे में पड़ सकते हैं। ऐसे में जरूरी हो जाता है कि उद्योग समय रहते 'क्वांटम सुरक्षित' प्रणाली के लिए तैयार हो।

#### चार वर्षों में सुरक्षा ढांचे को सुदृढ़ किया जाएगा

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के प्रमुख ने कहा कि नियामक ने सभी विनियमित हितधारकों की 'क्वांटम के लिए तैयारी' सुनिश्चित करने के लिए एक कार्ययोजना तैयार की है। इस योजना के तहत तीन चरणों- खोज, तैयारी एवं क्रियान्वयन के जरिये अगले दो से चार वर्षों में सुरक्षा ढांचे को सुदृढ़ किया जाएगा। पांडेय ने कहा, "हम 2028 या 2029 को ध्यान में रखते हुए 'क्वांटम सेफ' कंप्यूटिंग को प्राथमिकता दे रहे हैं ताकि उद्योग क्वांटम-सुरक्षित क्रिप्टोग्राफी की दिशा में कदम बढ़ा सके।"

# संगठित स्वर्ण ऋण बाजार 15 लाख करोड़ रुपए तक पहुंचने का अनुमान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रेटिंग एजेंसी इक्रा ने कहा कि संगठित स्वर्ण ऋण बाजार मार्च 2026 तक 15 लाख करोड़ रुपये के आंकड़े तक पहुंच सकता है। पिछले अनुमान के मुताबिक इस स्तर पर मार्च 2027 तक पहुंचने की संभावना जतायी गयी थी।

इक्रा ने कहा कि बैंक अपनी अग्रणी स्थिति को काफी मजबूत कर रहे हैं और एनबीएफसी की तुलना में तेजी से बढ़ रहे हैं। रेटिंग एजेंसी ने सितंबर 2024 में अनुमान जताया था कि संगठित स्वर्ण ऋण बाजार मार्च 2027 तक 15 लाख करोड़ रुपये के आंकड़ों को छू सकता है।

इक्रा का अब अनुमान है कि वित्त वर्ष 2026-27 तक बाजार का आकार तेजी से बढ़कर 18 लाख करोड़ रुपये हो जाएगा। पूर्वानुमानों में यह संशोधन मुख्य रूप से सोने की कीमतों में लगातार वृद्धि के कारण हुआ है, जिसने नई ऊंचाइयों को छुआ है।




- इक्रा ने मार्च 2026 तक के लिए व्यक्त किया अनुमान
- बैंक अपनी अग्रणी स्थिति को काफी मजबूत कर रहे हैं

रेटिंग एजेंसी के मुताबिक बैंक अपनी प्रमुख स्थिति को मजबूत कर रहे हैं और वृद्धि में गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) से आगे निकल रहे हैं। इसके अनुसार मार्च 2025 तक बैंकों ने समग्र संगठित स्वर्ण ऋण पोर्टफोलियो में अपनी बाजार हिस्सेदारी बढ़ाकर 82 प्रतिशत कर ली है।

#### एयूएम 26 फीसदी की दर से बढ़ी

इक्रा के आंकड़ों के अनुसार, बैंकों की स्वर्ण ऋण प्रबंधन अधीन परिसंपत्ति (एयूएम) वित्त वर्ष 2019-20 और वित्त वर्ष 2024-25 के बीच लगभग 26 प्रतिशत की दर से बढ़ी, जो इसी अवधि के दौरान एनबीएफसी द्वारा दर्ज की गई 20 प्रतिशत की वृद्धि से अधिक है।

# शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन मजबूती, सेंसेक्स 329 अंक उछला



- दवा और बैंकिंग शेयरों में निकली खरीदारी
- विदेशी कोषों के समर्थन से बाजार में बढ़त रही

एजेंसी ▶▶| मुंबई

दवा कंपनियों और बैंकों के शेयरों में लिवाली और विदेशी कोषों के समर्थन से शुक्रवार को स्थानीय शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स लगभग 329 अंक चढ़ गया जबकि निफ्टी में 104 अंकों की तेजी रही।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 328.72 अंक यानी 0.40 प्रतिशत बढ़कर 82,500.82 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 482.01 अंक बढ़कर 82,654.11 के स्तर पर पहुंच गया था। सेंसेक्स की 30 में से 22 कंपनियों के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए जबकि आठ शेयरों में गिरावट दर्ज की गई। निफ्टी 103.55 अंक यानी 0.41 प्रतिशत बढ़कर 25,285.35 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 148.95 अंक बढ़कर 25,330.75 तक पहुंच गया था।

विश्लेषकों ने कहा कि इजराइल और हमास के बीच गाजा शांति योजना पर सहमति बनने से भू-राजनीतिक तनाव में कमी आने और भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की दिशा में सुधार के संकेतों से निवेशक धारणा को बल मिला। सेंसेक्स के समूह में भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के शेयर में सर्वाधिक 2.16 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई।

#### टाटा स्टील व टीसीएस में रही गिरावट

दूसरी तरफ, टाटा स्टील, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), टेक महिंद्रा, टाइटन, बजाज फिनसर्व, टाटा मोटर्स, भारती एयरटेल और बजाज फाइनेंस के शेयरों में गिरावट रही।

### टाटा स्टील का कच्चे इस्पात का उत्पादन 7 प्रतिशत बढ़ा...



**नई दिल्ली।** प्रमुख इस्पात कंपनी टाटा स्टील का चालू वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में भारत में कच्चे इस्पात का उत्पादन सात प्रतिशत बढ़कर 56.7 लाख टन हो गया। झारखंड के जमशेदपुर में ब्लास्ट फर्नेस की 'रीलाइनिंग' के पूरा होने के बाद परिचालन सामान्य होने की वजह से कंपनी के उत्पादन में बढ़ोतरी हुई है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि चालू वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी (जुलाई) तिमाही में टाटा स्टील इंडिया का कच्चा इस्पात उत्पादन 56.7 लाख टन रहा। तिमाही आधार पर उत्पादन में आठ प्रतिशत और सालाना आधार पर सात प्रतिशत की वृद्धि हुई। इसमें कहा गया कि चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही के दौरान टाटा स्टील इंडिया की बिक्री बढ़कर 55.6 लाख टन हो गई, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 51.1 लाख टन थी।

# टीसीएस ने लंदन में एआई हब डिजाइन स्टूडियो किया पेश

- ब्रिटेन में तीन साल में मिलेंगी 5,000 नौकरियां

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने शुक्रवार को लंदन में एक कृत्रिम मेधा (एआई) अनुभव क्षेत्र और डिजाइन स्टूडियो पेश करने की घोषणा की। कंपनी ने साथ ही कहा कि ब्रिटेन में उसके निवेश से अगले तीन वर्षों में 5,000 रोजगार के नये अवसर तैयार होंगे। टीसीएस इस समय ब्रिटेन में 42,000 से अधिक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार देती है। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि वित्त वर्ष 2023-24 में उसने ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था में 3.3 अरब पाउंड का योगदान दिया।



*लंदन में दूसरा केंद्र सितंबर में पेश किए गए न्यूयॉर्क डिजाइन स्टूडियो के बाद, लंदन स्टूडियो टीसीएस का दूसरा डिजाइन केंद्र है। ब्रिटेन और आयरलैंड के लिए टीसीएस के प्रमुख विनय सिंघवी ने कहा कि ब्रिटेन वैश्विक स्तर पर टीसीएस का दूसरा सबसे बड़ा बाजार है और कंपनी पूरे देश में अपनी उपस्थिति बढ़ाना जारी रखेगी।*

# जुबिलेंट फार्मा की शाखा 2027-28 तक अमेरिका में

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जुबिलेंट फार्मा लिमिटेड की एक शाखा जुबिलेंट हॉलिस्टरस्टियर एलएलसी वित्त वर्ष 2027-28 तक अमेरिका में अपनी स्टेराइल इंजेक्टेबल उत्पादन क्षमता को दोगुना करने के लिए 30 करोड़ अमेरिकी डॉलर का निवेश करेगी।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के फार्मा उत्पादों पर भारी शुल्क लगाने के चलते कंपनी ने अपनी मूल निवेश योजनाओं को तेज किया है। जुबिलेंट हॉलिस्टरस्टियर के सीईओ (सीडीएमओ स्टेराइल इंजेक्टेबल्स) क्रिस प्रेटी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। प्रेटी ने बताया कि कंपनी ने वाशिंगटन के स्पोकेन में स्थित अपने विनिर्माण संयंत्र में तीसरी उत्पादन श्रृंखला की स्थापना 13.2 करोड़ अमेरिकी डॉलर के निवेश से की है। उन्होंने कहा, ''स्पोकेन संयंत्र में हमारा कुल निवेश लगभग 30 करोड़ अमेरिकी डॉलर है।''



- कंपनी 30 करोड़ डॉलर का करेगी निवेश
- कंपनी ने अपनी मूल निवेश योजनाओं को तेज किया

*50 प्रतिशत अतिरिक्त उत्पादन क्षमता मिलेगी : प्रेटी ने आगे कहा, ''कुल 30 करोड़ अमेरिकी डॉलर का यह अतिरिक्त निवेश वित्त वर्ष 2027-28 के अंत तक पूरा हो जाएगा, जिससे 50 प्रतिशत अतिरिक्त उत्पादन क्षमता मिलेगी। कंपनी की वर्तमान क्षमता के बारे में उन्होंने कहा कि फिलहाल हम सालाना लगभग पांच करोड़ शीशियों का उत्पादन करते हैं और इन दोनों विस्तारों के पूरा होने के बाद क्षमता बढ़कर 10 करोड़ शीशियों की हो जाएगी।*


# इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश सितंबर में नौ प्रतिशत घटा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश सितंबर में नौ प्रतिशत घटकर 30,421 करोड़ रुपये रहा। भारतीय म्यूचुअल फंड संघ (एम्फी) के शुक्रवार को जारी आंकड़े के अनुसार निवेश में लगातार दूसरे महीने गिरावट आई है। इसके बावजूद यह लगातार 55वां महीना है जब इक्विटी खंड में शुद्ध रूप से निवेश बढ़ा है।

आंकड़ों के अनुसार, इक्विटी वाले म्यूचुअल फंड में सितंबर में 30,421 करोड़ रुपये का निवेश हुआ, जो अगस्त के 33,430 करोड़ रुपये और जुलाई के 42,702 करोड़ रुपये से काफी कम है। इक्विटी फंड श्रेणियों में, सबसे अधिक योगदान फ्लेक्सी कैप फंड्स का 7,029 करोड़ रुपये रहा। इसके बाद मिड कैप फंड ने 5,085 करोड़ रुपये और स्मॉल कैप फंड ने 4,363 करोड़ रुपये का योगदान किया।

लार्ज कैप फंड में 2,319 करोड़ रुपये आए। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के वरिष्ठ विश्लेषक (प्रबंधक अनुसंधान) नेहल मेश्राम ने कहा कि दो महीनों के असाधारण रूप से मजबूत निवेश के बाद यह गिरावट संरचनात्मक के बजाय चक्रीय लगती है। इक्विरस वेल्थ के प्रबंध निदेशक और व्यवसाय प्रमुख अंकुर पुंज ने इस गिरावट के लिए भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं को जिम्मेदार ठहराया। इस बीच, व्यवस्थित निवेश योजनाएं (एसआईपी) म्यूचुअल फंडों के लिए एक स्थिर निवेश माध्यम के रूप में बनी हुई है।




- एम्फी ने जारी किए सितंबर माह के लिए आंकडे
- निवेश में 30,421 करोड़ रुपए रहा

### यात्रा मंच इक्सिगो 10 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी बेचेगा

**नई दिल्ली।** यात्रा मंच इक्सिगो ने शुक्रवार को कहा कि वह इक्विटी शेयरों के तरजीही निर्गम के जरिये वैश्विक प्रौद्योगिकी निवेशक प्रोसस से 1,296 करोड़ रुपये जुटाएगा। इक्सिगो (ले ट्रैवेन्यूज़ टेक्नोलॉजी लिमिटेड) ने शेयर बाजार को बताया कि वह 1,295.56 करोड़ रुपये में प्रोसस (एमआईएच इन्वेस्टमेंट्स वन बी.वी.) को 10.1 प्रतिशत हिस्सेदारी बेच रहा है। दी गई जानकारी के मुताबिक इक्सिगो के निदेशक मंडल ने 1,295.56 करोड़ रुपये में 4,62,70,092 इक्विटी शेयर जारी करने को मंजूरी दी है। यह संख्या कंपनी की चुकता इक्विटी शेयर पूंजी का 10.1 प्रतिशत है।

### ट्रस्ट में जारी खींचतान के बीच उठी सूचीबद्ध करने की मांग

# टाटा संस को सूचीबद्ध करना जरूरी : शापूरजी मिस्त्री

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टाटा ट्रस्ट के भीतर जारी खींचतान के बीच शापूरजी पलोनजी समूह के चेयरमैन शापूरजी पलोनजी मिस्त्री ने शुक्रवार को टाटा समूह की मूल कंपनी टाटा संस को शेयर बाजार में सूचीबद्ध किए जाने की मांग दोहराई।

- मूल कंपनी टाटा संस में टाटा ट्रस्ट के पास 66 प्रतिशत हिस्सेदारी

मिस्त्री का यह बयान ऐसे समय में आया है जब टाटा समूह की कंपनियों का नियंत्रण करने वाले ट्रस्ट के विभिन्न ट्रस्टी के बीच विवाद चल रहा है। मिस्त्री ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने टाटा संस को 30 सितंबर, 2025 तक ऊपरी स्तर के वर्गीकरण में सूचीबद्ध करने की समयसीमा तय की थी।

#### निर्देश को गंभीरता से देखे जाने की जरूरत

मिस्त्री ने इस निर्देश को गंभीरता और नियामकीय प्रतिबद्धताओं के सम्मान के साथ देखे जाने की जरूरत बताई। मिस्त्री के मुताबिक, आरबीआई का पैमाना-आधारित नियामकीय ढांचा यह स्पष्ट करता है कि एक गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) को अपने निवेशकों के हितों के लिए हानिकारक ढंग से काम नहीं करना चाहिए।

*आरबीआई सार्वजनिक हित में निर्णय लेगी : मिस्त्री ने कहा कि आरबीआई एक संवैधानिक एवं स्वायत्त संस्था है और यह समानता, न्याय और सार्वजनिक हित के सिद्धांतों के आधार पर निर्णय लेगी। टाटा संस का सार्वजनिक सूचीकरण केवल वित्तीय कदम नहीं, बल्कि नैतिक और सामाजिक अपरिहार्यता भी है।*

#### पलोनजी परिवार के पास 18.37 फीसदी हिस्सेदारी

टाटा संस में शापूर पलोनजी परिवार के पास करीब 18.37 प्रतिशत हिस्सेदारी है। समूह टाटा संस में अपनी हिस्सेदारी को बेचकर अपने कर्जों का निपटान करना चाहता है। वहीं टाटा समूह की प्रवर्तक एवं मूल कंपनी टाटा संस में टाटा ट्रस्ट के पास 66 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

#### लोगों के बीच विश्वास मजबूत होगा

मिस्त्री ने कहा कि शापूरजी पलोनजी समूह हमेशा से ही टाटा संस के सार्वजनिक सूचीकरण का समर्थन करता आया है। मिस्त्री ने कहा, "हमारा दृढ़ मत है कि इस प्रतिष्ठित संस्था की बाजार सूचीबद्धता न केवल इसके संस्थापक जमशेदजी टाटा द्वारा स्थापित पारदर्शिता की भावना को बनाए रखेगी, बल्कि इससे कर्मचारियों, निवेशकों एवं भारत के लोगों के बीच विश्वास भी मजबूत होगा।"

# गेंदबाज छाए, न्यूजीलैंड ने बांग्लादेश को 100 रन से रौंदा

एजेंसी ▶▶| गुवाहाटी

ब्रुक हॉलिडे और कप्तान सोफी डिवाइन के जुझारू अर्धशतकों के बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत न्यूजीलैंड ने शुक्रवार को यहां महिला विश्व कप मैच में बांग्लादेश को 100 रनों से आसानी से हरा दिया। डिवाइन (63) और हॉलिडे (69) ने खराब शुरुआत के बाद चौथे विकेट के लिए 112 रनों की साझेदारी कर न्यूजीलैंड को नौ विकेट पर 227 रन के स्कोर तक पहुंचाया इसके बाद गेंदबाजों ने बांग्लादेश की पारी को 39.5 ओवर में 127 रन पर समेट दिया। बांग्लादेश के लिए फाहिमा खातून ने सबसे ज्यादा 34 रन बनाये। न्यूजीलैंड के लिए जेस केर और लिय तहुहु ने तीन-तीन विकेट लिए।

## महिला वनडे विश्व कप



लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश की शुरुआत काफी खराब रही। टीम नियमित अंतराल पर विकेट गंवाते रही जिससे 14वें ओवर तक उसका स्कोर पांच विकेट पर 30 रन हो गया। रुबया हैदर, शर्मीन अख्तर, कप्तान निगार सुल्ताना, शोभना मोस्तारी, सुमैया अख्तर और शोर्ना अख्तर जैसे बल्लेबाज गेंदबाजों का सामना करने में नाकाम रहे और टीम ने 33 रन तक छह विकेट गंवा दिये। बांग्लादेश की पारी की सबसे बड़ी साझेदारी फहिमा खातून (34) और राबिया खान (25) ने की, जिन्होंने आठवें विकेट के लिए 44 रन जोड़े।

### रोजमेरी मेयर ने दो विकेट लिए

बांग्लादेश के लिए दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी खातून और नाहिदा अख्तर (17) के बीच सातवें विकेट के लिए 33 रन जोड़े। न्यूज़ीलैंड की ओर से तेज़ गेंदबाज़ जेस केर और लिया तहुहू ने तीन-तीन जबकि रोजमेरी मेयर ने दो विकेट लिये। पहले बल्लेबाजी का फैसला करने के बाद न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 10.5 ओवर में 38 के स्कोर पर अपने पहले तीन विकेट जॉर्जिया प्लिमर (चार), सूजी बेट्स (29) और अमेलिया केर के रूप में गंवा दिए। प्लिमर नौवें ओवर में लेग स्पिनर राबिया (30 रन पर तीन विकेट) की गेंद पर विकेटकीपर सुल्ताना को कैच देकर आउट हुई। एक गेंद बाद बेट्स रन आउट हो गईं। राबिया ने इसके बाद केर को बोल्ड किया। डिवाइन और हॉलिडे ने सतर्कता से पारी को संभाला। हॉलिडे ने ऑफ स्पिनर निशिता की गेंद पर मिड-ऑन के ऊपर से चौका लगाकर शानदार अंदाज में अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने अर्धशतक पूरा करने के बाद आक्रामक रुख अपनाते हुए लेग स्पिनर शोर्ना अख्तर के खिलाफ छक्का जड़ा। उन्होंने 104 गेंद की पारी में पांच चौके और एक छक्का लगाया। डिवाइन की संयमित और सतर्क पारी का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि उन्होंने 38वें ओवर में अपना पहला चौका लगाया।

## जीत की हैट्रिक पूरी करने उतरेगा इंग्लैंड



कोलंबो(एजेंसी)। चार बार की चैंपियन इंग्लैंड की टीम अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखकर शनिवार को महिला एक दिवसीय विश्व कप के मैच में जीत की हैट्रिक पूरी करने के उद्देश्य से मैदान पर उतरेगी जबकि मेजबान श्रीलंका की नजरें परिस्थितियों से परिचित होने पर टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज करने पर लगी होंगी। इंग्लैंड ने अपने पहले दो मैच में दक्षिण अफ्रीका और बांग्लादेश को हराया। बांग्लादेश के खिलाफ वह एक समय वह मुश्किल स्थिति में दिख रहा था लेकिन 179 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 78 रन पर आधी टीम गंवाने के बावजूद हीथर नाइट के नाबाद 79 रन की बदौलत उसकी टीम जीत दर्ज करने में सफल रही। इंग्लैंड की बल्लेबाजी की गहराई और अनुभव एक बार फिर चार विकेट की जीत में निर्णायक साबित हुए, हालांकि कप्तान नैट साइवर-ब्रंट ने स्वीकार किया कि टीम मुश्किल परिस्थितियों में पड़े बिना जीत हासिल करना चाहती थी।

**आज से जोहोर कपः भारत और ब्रिटेन में पहला मुकाबला :** जोहोर बाहरु। भारतीय जूनियर हॉकी टीम शनिवार से शुरू होने वाले सुल्तान जोहोर कप में दमदार प्रदर्शन करके आगामी जूनियर विश्व कप के लिए अपनी तैयारी को पुख्ता अंजाम देने की कोशिश करेगी।


**गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार**

(राज्य विधायिका अधिनियम 17 ऑफ 1995 द्वारा स्थापित)
'ए' ग्रेड, एनएएसी प्रमाणित

**निविदा सूचना**

डीन छात्र कल्याण, गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार 7 से 9 नवम्बर 2025 तक विश्वविद्यालय युवा उत्सव-2025 के लिए टेंटेज, लाइट एंड साउंड और सिक्योरिटी उपकरण इत्यादि को किराये पर लेने हेतु उद्धरण आमंत्रित करते हैं। निविदा सूचना में विवरण हेतु विश्वविद्यालय वेबसाइट **https://gjust.ac.in** पर पधारें। उद्धरण 23.10.2025 तक जमा करें।

संवाद-1237/11/155/2026/39407/सी/88/6 दि. 10.10.25 — **डीन छात्र कल्याण**



**SBI**
भारतीय स्टेट बैंक
केन्द्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कॉरपोरेट केंद्र, मुंबई
फोन: 022-22820427

आवेदन के लिए क्यूआर स्कैन करें

**नियमित आधार पर विशेषज्ञ संवर्ग अधिकारियों की भर्ती**

नियमित आधार पर निम्नलिखित पद के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

**विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2025-26/12 (नियमित पद)**

| अनु क्र. | पद का नाम | रिक्तिया | श्रेणी | अधिकतम आयु (कट ऑफ 01.08.2025) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | उप प्रबंधक (अर्थशास्त्री) | 03 | एमएमजीएस-II | 30 |

**विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2025-26/14 (नियमित पद)**

| अनु क्र. | पद का नाम | रिक्तिया | श्रेणी | अधिकतम आयु (कट ऑफ 01.08.2025) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सहायक महाप्रबंधक - (उत्पाद एवं अनुसंधान-विदेशी मुद्रा एवं रुपया डेरिवेटिव्स) | 01 | एसएमजीएस-V | 45 |
| 2 | प्रबंधक - (उत्पाद एवं अनुसंधान- विदेशी मुद्रा एवं रुपया डेरिवेटिव्स) | 02 | एमएमजीएस-III | 36 |
| 3 | प्रबंधक - (अनुसंधान विश्लेषक) | 04 | एमएमजीएस-III | 36 |

पात्रता मानदंड (आयु, अनुभव, जॉब प्रोफाइल आदि), रिक्ति विवरण, आवश्यक शुल्क एवं अन्य विवरण के लिए बैंक की वेबसाइट **https://sbi.bank.in/web/careers/current-openings** पर लॉग ऑन करें, जहाँ आवेदन तथा आवेदन शुल्क ऑनलाइन जमा किया जा सकता है. आवेदन करने और शुल्क भेजने से पहले अपनी पात्रता सुनिश्चित करने एवं अन्य विवरणों के लिए विस्तृत विज्ञापन पढ़ें. कोई अन्य पूछताछ करने के लिए कृपया **"CONTACT US"→ "Post Your Query"** लिंक के माध्यम से हमें लिखें, जो बैंक की अधिकृत वेबसाइट **(https://sbi.bank.in/web/careers/post-your-query)** पर उपलब्ध है.

- **आवेदन ऑनलाइन जमा करने और शुल्क का भुगतान करने की तिथि : 08.10.2025 से 28.10.2025 तक.**

**स्थान:** मुंबई
**दिनांक:** 08.10.2025 — **महाप्रबंधक (आरपी एंड पीएम)**


# भारत के नाम रहा दिल्ली टेस्ट का पहला दिन, जायसवाल 173 रन बनाकर नाबाद

## टीम इंडिया ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले दिन 2 विकेट पर बनाए 318 रन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने अपने टेस्ट करियर का सातवां शतक जड़ा जबकि साई सुदर्शन ने भी अपने कौशल का अच्छा नमूना पेश करके टीम में अपनी उपयोगिता साबित की, जिससे भारत ने वेस्टइंडीज के आक्रमण की धज्जियां उड़ाते हुए दूसरे एवं अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच के पहले दिन शुक्रवार को दो विकेट पर 318 रन बनाए। शुभमन गिल ने कप्तान के रूप में पहली बार टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी का फैसला किया, जिसका जायसवाल ने पूरा फायदा उठाया। पहले टेस्ट में बड़ा स्कोर बनाने से चूकने वाले जायसवाल दूसरे मौके को हाथ से जाने देने के मूड में नहीं थे और उन्होंने कुछ आकर्षक शॉट लगाए। वह 253 गेंदों पर 22 चौकों की मदद से 173 रन बनाकर खेल रहे हैं।



### जायसवाल ने की विलियमसन और लाबुशेन की बराबरी

यशस्वी जायसवाल ने दिल्ली टेस्ट में अपना 7वां शतक लगाया तो वहीं जब उन्होंने अपनी पारी में 150 रनों का आंकड़ा पूरा किया तो उसी के साथ वह वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के इतिहास में सबसे ज्यादा बार एक पारी में 150 या उससे अधिक रन बनाने के मामले में केन विलियमसन और मार्नश लाबुशेन के बराबर संयुक्त रूप से दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। जायसवाल की ये डब्ल्यूटीसी के इतिहास में 5वीं 150 या उससे अधिक रनों की पारी थी। इस मामले में पहले नंबर पर जो रूट काबिज है, जिन्होंने अब तक वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में 8 बार एक पारी में 150 प्लस रनों की पारी खेली है।

### शतक से चूके सुदर्शन, खेली 87 रन की पारी

सुदर्शन हालांकि अपना पहला टेस्ट शतक पूरा नहीं कर पाए। उन्होंने 165 गेंद का सामना करके 87 रन बनाए जिसमें 12 चौके शामिल हैं। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज का यह सर्वोच्च टेस्ट स्कोर है। सुदर्शन और जायसवाल ने दूसरे विकेट के लिए 193 रन जोड़कर वेस्टइंडीज के कमजोर आक्रमण की कलई खोलने में कोई कसर नहीं छोड़ी। दिन का खेल समाप्त होने के समय जायसवाल के साथ कप्तान शुभमन गिल 20 रन बनाकर खेल रहे थे।

## एसीसी ऑफिस में बंद एशिया कप ट्रॉफी पीसीबी चीफ नकवी ने दिए सख्त निर्देश

एजेंसी ▶▶| लाहौर

एशिया कप ट्रॉफी को लेकर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब कहा जा रहा है कि एशिया कप ट्रॉफी को एशियाई क्रिकेट परिषद के दुबई स्थित मुख्यालय में बंद कर दिया गया है। एसीसी प्रमुख मोहसिन नकवी ने निर्देश दिया है कि उनकी मंजूरी के बिना इसे स्थानांतरित या भारत को नहीं सौंपा जाना चाहिए। बता दें कि भारतीय टीम ने एशिया कप जीतने के बाद नकवी के हाथों ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया था। इसके बाद नकवी इसे अपने साथ ले गए थे और तभी से ये ट्रॉफी एसीसी कार्यालय में है। भारत ने 28 सितंबर को दुबई में एशिया कप फाइनल में पाकिस्तान को हराया था। मोहसिन नकवी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष और अपने देश के गृह मंत्री भी हैं।

**क्लच शतरंज**

## घड़ी पर नजर रखना भूले आनंद, गैरी बढ़त की ओर




सेंट लुई। भारतीय दिग्गज विश्वनाथन आनंद ने अपने चिर प्रतिद्वंद्वी गैरी कास्पारोव के खिलाफ कुछ महत्वपूर्ण मौके गंवाए, जिससे रूसी दिग्गज ने क्लच शतरंज लीजेंड्स में अपने बहुचर्चित मुकाबले के अंतिम दिन से पहले दो जीत और इतने ही ड्रॉ के साथ अपनी बढ़त पांच अंक तक पहुंचा दी। कास्पारोव भाग्यशाली रहे जो वह पहली बाजी जीतने में सफल रहे क्योंकि तब आनंद जीत की स्थिति में थे लेकिन वह घड़ी पर नजर रखना भूल गए, जिसका उन्हें खामियाजा भुगतना पड़ा। दिन के दो ब्लिट्ज गेम में कास्पारोव ने फिर से पहला गेम जीत लिया और 144,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि वाली प्रतियोगिता के अंतिम दिन से पहले 8.5-3.5 से आगे हो गए। यह मुकाबला 12 बाजियों का है और इसमें अभी चार बाजियां खेली जानी बाकी हैं। आनंद के पास अब भी चैंपियन बनने का मौका है क्योंकि अंतिम दिन प्रत्येक बाजी में जीत हासिल करने वाले खिलाड़ी को तीन अंक मिलेंगे जबकि बाजी ड्रॉ होने पर अंक बंट जाएंगे।
दूसरा गेम संघर्ष के बाद रहा ड्रॉ आनंद ने मैच के बाद कहा, 'पहले गेम में एक समय मेरे पास एक मिनट 26 सेकंड थे और फिर मुझे नहीं पता। मुझे दोबारा घड़ी देखनी चाहिए थी। मैं पूरी तरह से भूल गया।' दूसरा गेम कड़े संघर्ष के बाद ड्रॉ रहा, लेकिन आनंद तीसरा गेम भी हार गए। इस दिन प्रत्येक जीत दो अंकों के बराबर थी, जिससे कास्पारोव को पांच अंकों की बढ़त मिल गई।

## वुहान ओपन में लगातार 20वीं बार जीती सबालेंका



**वुहान।** एरिना सबालेंका ने वुहान में अपनी जीत का सिलसिला 20 मैचों तक बढ़ाते हुए आठवीं वरीयता प्राप्त एलेना रयबाकिना को 6-3, 6-3 से हराकर डब्ल्यूटीए 1000-स्तरीय टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अमेरिकी ओपन चैंपियन ने 2018, 2019 और पिछले साल चीन के इस शहर में वापसी पर वुहान ओपन का खिताब जीता था।

शीर्ष रैंकिंग वाली सबालेंका ने एक घंटे 25 मिनट तक चले मैच में तीन बार रयबाकिना की सर्विस तोड़ी और इस सत्र में 11वीं बार सेमीफाइनल में प्रवेश किया।


**उद्यान विभाग, हरियाणा**
**पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र, मुनिमपुर (झज्जर)-124105**
**ई-मेलः Coemunimpur@gmail.com**

**स्टेशनरी सामान की व्यवस्था हेतु कुटेशन आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र, मुनीमपुर, झज्जर पर वर्ष 2025-26 में किसानों के लिए पांच दिवसीय बागवानी प्रशिक्षण कार्यकम करवाये जाने हैं। इन पांच दिवसीय प्रशिक्षणों में प्रदेश से प्रगतिशील किसानों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इन प्रशिक्षणों में किसानों के लिए स्टेशनरी सामान की व्यवस्था केन्द्र पर करने हेतु तक बाजार से केन्द्र पर, कुटेशन आमंत्रित की जाती हैं।

| Sr. No. | Items | Specifications | Qty. | Rate per pes. Including all charges |
|---|---|---|---|---|
| 1- | Folder | A4 plastic button folder, thickness 150 to 200 gsm & name & address of CoE Munimpur to be pasted on the folder. | 50 | |
| 2- | Pen | Ball Point Blue Pen | 50 | |
| 3- | Writing Pad | 80 to 100 ruled white pages | 50 | |
| 4- | certificate | 1-A4 (210mm X 297mm) 2- 250gsm art card. 3- Single side print. | 50 | |
| 5- | Bag | PVC coated nylon backpack bags with 3 compartments & top handle with padding | 50 | |

इच्छुक फर्म अपनी कुटेशन अपनी फर्म के लेटर हैड पर दिनांक 21.10.2025 तक सांय 02:00 बजे तक कार्यालय में दस्ती तौर/पोस्ट / कुरियर के माध्यम से जमा करवा सकते हैं। केन्द्र की आकलन कमेटी के द्वारा आकलन करने उपरान्त सबसे कम मूल्य दर वाली कुटेशन को सक्षम प्राधिकारी द्वारा स्वीकृत किया जाएगा। कुटेशन को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने के सभी अधिकार आकलन कमेटी के पास होंगे। इस संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए डॉ. हेमन्त (Mob no.8683801977) पर संपर्क कर सकते हैं।

**हस्ता/-विषय वस्तु विशेषज्ञ,**
**पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र,**
**मुनीमपुर, झज्जर।**

पीआरडीएच-1149/11/955/2026/39382/88/6 दि. 10.10.2025



**उद्यान विभाग, हरियाणा**
**पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र, मुनिमपुर (झज्जर)-124105**
**ई-मेलः Coemunimpur@gmail.com**

**बागवानी औजारों की व्यवस्था हेतु कुटेशन आमंत्रण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द, मुनीमपुर, झज्जर पर वर्ष 2025-26 में किसानों के लिए पाँच दिवसीय बागवानी प्रशिक्षण कार्यक्रम करवाये जाने है। इन पाँच दिवसीय प्रशिक्षणों में प्रदेश से प्रगतिशील किसानों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इन प्रशिक्षणों में किसानों के लिए बागवानी औजारों की व्यवस्था केन्द्र पर खुले बाजार से कुटेशन आमंत्रित की जाती हैं।

| Tool kit Items | Specifications | Qty. | Rate per pes. Including all charges |
|---|---|---|---|
| Tasla (तसला) Hand Pressure | Heavy duty Plastic tasla of capacity 15 kg. | 50 | |
| Sprayer | Plastic, Hand pushed, Capacity 2 liters with adjustable nozzle | 50 | |
| Trowel (खुरपा) | Made of Cast Iron with Plastic handle | 50 | |
| Sickle (दराती) | High Carbon Steel Blade with wooden handle | 50 | |
| Watering Can | Heavy duty plastic can of capacity 5 ltr. | 50 | |

इच्छुक फर्म अपनी कुटेशन अपनी फर्म के लेटर हैड पर दिनांक 21.10.2025 तक सांय 02:00 बजे तक कार्यालय में दस्ती तौर/पोस्ट / कुरियर के माध्यम से जमा करवा सकते हैं। केन्द्र की आकलन कमेटी के द्वारा आकलन करने उपरान्त सबसे कम मूल्य दर वाली कुटेशन को सक्षम प्राधिकारी द्वारा स्वीकृत किया जाएगा। कुटेशन को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने के सभी अधिकार आकलन कमेटी के पास होंगे। इस संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए डॉ. हेमन्त (Mob no.8683801977) पर संपर्क कर सकते हैं।

**हस्ता/-विषय वस्तु विशेषज्ञ,**
**पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र,**
**मुनीमपुर, झज्जर।**

पीआरडीएच-1149/11/954/2026/39381/88/6 दि. 10.10.2025



**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय,सोनीपत।**

**DD.NO.19 दिनांक 09.10.2025 धारा 194 बी.एन.एस. एस. थाना सदर सोनीपत जिला सोनीपत।**

**नाश की पहचान**
नाम- नामालुम
पिता का नाम नामालुम
पता- नामालुम ।
उम्र-35-40 वर्ष लगभग ।
कद-5 फुट 5 ईन्च ।
हुलियाः रंग गोरा, सामान्य शरीर, गोल चेहरा आंखे व जीभ फूलकर बाहर निकली हुई।
पहनावा नग्न अवस्था में है।



सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि दिनांक 09.10.2025 को एक नाम पता नामालुम व्यक्ति की नाश गाव महलाना की नहर में मिली हैं, नाश को शिनाख्त हेतू सिविल अस्पताल सोनीपत में 72 घटें के लिए मोर्चरी में रखवाया गया है। अगर मृतक के बारे में कोई सुचना प्राप्त हो या किसी थाना के क्षेत्र में कोई गुमशुदगी है या शिनाख्त होती है तो निम्न नम्बरों पर सुचित करें।
प्रबन्धक थाना मो0 न0-7419410534
अनुसंधानकर्ता मो0 न0-9996678179
पुलिस कन्ट्रोल रुम सोनीपत - 0130-2222903

**हस्ता/-अपराध अभिलेखअधिकारी,**
**कृते पुलिस उपायुक्त।**
**मुख्यालय, सोनीपत**

पीआरडीएच-1084/11/3999/2026/39380/88/6 दि. 10.10.2025



**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड, पंचकूला (एचएमएससीएल) | सी ग्रुप के लिए 2 वर्ष की अवधि हेतु हरियाणा सरकार के विभिन्न हस्पतालों को सूती ऊन की आपूर्ति हेतु दर अनुबंध के लिए ऑनलाइन निविदा। | 09.10.2025 30.10.2025 | रु.20,24,00,000/- | www.hmscl.org.in | 0172-4788222 hmscltenders@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/39392/I/88/6 दि. 10.10.25



**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका, बवानी खेड़ा | एम.सी. बवानी खेड़ा में 4 अदद स्थानों पर सीट्स 16 2.5 एल 16 एयू सीट्स 0.32 एल पर समेत आकांक्षी शौचालयों का निर्माण। | बंद होने की तिथि 15.10.2025 | रु. 38,63,706/- | https://etenders.hry.nic.in | 9416303013 mcbawanikheral@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/39393/I/88/6 दि. 10.10.25



**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प हिसार | भिवानी में लघु सचिवालय परिसर में अतिरिक्त प्रशासनिक खण्ड का निर्माण (स्ट्रीट लाइट, 400 केवीए डीजी सैट और 11 केवी सब स्टेशन का प्रावधान केवल)। | 08.10.2025 22.10.2025 | 90.32 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 2 | पशु पालन एवं डेयरी विकास हरियाणा पंचकूला | राज्य पशुधन प्रदर्शनी 2025. | 09.10.2025 24.10.2025 | ईएमडी 2 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416530068 dg.ahd@hry.nic.in |
| 3 | बागवानी, सी.ई.वी., घरौंडा, करनाल | क्षतिग्रस्त संरक्षित संरचनाओं की मरम्मत करने के लिए सामग्री की आपूर्ति। | 13.10.2025 21.10.2025 | ईएमडी 20000 | https://etenders.hry.nic.in | 9416297995 ddh.cev@gmail.com |
| 4 | नागरिक उड्डयन विभाग, हरियाणा | फ्लाइट प्लानिंग, फ्लाइट डिस्पैच, एफडीटीएल और सम्बन्धित सेवाओं हेतु सेवाओं के प्रावधान के लिए ऑनलाइन माध्यम से ई-निविदा को जमा करवाना। | 08.10.2025 22.10.2025 | | https://etenders.hry.nic.in | 1722709386 cavation@hry.nic.in |
| 5 | पंचायती राज नारनौल | बाघोत ब्लॉक कनीना - एसएचसी का निर्माण + 2 कार्य। | 09.10.2025 16.10.2025 | 73.14 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9017179090 prexeeng.nrl@gmail.com |
| 6 | कृषि एवं किसान कल्याण, सोनीपत | गांव आंवली में वर्टिकल ड्रेनेज प्रोजैक्ट। | 08.10.2025 27.10.2025 | 74.75 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466096204 ascosonipat2023@gmail.com |
| 7 | बागवानी, सीओई, मुनीमपुर, झज्जर | सीओई मुनीमपुर, झज्जर में संरक्षित संचनाओं की मरम्मत करना। | 04.09.2025 23.10.2025 | ईएमडी 45000 | https://etenders.hry.nic.in | 9671627548 coemunimpur@gmail.com |
| 8 | स्वास्थ्य विभाग, नारनौल | एनयूएचएम नारनौल के तहत शहरी स्लम के लिए माइकिंग सहित ई-रिक्शा के लिए ई-निविदा। | 08.10.2025 27.10.2025 | ईएमडी 24000 | https://etenders.hry.nic.in | 7015076700 dhs.csmhn@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in — पीआरडीएच-11/2026/160/39411/I/88/6 दि. 10.10.25



**भारत सरकार**
**कम्पनी मामलों का मंत्रालय**
**आईसीएआई/आईसीओएआई (आईसीएमएआई)/आईसीएसआई**
के माध्यम से
**भर्ती विज्ञापन**

मानेसर, हरियाणा में स्थित कम्पनी मामलों का मंत्रालय, भारत सरकार के केन्द्रीय सुविधा केन्द्रों (सीआरसी/सीपीसी/ सीपीएसीई/सीएससी) में आईसीएआई, आईसीएसआई, आईसीओएआई (आईसीएमएआई) के माध्यम से अनुबंधात्मक आधार पर युवा पेशेवर / सहायक युवा पेशेवर के 145 पदों को भरने के लिए आईसीएआई / आईसीओएआई (आईसीएमएआई) / आईसीएसआई की इंटरमीडिएट/कार्यकारी स्तरीय परीक्षाएँ उत्तीर्ण कर चुके क्वालीफाइड सीए/सीएस/सीएमए और अर्ध क्वालीफाइड व्यक्तियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। अनुबंध की अवधि प्रारंभ में प्रति वर्ष नवीकरणीय अधिकतम तीन वर्ष की अवधि अथवा 35 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक, जो भी पहले हो, होगी जो प्रत्येक वर्ष की समाप्ति पर समीक्षा किए जाने पर संतोषजनक कार्य प्रदर्शन के अधीन है। भरे जाने वाले पदों के विवरण इस प्रकार हैं:-

| क्र.सं. | पद का नाम | योग्यता | पारिश्रमिक | अधिकतम आयु |
|---|---|---|---|---|
| 1. | युवा पेशेवर | आईसीएआई / आईसीओएआई (आईसीएमएआई) / आईसीएसआई का क्वालीफाइड सदस्य | रु. 5,000/- की वार्षिक वृद्धि सहित रु. 75,000/- प्रति माह के अतिरिक्त रविवारों और अवकाशों पर कार्यालय में उपस्थित होने के लिए रु. 2,500/- प्रतिदिन। | 03 वर्ष के कार्यकाल के दौरान किसी भी समय 35 वर्ष से अधिक नहीं। |
| 2. | सहायक युवा पेशेवर | आईसीएआई / आईसीओएआई (आईसीएमएआई) / आईसीएसआई की इंटरमीडिएट/कार्यकारी स्तरीय परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके व्यक्ति। | रु. 2,500/- की वार्षिक वृद्धि सहित रु. 40,000/- प्रति माह के अतिरिक्त रविवारों और अवकाशों पर कार्यालय में उपस्थित होने के लिए रु. 2,500/- प्रतिदिन। | 03 वर्ष के कार्यकाल के दौरान किसी भी समय 35 वर्ष से अधिक नहीं। |

अधिक विवरण, यथा योग्यता, आवेदन प्रपत्र जमा करवाने की प्रक्रिया, अन्य शर्ते इत्यादि के लिए कृपया वेबसाइट्स www.mca.gov.in, www.icai.org, www.icsi.edu./career और icmai.in पर पधारें। इच्छुक पात्र उम्मीदवारों को अपने संबंधित संस्थान के अनुसार https://www.icai.org/ post/career-in-icai, https://eicmai.in/ Recruitment/ index.aspx और https://stimulate.icsi.edu/RECRUIT-MENT पर ऑनलाइन आवेदन अवश्य करना चाहिए। कम्पनी मामलों का मंत्रालय अपनी आवश्यकता के अनुसार विज्ञापित पदों को बढ़ाने/घटाने अथवा पद न भरने का भी अधिकार सुरक्षित रखता है।

**आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि : 30 अक्टूबर 2025**

(हस्ता/-)
**रजिस्ट्रार ऑफ कम्पनीज**
**केन्द्रीय पंजीकरण केन्द्र**

CBC 07123/11/0417/2526

चिंतन

# नोबेल पुरस्कार कमेटी ने भी ट्रंप के दावों की हवा निकाली

हिन्दी फिल्म का एक गीत है, दिल के अरमा आंसूओं में बह गए। यह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर सटीक बैठ रहा है। बीते एक साल से शांति का नोबेल पुरस्कार पाने के लिए उन्होंने न जाने कितने दावे किए। एक के बाद एक सात युद्ध रुकवाने की ताल ठोंकी। बकायदा खुद ही नोबेल मांग भी लिया। ट्रंप ने दावा किया कि सिर्फ सात महीनों में, मैंने सात अंतहीन युद्धों को समाप्त कर दिया है। इसमें कुछ 31 साल से चल रहे थे, एक 36 साल से। मैंने सात युद्ध समाप्त किए। सभी युद्ध अनगिनत लोगों की जान लेने के साथ भीषण रूप से चल रहे थे। मुझे लगता था कि इनमें से शायद सबसे बड़ा युद्ध रूस-यूक्रेन होगा। वे हर हफ़्ते लगभग 7,000 लोगों को खो रहे हैं, और यह बहुत बुरा लगता है। उन्होंने भारत-पाकिस्तान युद्ध में भी शांति करवाने के लिए मध्यस्थता करने का दावा किया था, जिसे भारत ने सिरे से खारिज कर दिया था। हालांकि पाकिस्तान ने उनकी भावना को स्वीकार करते हुए उन्हें नोबेल पुरस्कार के लिए नॉमिनेट किया था। पाकिस्तान के अलावा इजरायल ने भी डोनाल्ड ट्रंप को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नॉमिनेट किया था, लेकिन डोनाल्ड ट्रंप को नोबेल शांति पुरस्कार नहीं मिल पाया। नोबेल शांति पुरस्कार 2025 इस बार वेनेज़ुएला की लोकतंत्र समर्थक नेता मारिया कोरिना मचाडो को दिया गया है। नॉर्वेजियन नोबेल समिति ने कहा कि यह सम्मान उन्हें वेनेज़ुएला के लोगों के लोकतांत्रिक अधिकारों के लिए उनके अथक संघर्ष और देश को तानाशाही से लोकतंत्र की ओर ले जाने के प्रयासों के लिए दिया गया है। मचाडो ने विपरीत परिस्थितियों में भी लोकतंत्र की ज्योति जलाए रखी और निरंकुश शासन के खिलाफ शांतिपूर्ण संघर्ष जारी रखा। समिति ने उन्हें लैटिन अमेरिका में नागरिक साहस की असाधारण मिसाल बताया है। एक समय पर विभाजित विपक्ष को एकजुट कर उन्होंने वेनेज़ुएला में "स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की मांग को राष्ट्रीय आंदोलन का रूप दिया। माचाडो की यह नोबेल ऐसे समय में मिला है जब वेनेज़ुएला में तानाशाही शासन आ चुका है। आज देश मानवीय और आर्थिक संकट से गुजर रहा है, जहां अधिकांश नागरिक गरीबी में हैं जबकि सत्ता से जुड़े कुछ लोग असीमित लाभ उठा रहे हैं। सरकार की हिंसक मशीनरी अपने ही नागरिकों पर दमन कर रही है और अब तक करीब 80 लाख लोग देश छोड़ने को मजबूर हो चुके हैं। विपक्ष को चुनावी धांधली और फर्जी मुकदमों के जरिए जेलों में ठूंस दिया गया है। इस घोषणा के बाद व्हाइट हाउस के प्रवक्ता ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बजाय वेनेज़ुएला की विपक्षी नेता मारिया कोरिना मचाडो को शांति पुरस्कार देने के फैसले की तीखी आलोचना की है। साथ ही नोबेल कमेटी पर पुरस्कार देने में राजनीतिकरण किए जाने का आरोप लगाया है। असल में ट्रंप का मिजाज अलग तरह का है। वो हर काम में खुद को अव्वल साबित करने की कोशिशों में लगे रहते हैं। कोई माने या न माने, वो हमेशा खुद ही अपने काम का गुणगान करने लगते हैं। बीते दिनों एक वीडियो भी वायरल हुआ जिसमें यूरोपीय देश अल्बानिया के प्रधानमंत्री, आर्मेनिया के पीएम और फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ट्रंप के दावे का मजाक उड़ाते नजर आ रहे हैं। कोपेनहेगन में आयोजित यूरोपीय राजनीतिक समुदाय की बैठक में अल्बानिया के प्रधानमंत्री एदी रामा ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बार-बार की जाने वाली भौगोलिक गलतियों को लेकर चुटकी ली थी। अब नोबेल पुरस्कार कमेटी ने भी ट्रंप के दावों की हवा निकाल दी है।



पुरस्कार

प्रो. कन्हैया त्रिपाठी

# लोकतंत्र की पैरोकार को नोबेल पुरस्कार

नोर्वेजियन नोबेल समिति ने 2025 का नोबेल शांति पुरस्कार एक साहसी और समर्पित शांति समर्थक को देने का निर्णय लिया। एक ऐसी महिला जो अंधकार के बढ़ते दौर में लोकतंत्र की ज्योति को जलाने की कोशिश कीं। उन्हें यह सम्मान अपने देश में लोकतंत्र और मानवाधिकारों के लिए शांतिपूर्ण संघर्ष करने और तानाशाही शासन को समाप्त करने की मुहिम के लिए मिला है। मारिया मचाडो लंबे समय से वेनेजुएला में सत्तावादी राष्ट्रपति निकोलस मादुरो के खिलाफ लोकतांत्रिक आंदोलन की अगुवाई करती रही हैं। उन्होंने अहिंसक प्रतिरोध किया। शांतिपूर्ण जन-आंदोलन और राजनीतिक संवाद के ज़रिए बदलाव की राह चुनी।

पूरी दुनिया में नोबेल शांति पुरस्कार हर वर्ष लोगों की जिज्ञासा का विषय होता है। इस वर्ष भी नोबेल शांति पुरस्कार कम विमर्श के केंद्र में नहीं रहा। खासकर, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की अपनी इस पुरस्कार को पाने की महत्वाकांक्षा बहुत ज्यादा हो गई थी। उन्होंने खुद को इस प्रकार प्रोजेक्ट किया कि उनसे अधिक सुयोग्य कोई है ही नहीं। उन्होंने कई देशों के राष्ट्राध्यक्षों से स्वयं का नॉमिनेशन करवाया। पाकिस्तान तो संयुक्त राष्ट्र महासभा में ट्रंप को इस पुरस्कार के लिए सबसे योग्य बताया। लेकिन दुखद यह है कि सात से अधिक देशों ने उन्हें नॉमिनेट किया लेकिन पुरस्कार नहीं मिला। वह अमेरिका के उन चार राष्ट्रपतियों के साथ अपना नाम इतिहास में दर्ज कराना चाहते थे जिन्हें नोबेल शांति पुरस्कार मिला है। ग्रेता थनबर्ग समेत दुनिया के और बहुत से नॉमिनेशन हुए थे। नोबेल की इच्छा रखने वाले ये सक्रिय लोग भी निराश हुए होंगे जिन्हें यह लगता था कि यह पुरस्कार इस बार उन्हें मिल जाएगा। नोबेल शांति पुरस्कार 2025 की घोषणा हुई तो पता चला कि यह पुरस्कार इस वर्ष मारिया कोरिना मचाडो को मिला।

जैसा कि पूरी दुनिया को पता है कि नोर्वेजियन नोबेल समिति ने 2025 का नोबेल शांति पुरस्कार एक साहसी और समर्पित शांति समर्थक को देने का निर्णय लिया। एक ऐसी महिला जो अंधकार के बढ़ते दौर में लोकतंत्र की ज्योति को जलाने की कोशिश कीं। उन्हें यह सम्मान अपने देश में लोकतंत्र और मानवाधिकारों के लिए शांतिपूर्ण संघर्ष करने और तानाशाही शासन को समाप्त करने की मुहिम के लिए मिला है। मारिया मचाडो लंबे समय से वेनेज़ुएला में सत्तावादी राष्ट्रपति निकोलस मादुरो के खिलाफ लोकतांत्रिक आंदोलन की अगुवाई करती रही हैं। उन्होंने अहिंसक प्रतिरोध किया। शांतिपूर्ण जन-आंदोलन और राजनीतिक संवाद के ज़रिए बदलाव की राह चुनी। नोबेल कमेटी ने उनके इस प्रयास को लोकतांत्रिक मूल्यों की वैश्विक रक्षा का प्रतीक बताया। यह पुरस्कार ऐसे समय आया है जब वेनेज़ुएला में लोकतंत्र को लेकर चिंता बढ़ रही है। मचाडो के संघर्ष ने वहां के नागरिक समाज को नई ऊर्जा दी है। इसी ऐलान के साथ डोनाल्ड ट्रंप का नोबेल पुरस्कार जीतने का सपना टूट गया। 2025 की नोबेल शांति पुरस्कार जूरी ने मारिया कोरिना मचाडो को इसके काबिल समझा। वस्तुतः मचाडो एक ऐसी राजनीतिक विपक्ष की एक प्रमुख और एकजुट करने वाली शख्सियत रही हैं। उन्होंने लोकतंत्र की आत्मा को समझा और अपनी इच्छाशक्ति को भी जो जन-शासन के सिद्धांतों की रक्षा को समर्पित रहे हैं। वेनेज़ुएला के आपसी मतभेद को उन्होंने ख़त्म किया, खतरे में पड़े लोकतंत्र को बचने हेतु सशक्त आवाज़ बनीं। लोकतंत्र की क्रूर सत्ता को चुनौती देकर उन्होंने तानाशाही को एक तरह से ललकारा। मानवीय और आर्थिक संकट से जूझ रहे वेनेज़ुएला को बचने के लिए आगाह किया और आगे बढ़कर बचाया भी। पूरी दुनिया को पता है कि अधिकांश वेनेज़ुएलाई नागरिक गहरी गरीबी में जीवन बिता रहे हैं। सत्ता में बैठे कुछ लोग खुद को समृद्ध कर रहे हैं। राज्य की हिंसक मशीनरी देश के अपने ही नागरिकों के खिलाफ खड़ी हो चुकी है। लगभग 80 लाख लोग देश से पलायन कर चुके हैं। विपक्ष को सुनियोजित तरीकों से कुचल दिया गया।



चुनावों में धांधली, कानूनी मुकदमे और जेल की सजा के जरिए जिन्हें जेल में नहीं होना चाहिए, वे जेल में बंद हुए और सजा काट रहे हैं। किसी भी लोकतंत्र के लिए कितना कष्टमय और खतरनाक होता है उस देश के लोकतंत्र की हत्या जब हो जाती है। वेनेज़ुएला के लोगों को लोकतांत्रिक अधिकारों के लिए स्पेस न हो और तानाशाही से लोकतंत्र कुचल दिया गया हो तो ऐसे में न्यायपूर्ण, शांतिपूर्ण परिवर्तन के लिए संघर्ष को किसी ने नेतृत्व प्रदान किया तो उस नेतृत्व का नाम है मारिया। यह उनकी उस सभ्यता के साथ लड़ाई मानी गई है जो अपने क्रूरतम षड्यंत्र में देश को फंसाकर अपने हितों को साध रही थी। सबसे अहम् बात यह है कि जब तानाशाह सत्ता पर कब्जा करते हैं, तब यह बेहद जरूरी हो जाता है कि हम उन साहसी स्वतंत्रता सेनानियों को पहचानें जो उठते हैं, और विरोध करते हैं। लोकतंत्र उन लोगों पर निर्भर करता है जो चुप नहीं रहते, जो गंभीर खतरे के बावजूद आगे बढ़ते हैं। जो हमें याद दिलाते हैं कि स्वतंत्रता को कभी भी हल्के में नहीं लेना चाहिए। इसकी हमेशा रक्षा करनी होती है चाहे शब्दों से, साहस से और संकल्प के साथ। इस बात का जिक्र नोबेल पुरस्कार की घोषणा करते हुए जूरी ने भी की है कि मरिया मचाडो ने शब्दों से, साहस से व संकल्प से इस तानाशाही से संघर्ष किया और उन अधिकारों की पैरोकार बनीं जिससे वेनेज़ुएला के नागरिक आहत हो चुके थे या देश छोड़कर जा चुके हैं। अंधकार के बढ़ते माहौल में लोकतंत्र की लौ को जलाए रखने वाली मारिया कोरिना मचाडो का व्यक्तिगत जीवन भी बहुत शानदार रहा है। उन्होंने इंजीनियरिंग और वित्त की पढ़ाई की। 1992 में, मारिया ने अतेनिया फाउंडेशन की स्थापना की, जो कराकास में सड़क पर रहने वाले बच्चों के कल्याण के लिए काम करती है। 2010 में, मरिया विधानसभा के लिए निर्वाचित हुईं और रिकॉर्ड वोटों से जीतीं। लेकिन कुछ वर्षों बाद 2014 में शासन ने उन्हें पद से निष्कासित कर दिया। मारिया कोरिना मचाडो वेंते वेनुज़ुएला नामक विपक्षी पार्टी का नेतृत्व करती हैं। 2017 में सोय वेनेज़ुएला गठबंधन की स्थापना में भी मरिया मचाडो का योगदान रहा है, जो देश की लोकतांत्रिक ताकतों को राजनीतिक विभाजन के पार एकजुट करता है।

अभी दो वर्ष पूर्व 2023 में उन्होंने 2024 के राष्ट्रपति चुनावों में अपनी उम्मीदवारी की घोषणा की थी। जब शासन ने उन्हें चुनाव लड़ने से रोक दिया, तो उन्होंने विपक्ष के वैकल्पिक उम्मीदवार एडमुण्डो गोंजालेज़ उर्रुतिया का समर्थन किया। विपक्ष ने व्यापक स्तर पर जनसमर्थन जुटाया। व्यवस्थित रूप से यह दस्तावेज़ीकरण किया कि उन्होंने चुनाव में जीत हासिल की है। लेकिन शासन ने खुद को विजेता घोषित कर लिया और सत्ता पर अपनी पकड़ और मजबूत कर ली, यह बात उन्हें रास न आई और वह एक मुखर प्रतिरोध की संस्कृति की वाहक बन गयीं। नोबेल शांति पुरस्कार 2025 जूरी ने तर्क दिया है कि लोकतंत्र, जिसे इस रूप में समझा जाता है कि हर व्यक्ति को अपनी राय स्वतंत्र रूप से व्यक्त करने का अधिकार है। अपना मत डालने का अधिकार है। एक निर्वाचित सरकार में प्रतिनिधित्व प्राप्त करने का अधिकार है वस्तुतः यही शांति की नींव है, चाहे वह किसी देश के भीतर हो या देशों के बीच हो।

सुश्री मचाडो ने इस प्रकार एक नई परिभाषा लोकतंत्र के बहाने पूरी दुनिया को दी जो वेनेज़ुएला के साथ पूरी दुनिया के लिए शांति व अमन, विकास व स्थायी गरिमा के लिए मिसाल बन गया है। नोबेल शांति पुरस्कार की जूरी ने सुश्री मारिया को यह पुरस्कार देकर ट्रंप को भी एक सबक दिया है कि पुरस्कार पाने के पैमाने कुछ और हैं, जबरदस्ती नॉमिनेशन कराकर यह सम्मान हासिल नहीं किया जा सकता।

( लेखक अहिंसक सभ्यता के पैरोकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

जयंती विशेष

आस्था अग्रवाल



# जेपी नारायण ने लोकतंत्र की चेतना को नया स्वर दिया

भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में 11 अक्टूबर का दिन एक नैतिक स्मृति के रूप में अंकित है। इसी तिथि को 1902 में बिहार-उत्तर प्रदेश की सीमा पर स्थित सिताबदियारा ग्राम में जयप्रकाश नारायण का जन्म हुआ, ऐसे व्यक्तित्व का, जिसने भारतीय राजनीति को जनसहभागिता और नैतिक उत्तरदायित्व की दिशा दी। लोकमानस ने उन्हें 'लोकनायक' कहा, क्योंकि उन्होंने जनता को केवल मतदाता नहीं, बल्कि शासन का वास्तविक केंद्र माना। जयप्रकाश नारायण का प्रारंभिक जीवन संघर्ष और आत्मनिर्भरता का प्रतीक था। पटना और बनारस में शिक्षा प्राप्त करने के बाद वे 1922 में उच्च अध्ययन हेतु अमेरिका गए। वहां उन्होंने समाजशास्त्र और राजनीति विज्ञान का अध्ययन किया और जीविका के लिए खेतों, कारखानों और रेस्तरां में कार्य किया। इस अनुभव ने उन्हें सिखाया कि श्रम ही समाज का सच्चा आधार है, और यहीं से उनके समाजवाद की नींव पड़ी। अपने प्रसिद्ध निबंध 'समाजवाद क्यों?' (1936) में उन्होंने लिखा "समाजवाद केवल आर्थिक संरचना का प्रश्न नहीं, बल्कि मनुष्य की आत्मा में नैतिक परिवर्तन की प्रक्रिया है।" भारत लौटने पर वे गांधीजी और नेहरू से जुड़े और कांग्रेस सोशलिस्ट पार्टी की स्थापना में अग्रणी भूमिका निभाई। 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में उन्होंने सक्रिय भाग लिया और नासिक जेल भेजे गए। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद जब अधिकांश नेता सत्ता-संरचना का हिस्सा बने, तब जयप्रकाश नारायण ने उससे दूरी बनाई। सरकार में सम्मिलित होने के प्रस्तावों को अस्वीकार करते हुए उन्होंने कहा-"मैं सत्ता में नहीं, समाज में रहकर कार्य करना चाहता हूँ।" उनके लिए राजनीति का अर्थ शासन नहीं, बल्कि समाज-निर्माण था। 1950 के दशक में वे विनोबा भावे के भूदान और सर्वोदय आंदोलनों से जुड़े, जहां उन्होंने ग्राम-स्वराज्य को भारतीय लोकतंत्र का मूलाधार बताया। उनके शब्दों में- "लोकतंत्र वह संरचना है जिसमें निर्णय और शक्ति का स्त्रोत जनता के सबसे निकट स्तर पर हो।" 1970 के दशक का राजनीतिक परिदृश्य भ्रष्टाचार और असंतोष से भरा था। इसी काल में बिहार से संपूर्ण क्रांति का आह्वान हुआ, जो सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि समाज के नैतिक पुनर्जागरण का संदेश थी। अपने प्रसिद्ध भाषण में उन्होंने युवाओं से कहा-"मेरे नौजवान मित्रों, भ्रष्टाचार के विरुद्ध संघर्ष ही सच्ची आज़ादी की लड़ाई है।" छात्रों और युवाओं की भागीदारी ने इस आंदोलन को राष्ट्रीय स्वरूप दिया। 1974 का बिहार आंदोलन शीघ्र ही भारतीय लोकतंत्र के पुनर्जागरण का प्रतीक बन गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि क्रांति केवल राजनीतिक सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि व्यक्ति, समाज, शिक्षा, संस्कृति और अर्थव्यवस्था के स्तर पर नैतिक पुनर्जन्म की प्रक्रिया है। जब 1975 में आपातकाल घोषित हुआ, तब जयप्रकाश नारायण भारतीय लोकतंत्र की अंतरात्मा की आवाज़ बनकर उभरे। जेल में रहते हुए उन्होंने 'जेल डायरी' में लिखा-"सत्ता का अहंकार जब जनता की आवाज़ को दबाता है, तब मौन भी प्रतिरोध बन जाता है।"आपातकाल की समाप्ति के बाद उन्होंने जनता पार्टी के गठन में मार्गदर्शक की भूमिका निभाई, परंतु कोई पद स्वीकार नहीं किया। उनके लिए सत्ता का उद्देश्य आत्मसिद्धि नहीं, जनकल्याण था और यही उन्हें गांधी परंपरा के सबसे प्रामाणिक उत्तराधिकारी के रूप में प्रतिष्ठित करता है। लोकनायक का जीवन उनके सिद्धांतों का साक्ष्य था। उन्होंने जीवनभर कोई निजी संपत्ति नहीं जोड़ी। पटना के कदमकुआं स्थित उनके सादे आवास में कुछ पुस्तकें, पत्र और खादी के वस्त्र ही उनकी सम्पत्ति थे। गंभीर रोग से ग्रस्त रहने के बावजूद वे अंतिम समय तक भारत के भविष्य को लेकर चिंतनशील रहे। उन्होंने कहा था- "शरीर थक गया है, पर देश के लिए चिंता अभी बाकी है।" बिहार उनके विचारों की प्रयोगभूमि रहा। यहीं से उन्होंने युवाओं को लोकशक्ति का महत्व सिखाया और लोकतंत्र की चेतना को नया स्वर दिया। बिहार आंदोलन ने यह सिद्ध किया था कि जब जनता नैतिकता की मांग करती है, तो सत्ता को झुकना पड़ता है। उन्होंने लोकतंत्र को जनता की सजगता से जोड़ा था, यह मानते हुए कि शासन की गुणवत्ता नागरिक चेतना पर निर्भर करती है। उनका स्मरण किसी दल की प्रशंसा नहीं, बल्कि मतदाता के विवेक को जगाने का अवसर होना चाहिए। आज जब भारत अपनी लोकतांत्रिक परिपक्वता की परीक्षा से गुजर रहा है, लोकनायक का स्मरण केवल श्रद्धांजलि नहीं, बल्कि आत्ममंथन का अवसर है। उनकी विरासत हमें यह सिखाती है कि -"महानता सत्ता से नहीं, आचरण से आती है।"और शायद यही कारण है कि जयप्रकाश नारायण आज भी भारतीय लोकतंत्र की अंतरात्मा के सबसे निर्मल स्वर बने हुए हैं ।

(लेखिका शोध छात्रा है, ये उनके अपने विचार हैं।)

## हमारा वास्तविक स्वभाव क्या है?



संकलित

दर्शन

जीवन क्या है? इसका उद्देश्य क्या है? ये प्रश्न जितने सरल लगते हैं, उतने ही रहस्यमय भी हैं। इन्हें जितना समझने की कोशिश करते हैं, वे उतने ही उलझते जाते हैं। दरअसल, जानना हृदय का विषय नहीं है, जीना हृदय का विषय है। रहस्य समझने के लिए नहीं, बल्कि जीने के लिए हैं। जीवन के रहस्य को जीना ही आनंद है। ज्ञान प्राप्त होने से पहले लगता है कि हममें अज्ञान नहीं है। लेकिन जैसे-जैसे ज्ञान बढ़ता है, तो लगता है हममें काफी अज्ञान है। एक कहावत है, आत्मज्ञान होने से पहले लकड़ी काटो और पानी भर कर लाओ। आत्मज्ञान के बाद भी, लकड़ी काटो और पानी भर कर लाओ। अंतर इतना है कि पहले हम दुखी रहकर काम करते थे। लेकिन आत्मज्ञान के बाद वही कार्य आनंद से करते हैं। हमारा जीवन कितना उत्तम है, यह हमारे मन की अवस्था पर निर्भर करता है। हम वही सुनना पसंद करते हैं, जिसमें हमारी रुचि होती है। जब हमारा जीवन प्रेम में केंद्रित होता है, तो हम प्रेम के बारे में जानना चाहते हैं। जब जीवन बच्चों के इर्द-गिर्द घूमता है, तो हम बच्चों के बारे में ही सुनना चाहते हैं। जो हमारी इच्छा हो, हमें वही सुनना पसंद है और हमारी इच्छाओं का कभी अंत ही नहीं होता।

## अनुकरण अच्छा, अंधानुकरण नहीं



संकलित

प्रेरणा

एक गाँव में दो युवक रहते थे। दोनों में बड़ी मैत्री थी। जहाँ जाते साथ-साथ जाते। एक बार दोनों एक धनी व्यक्ति के साथ उसकी ससुराल गए। किसी धनी व्यक्ति के साथ रहने का यह पहला अवसर था, सो वे अपने धनी मित्र की प्रत्येक गतिविधि ध्यान से देखते रहे। गरमियों के दिन थे। रात में उक्त युवक के लिए शयन की व्यवस्था खुले स्थान पर की गई। पर्याप्त शीतलता बनी रहे इसके लिए वहाँ चारों तरफ जल छिड़का गया और रात को ओढ़ने के लिए बहुत ही हलकी मखमली चादर दी गई। अन्य दोनों युवकों ने इतना ही जाना कि इस तरह का रहन-सहन बड़प्पन की बात है। कुछ दिन बाद उन्हें भी अपनी-अपनी ससुराल जाने का अवसर मिला पर वे दिन गरमी के न होकर शीत के थे। नकल तो नकल ही है। दोनों ने अपना बड़प्पन जताने के लिए बिस्तर खुले आकाश के नीचे लगवाया, लोगों के लाख मना करने पर भी उन्होंने बिस्तर के आस-पास पानी भी छिड़कवाया और ओढ़ने के लिए कुल एक-एक चादर वह भी हलकी ली। रात को पाला पड़ गया सो दोनों को निमोनियाँ हो गया । चिकित्सा कराई गई तब कठिनाई से जान बची। इतनी कथा सुनाने के बाद गुरुजी ने शिष्य को समझाया–' तात ! उचित और अनुचित का विचार किए बिना जो औरों का अनुकरण करता है वह मूर्ख ऐसे ही संकट में पड़ता है जैसे वह दोनों युवक।' !

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### डाक विभाग की कमियों को दूर किया जाए

नौ अक्टूबर को विश्व डाक दिवस मनाया जाता है और इसी उपलक्ष्य पर 9 अक्टूबर से विश्व डाक सप्ताह मनाया जा रहा है। इस दौरान सरकार और डाक विभाग इससे संबंधित योजनाओं और डाक विभाग के अन्य कार्यों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए अभियान चलाते हैं। दुनिया में डाक का विस्तार हो, और यह सुगम हो, इसके लिए दुनिया के लगभग 22 देशों ने एक संधि पर हस्ताक्षर 9 अक्टूबर 1874 को करके जनरल पोस्टल यूनियन का गठन किया था। हमारा देश 1 जुलाई 1876 को यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन का सदस्य बना था। हमारा देश गांवों का देश है, यहां आज भी कुछ हद तक डाक प्रणाली की बहुत जरूरत और अहमियत हैं। डाक विभाग ही लोगों के पत्र और दूसरे बहुत से सामान को गंतव्य तक पहुंचाता है। - **मुकेश गुप्ता**, दुर्ग

## करंट अफेयर

### जापान के कोमेइतो पार्टी ने सत्तारूढ़ पार्टी का साथ छोड़ा



जापान की कोमेइतो पार्टी के प्रमुख ने कहा है कि भ्रष्टाचार से जुड़ी चिंताओं के कारण वह लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन से अलग हो रहे हैं। कोमेइतो नेता तेत्सुओ सेइतो द्वारा शुक्रवार को घोषित निर्णय लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी के सदस्यों के लिए एक बड़ा झटका है, जिन्होंने पिछले सप्ताहांत धुर-रूढ़िवादी सांसद साने ताकाइची को अपना नेता चुना था। ताकाइची अभी भी जापान की पहली महिला प्रधानमंत्री बन सकती हैं, लेकिन बौद्ध समर्थित कोमेइतो के साथ छोड़ देने से लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी को सत्ता में बने रहने के लिए कम से कम एक अन्य गठबंधन सहयोगी खोजने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। साने ताकाइची ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि सेइतो ने 'गठबंधन छोड़ने के निर्णय की एकतरफा घोषणा की है', जबकि उन्होंने और एलडीपी महासचिव शुनिची सुजुकी ने कहा था कि लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी उनके द्वारा उठाए गए मुद्दों पर चर्चा करेगी और तुरंत जवाब देगी। ताकाइची ने कहा, 'हम 26 वर्षों से एकसाथ थे और यह बेहद निराशाजनक था, लेकिन अंत में हम ऐसे अलग हुए।' सत्तारूढ़ गठबंधन पहले ही संसद के दोनों सदनों में अपना बहुमत खो चुका है। निचले सदन में इस महीने के अंत में नये प्रधानमंत्री के लिए मतदान होना है।

## ऑफ बीट

### पेयजल से माइक्रोप्लास्टिक हटाने में मिली सफलता



माइक्रोप्लास्टिक हमारी प्लास्टिक की दुनिया के अंश हैं, जो बड़े वस्तुओं के टूटने से या सिंथेटिक कपड़ों और पैकेजिंग जैसे उत्पादों से उत्पन्न होते हैं। अब ये हर जगह मौजूद हैं। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि दुनिया के सतही जल में लगभग 51 खरब कण तैर रहे हैं, और दक्षिण अफ्रीका के नल के पानी में भी इनका निम्न स्तर पाया गया है। यही चिंता का विषय है क्योंकि ये कण रसायन और हानिकारक बैक्टीरिया के वाहक बन सकते हैं, मछलियों और अन्य वन्य जीवों द्वारा खाए जा सकते हैं, और हमारे शरीर में भी पहुंच सकते हैं। हम जल वैज्ञानिक हैं और इस समस्या के समाधान की तलाश में हैं। हाल ही में किए गए एक अध्ययन में, हमने एक व्यावहारिक समाधान का परीक्षण किया — दो ''चुंबकीय सफाई पाउडर'' जो पानी में मौजूद माइक्रोप्लास्टिक्स पर चिपक सकते हैं। इन गुच्छों को फिर एक चुंबक की मदद से बाहर निकाला जा सकता है। इन पदार्थों को चुंबकीय नैनोकंपोजिट कहा जाता है (इनकी कल्पना विशेष सतहों वाले बहुत महीन पाउडर के तौर पर की जा सकती है)। इसके पीछे का विचार बहुत सरल है। पानी में पाउडर की थोड़ी मात्रा मिलाएं, इसे माइक्रोप्लास्टिक्स को आकर्षित करने और उनसे जुड़ने दें, और फिर पाउडर-प्लास्टिक समूहों को हटाने के लिए एक शक्तिशाली चुंबक का उपयोग करें, जिससे स्वच्छ पानी बचेगा।

## ट्रेंड


### आवंटियों को फ्लैट्स सौंपे



किसी भी परिवार का एक सपना होता है कि उनका अपना घर हो। इस सपने को साकार करते हुए जनपद गोरखपुर में आज आवासीय परियोजना के अंतर्गत ईडब्ल्यूएस/एलआईजी फ्लैट्स के आवंटियों को चाबी वितरित की।

**- योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

### पारदर्शी तरीके से नौकरी



असम ने आज एक बार फिर यह साबित किया है कि बिना किसी धांधली या विवाद के भी पारदर्शी तरीके से सरकारी भर्ती परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए जा सकते हैं। हमने चुनाव में 1 लाख सरकारी नौकरियों का वादा किया था, लेकिन अब हम लगभग 2 लाख नौकरियां दे रहे हैं।

**- हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, बिहार**

### झूठ बोलती है सरकार



दो महीने से पेंशन नहीं मिली! हम अगर एचआरटीसी के कर्मचारियों की हक़ की बात करें तो सरकार झूठ बोलने पर उतारू हो जाती है। पेंशन समय से जारी करने की बात करें तो मंत्री इस्तीफे की चुनौती देकर सनसनी फैलाते हैं और सुर्खियां बटोरते हैं।

**-जयराम ठाकुर, पूर्व सीएम, हिमाचल**

### शिक्षा व्यवस्था दयनीय



दुर्भाग्यपूर्ण है कि आज शिक्षा जैसी बुनियादी ज़रूरतों के लिए भी हमारे झारखंड के युवाओं को आंदोलन का सहारा लेना पड़ रहा है। यह स्थिति राज्य की शिक्षा व्यवस्था की संवेदनहीनता को दर्शाती है।

**- बाबूलाल मरांडी, भाजपा नेता**

हमारा पता

हरिभूमि कार्यालय

नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20

ई-मेल : haribhoomi@gmail.com

वेब-साइट : www.haribhoomi.com

### दो अलग-अलग मनी लॉन्ड्रिंग मामलों में ईडी ने की कार्रवाई

नौकरी के बदले नकद घोटाला मामला

# बंगाल में सुजीत बोस के कार्यालय समेत 10 ठिकानों पर की छापेमारी

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल में दो अलग-अलग मनी लॉन्ड्रिंग मामलों में राज्य के अग्निशमन मंत्री सुजीत बोस के कार्यालय सहित 10 स्थानों पर एक साथ छापेमारी की। ये छापे कोलकाता और उसके आसपास के इलाकों में मारे गए हैं। ईडी की कार्रवाई जिन दो मामलों में की जा रही है, उनमें से एक नगरपालिकाओं में नौकरी के बदले नकद घोटाले से संबंधित है, जबकि दूसरा बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले से जुड़ा है। एजेंसी ने उत्तर कोलकाता के साल्ट लेक स्थित मंत्री सुजीत बोस के कार्यालय में भी छापेमारी की, जो नगरपालिकाओं में भर्ती अनियमितता मामले से जुड़ा बताया जा रहा है। दक्षिण कोलकाता के न्यू अलीपुर, सरत बोस रोड के साथ ही राजधानी के उत्तरी हिस्से नागेरबाजार में भी ईडी की टीमें तलाशी अभियान चला रही हैं। न्यू अलीपुर में कलकत्ता उच्च न्यायालय के एक प्रख्यात अधिवक्ता के आवास पर भी छापा मारा गया है।

पश्चिम बंगाल के अग्निशमन मंत्री पर नकेल

20 ठिकानों पर छापे की खबर आ रही

### दूसरा घोटाला बैंक ऋण धोखाधड़ी से संबंधित मिला



### नगर पालिका के उपाध्यक्ष निताई पर भी कसा शिकंजा

ईडी तृणमूल कांग्रेस नेता और बंगाल के मंत्री बोस के कोलकाता स्थित साल्ट लेक कार्यालय और दक्षिण दंडम नगर पालिका के उपाध्यक्ष निताई दत्ता के आवास पर छापेमारी कर रहा है। ये छापेमारी एक कथित नगर निकाय भर्ती घोटाले के सिलसिले में हो रही है। बताया जा रहा है कि सुजीत बोस 2010 से 2021 तक दक्षिण दंडम नगर पालिका के उपाध्यक्ष थे। यह कथित तौर पर दूसरी बार है जब ईडी ने इस जांच के सिलसिले में मंत्री के कार्यालय पर छापा मारा है। भर्ती घोटाला प्रदेशभर में फैला : सीबीआई की जांच उसी प्राथमिकी के आधार पर शुरू की गई थी, जिसे कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश पर दर्ज किया गया था। भर्ती घोटाला नगरपालिकाओं में भर्ती तक फैला हुआ है।

### हैदराबाद और अहमदाबाद में भी की जा रही तलाशी

यह कार्रवाई मुख्य रूप से गणेश ज्वेलरी से जुड़े बैंक धोखाधड़ी के एक मामले के संबंध में की जा रही है। इस मामले की जांच का दायरा केवल पश्चिम बंगाल तक सीमित नहीं है। ईडी की टीम ने इस घोटाले से जुड़े लिंक की तलाश में हैदराबाद और अहमदाबाद में भी एक-एक जगह पर छापेमारी की कार्रवाई को आगे बढ़ाया है। इन सभी स्थानों पर प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारी डिजिटल सबूतों और दस्तावेजों को खंगाल रहे हैं। ईडी ने बताया कि यह छापेमारी का उद्देश्य भ्रष्टाचार से जुड़े दस्तावेज एकत्र करना है। मंत्री का कार्यालय मूल रूप से हमारी सूची में नहीं था। केंद्रीय एजेंसी ने इससे पहले जनवरी 2024 में इसी मामले के सिलसिले में बोस के आवास पर छापेमारी की थी।

### टेक्नो दिग्गज ने 'ओपल' को 15 नए देशों में किया लॉन्च

# अब गूगल से आसानी से बनाइए खुद का वेब एप


एजेंसी ▶▶ न्यूयार्क

टेक्नोलॉजी दिग्गज गूगल ने अपने एआई-आधारित वाइब-कोडिंग एप 'ओपल' को 15 और देशों में लॉन्च करने की घोषणा की है। इस एप की खासियत यह है कि यह यूजर्स को सिर्फ टेक्स्ट प्रॉम्प्ट के जरिए मिनी वेब एप बनाने की सुविधा देता है। अब यह एप भारत सहित कनाडा, जापान, दक्षिण कोरिया, वियतनाम, इंडोनेशिया, ब्राजील, सिंगापुर, कोलंबिया, एल साल्वाडोर, कोस्टा रिका, पनामा, होंडुरास, अर्जेंटीना और पाकिस्तान में भी उपलब्ध होगा।

#### यह है गूगल ओपल

गूगल का ओपल एक नो-कोड एआई एप बिल्डर है जो यूजर के जरिए दिए गए जानकारी के आधार पर मिनी वेब एप तैयार करता है। यूजर बस यह बताता है कि उसे किस तरह का एप चाहिए और ओपल अलग-अलग गूगल मॉडलों का उपयोग करके उस एप को तैयार कर देता है। एप तैयार होने के बाद यूजर इसके एडिटर पैनल में जाकर एप का विजुअल वर्कफ्लो यानी इनपुट, आउटपुट और जनरेशन स्टेप्स देख सकता है और उसे कस्टमाइज कर सकता है। इसके साथ ही यूजर अपने तैयार एप को वेब पर पब्लिश कर लिंक शेयर भी कर सकता है ताकि दूसरे लोग अपने गूगल अकाउंट से उसे टेस्ट कर सकें। गूगल लैब्स की सीनियर प्रोडक्ट मैनेजर मेगन ली ने ब्लॉग पोस्ट में बताया कि ओपल के साथ गूगल ने कई नए सुधार और फीचर्स भी पेश किए हैं, जैसे- डीबगिंग सिस्टम अब पहले से बेहतर है हालांकि यह अभी भी नो-कोड इंटरफेस पर आधारित है। यूजर्स अब विजुअल एडिटर में वर्कफ्लो को स्टेप-बाय-स्टेप चला सकते हैं।

भारत, कनाडा सहित कई देशों को उपलब्ध कराई सुविधा




### जम्मू-कश्मीर पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

## राज्य बनाने की मांग पर केंद्र को निर्देश -चार हफ्ते में दें 'जवाब'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



जम्मू-कश्मीर को वापस राज्य का दर्जा देने की लगातार उठ रही मांग पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्ती दिखाते हुए केंद्र सरकार को अहम निर्देश दिया है। कोर्ट ने शुक्रवार को केंद्र सरकार को चार हफ्ते का समय दिया है ताकि वह जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा वापस देने से जुड़ी याचिकाओं पर अपना जवाब दाखिल कर सके। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने इस मामले की सुनवाई की। बता दें कि जम्मू-कश्मीर से संबंधित ये याचिकाएं शिक्षाविद जहूर अहमद भट और सामाजिक कार्यकर्ता अहमद मलिक सहित कई लोगों ने दाखिल की हैं। इन याचिकाओं में केंद्र सरकार से मांग की गई है कि वह दिसंबर 2023 में सुप्रीम कोर्ट में दिए गए वादे के अनुसार, जम्मू-कश्मीर को जल्द से जल्द फिर से राज्य का दर्जा दे। वहीं मामले में याचिकाकर्ताओं के वकील ने सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले का हवाला दिया। जिसमें अनुच्छेद 370 को रद्द करने को सही ठहराया गया था और केंद्र को जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव सितंबर 2024 तक कराने और जल्द राज्य का दर्जा बहाल करने का निर्देश दिया गया था। केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत को बताया कि इस मुद्दे पर जम्मू-कश्मीर प्रशासन से बातचीत चल रही है। उन्होंने कहा कि यह एक विशेष स्थिति है और इसमें कई संवेदनशील पहलू जुड़े हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कुछ लोग केंद्र शासित प्रदेश के बारे में जानबूझकर नकारात्मक छवि पेश कर रहे हैं।

### 'कंटेंडर' नाम की शार्क ने 73 दिनों में लगभग 1,400 किलोमीटर की समुद्री यात्रा की

## सैटेलाइट ट्रैकर से दिखी 14 फीट लंबी, 1653 पाउंड वजन वाली व्हाइट शार्क

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अटलांटिक महासागर की गहराई में अनेकों राज छिपे हुए हैं। समुद्र की गहराई बढ़ने के साथ ही समुद्र के तल में अनेकों जलीय जीव निवास करते हैं। हाल ही में बड़े समुद्री जीवों पर रिसर्च करने वाली एक संस्था ओसीएआरसीएच ने महासागर के अंदर लगभग 14 फुट लंबे वयस्क 'ग्रेट व्हाइट शार्क' का पता लगाया है। ओसीएआरसीएच का कहना है कि 'ग्रेट व्हाइट शार्क' को न्यूफाउंडलैंड और लैब्राडोर के पास सेंट लॉरेंस की उत्तरी खाड़ी में देखा गया। 'कंटेंडर' नाम के इस शार्क का वजन लगभग 1,653 पाउंड के आस-पास होने कि उम्मीद है। इसे पहली बार जनवरी में फ्लोरिडा-जॉर्जिया तट से लगभग 72 किलोमीटर दूर एक सैटेलाइट ट्रैकर से देखा गया था।



रिपोर्ट के अनुसार ट्रैकिंग डेटा से पता चलता है कि 'कंटेंडर' नाम के वाइट शार्क ने मैसाचुसेट्स के केप कॉड से सेंट लॉरेंस की खाड़ी तक 73 दिनों में लगभग 1,400 किलोमीटर की समुद्री यात्रा की है, यानी हर दिन शार्क ने करीब लगभग 19 किलोमीटर का सफर तय किया। ओसीएआरसीएच के को-फाउंडर क्रिस फिशर ने कहा कि कंटेंडर ने अभी-अभी सेंट लॉरेंस की खाड़ी से पिंग (ध्वनि) मिली है।

### कंटेंडर पर लगाया स्पॉट टैग

*इस साल की शुरुआत में जनवरी में कंटेंडर तब सुर्खियों में आया था, जब ओसीएआरसीएच ने उसे पहली बार देखा था। वह जीव 13 फीट, 8 इंच लंबा और 1,652.8 पाउंड वजन का है। उस समय, ओसीएआरसीएच ने दावा किया था कि कंटेंडर पर लगाया गया स्पॉट टैग लगभग पाँच सालों तक रीयल-टाइम डेटा प्रदान करेगा, जिससे हमें उसकी गतिविधियों पर नजर रखने और उसके प्रवास पैटर्न को समझने में मदद मिलेगी।*

***शार्क अपना प्रवास मार्ग बदल रही:*** *अटलांटिक महासागर के उत्तरी तट पर ग्रेट व्हाइट शार्क का मिलना वैज्ञानिकों को हैरान कर रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार ग्रेट व्हाइट शार्क आमतौर पर गर्म या समशीतोष्ण जल वाले क्षेत्रों में पाई जाती है। लेकिन अटलांटिक के उत्तरी ठंडे जल में इनका दिखना सामान्य नहीं है। इससे वैज्ञानिकों को यह संकेत मिलता है कि ये शार्क अपना प्रवास मार्ग बदल रही है।*



## आसमान में गरजेगा स्वदेशी लड़ाकू विमान

# नासिक में 17 अक्टूबर को 'तेजस एमके1ए' की पहली उड़ान का रक्षा मंत्री करेंगे शुभारंभ

*रक्षा मंत्री तेजस एमके1ए की तीसरी उत्पादन लाइन और हिंदुस्तान टर्बो ट्रेनर (एचटीटी-40) की दूसरी उत्पादन लाइन का भी उद्घाटन करेंगे। हाल ही में रक्षा मंत्रालय ने एचएएल के साथ 62,370 करोड़ रुपये का एक बड़ा करार किया था*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 17 अक्टूबर को नासिक में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) की सुविधा से स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस एमके1ए की पहली उड़ान का शुभारंभ करेंगे। इस खास मौके पर वह तेजस एमके1ए की तीसरी उत्पादन लाइन और हिंदुस्तान टर्बो ट्रेनर (एचटीटी-40) की दूसरी उत्पादन लाइन का भी उद्घाटन करेंगे। बता दें कि हाल ही में रक्षा मंत्रालय ने एचएएल के साथ 62,370 करोड़ रुपये का एक बड़ा करार किया था।

वायुसेना की जरूरतों को पूरा करने के लिए खास तौर पर डिजाइन किया

यह विमान ऐरे रडार, स्वयं रक्षा कवच और कई उन्नत प्रणालियों से सुसज्जित है



फाइल फोटो

### वायुसेना की बढ़ेगी ताकत

तेजस एमके1ए स्वदेशी तकनीक से बना एक अत्याधुनिक लड़ाकू विमान है, जो भारतीय वायुसेना की ताकत को और बढ़ाएगा। यह विमान इलेक्ट्रॉनिकली स्कैन्ड ऐरे (एईएसए) रडार, स्वयं रक्षा कवच, और कंट्रोल सरफेस एक्ट्यूएटर्स जैसी उन्नत प्रणालियों से लैस है। यह विमान न केवल तेज और भरोसेमंद है, बल्कि भारतीय वायुसेना की जरूरतों को पूरा करने के लिए खास तौर पर डिजाइन किया गया है।

### रक्षा मंत्री ने सिडनी में कुट्टाबुल नेवल बेस का किया दौरा, समुद्री सहयोग को मजबूत करने पर जोर

*सिडनी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने ऑस्ट्रेलियाई दौरे के दूसरे दिन सिडनी में एचएमएएस कुट्टाबुल का दौरा किया, जो रॉयल ऑस्ट्रेलियाई नौसेना का एक प्रमुख बेस है। उन्होंने सिडनी हार्बर में एडमिरल हडसन जहाज पर जाकर वहां की आधुनिक सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने फ्लीट बेस ईस्ट का जल दौरा किया। ऑस्ट्रेलिया के सहायक रक्षा मंत्री पीटर खलील ने उनका स्वागत किया। इस यात्रा के दौरान रक्षा मंत्री को रॉयल ऑस्ट्रेलियाई नौसेना की परिचालन क्षमताओं और बुनियादी ढांचे के बारे में जानकारी दी गई। राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि सिडनी में ऐतिहासिक और रणनीतिक नेवल बेस एचएमएएस कुट्टाबुल का दौरा किया। एडमिरल हडसन जहाज पर सिडनी हार्बर की शानदार सुविधाओं से परिचित हुआ।*

**प्रधानमंत्री ने मानसिक स्वास्थ्य पर बातचीत की**

# मानसिक स्वास्थ्य, हमारे संपूर्ण कल्याण का अभिन्न हिस्साः मोदी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर अपने संदेश में एक ऐसा माहौल बनाने का आह्वान किया जहां मानसिक स्वास्थ्य पर बातचीत अधिक से अधिक मुख्यधारा में आए। प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर लिखा, ''विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस इस बात की पुरजोर याद दिलाता है कि मानसिक स्वास्थ्य हमारे समग्र कल्याण का एक मूलभूत हिस्सा है।' उन्होंने कहा, ''तेज गति से भागती दुनिया में, यह दिन दूसरों के प्रति करुणा दिखाने और उसे बढ़ाने के महत्व को रेखांकित करता है।'' मोदी ने लिखा, ''आइए हम सामूहिक रूप से ऐसा माहौल बनाने के लिए काम करें जहां मानसिक स्वास्थ्य पर बातचीत ज्यादा से ज्यादा मुख्यधारा में आए। इस क्षेत्र में काम करने वाले और दूसरों को स्वस्थ होने और खुशी पाने में मदद करने वाले सभी लोगों को मेरी बधाई। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) का कहना है कि विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस का समग्र उद्देश्य दुनिया भर में मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों के बारे में जागरुकता बढ़ाना और मानसिक स्वास्थ्य के समर्थन में प्रयासों को गति देना है।

### युवा तेजी से डिप्रेशन, एंग्जायटी और स्ट्रेस से जूझ रहे हैं



हर साल 10 अक्टूबर को मनाए जाने वाले विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस का उद्देश्य लोगों में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और यह समझाना है कि मानसिक समस्याएं भी उतनी ही गंभीर होती हैं जितनी शारीरिक बीमारियां। चिंताजनक बात यह है कि आज के युवा तेजी से डिप्रेशन, एंग्जायटी और स्ट्रेस जैसी मानसिक समस्याओं से जूझ रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### बीफ बिरयानी विवाद हाईकोर्ट पहुंचे मेकर्स

**चेन्नई।** मलयालम अभिनेता शेन निगम की अपकमिंग फिल्म 'हाल' पर विवाद शुरू हो गया है। सेंसर बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन (सीबीएफसी) ने फिल्म में 15 बदलाव करने का सुझाव दिया था। इसमें फिल्म के किरदार बीफ बिरयानी खाते हैं। इस मामले में अब निर्माताओं ने केरल हाई कोर्ट का रुख किया है और सवाल उठाए हैं।

### भारत दौरे पर रहेंगे यूएस राजदूत सर्जियो गोर

**नई दिल्ली।** भारत में नवनियुक्त अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर एक सप्ताह की भारत यात्रा पर आ रहे हैं। यह यात्रा 14 अक्टूबर तक रहेगी। गोर के साथ प्रबंधन एवं संसाधन उप-सचिव माइकल जे रिगास भी यहां आ रहे हैं। अमेरिकी दूतावास ने बताया कि दोनों 9 अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक (यूएस लोकल टाइम) भारत की यात्रा पर रहेंगे।

### ओबीसी आरक्षण पर पाटिल का शरद पर तंज

**मुंबई।** मराठा आरक्षण को लेकर महाराष्ट्र भर में सियासी गरम है। राज्य के मंत्री और राज्य मंत्रिमंडल की मराठा आरक्षण पर बनी उप-समिति के प्रमुख राधाकृष्ण विखे पाटिल ने एनसीपी प्रमुख शरद पवार पर तीखा हमला बोला है। पवार ने अगर मराठा समुदाय को ओबीसी में शामिल किया होता, तो आज यह विवाद नहीं होता। तब ध्यान नहीं दिया गया।

## जयशंकर से मुलाकात के बाद अफगानिस्तान के विदेश मंत्री ने दिया भरोसा

# भारत करीबी दोस्त, इसके खिलाफ अपनी जमीन का इस्तेमाल कभी नहीं होने देंगे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

*अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी ने कहा कि अफगानिस्तान भारत को एक करीबी मित्र राष्ट्र के तौर पर देखता है। अफगानिस्तान भारत के साथ आपसी सम्मान पर आधारित रिश्ते चाहता है, जिसमें व्यापारिक और लोगों के लोगों से संबंध रहें। हम एक ऐसी व्यवस्था बनाने के लिए तैयार हैं।*

भारत दौरे पर आए अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी ने शुक्रवार को नई दिल्ली में भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान अफगानिस्तान के विदेश मंत्री ने भारत को अफगानिस्तान का करीबी दोस्त देश बताया और दोनों देशों के संबंधों को मजबूत करने की मांग की। मुत्तकी ने कहा कि दिल्ली आकर अच्छा लग रहा है और यह दौरा दोनों देशों के बीच संबंधों को और बेहतर करेगा।

भारत और अफगानिस्तान को संपर्क बढ़ाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान अपनी जमीन का इस्तेमाल किसी भी अन्य देश के खिलाफ नहीं होने देगा। मुत्तकी ने कहा कि जब अफगानिस्तान में हाल ही में भूकंप आया तो सबसे पहले मदद भेजने वाला देश भारत ही था। अफगानिस्तान भारत को एक करीबी मित्र राष्ट्र के तौर पर देखता है। अफगानिस्तान भारत के साथ आपसी सम्मान पर आधारित रिश्ते चाहता है, जिसमें व्यापारिक और लोगों के लोगों से संबंध रहें। हम एक ऐसी व्यवस्था बनाने के लिए तैयार हैं, जिससे दोनों देशों के रिश्ते मजबूत हो सकें।

**काबुल और नई दिल्ली** के बीच उड़ान सेवाएं बढ़ाने किया ऐलान

**काबुल में** भारतीय तकनीकी मिशन को दूतावास का दर्जा मिला



### अफगानिस्तान में खनन करेगा भारत

जयशंकर ने कहा कि अफगानिस्तान सरकार द्वारा भारतीय कंपनियों को अफगानिस्तान में खनन के लिए आमंत्रित करने का हम स्वागत करते हैं। इस बार आगे चर्चा की जाएगी। व्यापार और वाणिज्य को बढ़ावा देने के हमारे साझे हित हैं। काबुल और नई दिल्ली के बीच उड़ान सेवाएं बढ़ाने का ऐलान करते हुए हमें खुशी हो रही है।

### हवाई संपर्क मजबूत करने पर बनी सहमति

मुत्ताकी ने कहा कि भारत सरकार ने काबुल में अपने दूतावास की तकनीकी उपस्थिति को और मजबूत करने का फैसला लिया है। जल्द ही इस्लामिक अमीरात (अफगानिस्तान) का राजनयिक प्रतिनिधिमंडल भी दिल्ली पहुंचेगा। दोनों देशों के बीच व्यापार बढ़ाने के लिए हवाई संपर्क (एयर कॉरिडोर) को भी मजबूत करने पर सहमति बनी है।

### राजनयिक संबंध स्थापित करने का ऐलान

*भारत ने अफगानिस्तान के साथ द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करते हुए काबुल स्थित भारतीय तकनीकी मिशन को दूतावास का दर्जा दे दिया। इसके साथ ही भारत ने आधिकारिक रूप से अफगानिस्तान की तालिबान सरकार के साथ राजनयिक संबंध स्थापित करने का ऐलान किया। जयशंकर ने कहा कि भारत अफगानिस्तान की संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और स्वतंत्रता के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।*

### आतंकवाद से निपटने के प्रयास करने होंगे

*जयशंकर ने कहा कि विकास और समृद्धि के प्रति हमारी साझा प्रतिबद्धता है। हालांकि, दोनों देशों द्वारा सीमापार आतंकवाद के साझा खतरों का सामना किया जा रहा है। हमें आतंकवाद से निपटने के लिए समन्वित प्रयास करने होंगे। भारत की सुरक्षा चिंताओं के प्रति आपकी संवेदनशीलता की हम सराहना करते हैं। पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद हमारे साथ आपकी एकजुटता उल्लेखनीय थी।*

### 20 एंबुलेंस उपहार में दीं



भारत ने सद्भावना के तौर पर अफगानिस्तान को 20 एम्बुलेंस उपहार में दीं। विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने प्रतीकात्मक कदम के तौर पर 20 एम्बुलेंस में से पांच व्यक्तिगत रूप से अफगान विदेश मंत्री मुत्ताकी को सौंपीं। इसके साथ ही भारत और अफगानिस्तान ने मिलकर एक 'व्यापार समिति' बनाने का भी निर्णय लिया है।



**गाजा में युद्धविराम समझौता लागू**

# मोर्चे पर तैनात इजराइली सैनिक निर्धारित जगहों पर लौट रहे

एजेंसी ▶▶ तेल अवीव

पश्चिम एशिया में इजराइल और हमास के बीच बीते दो साल से जारी हिंसक संघर्ष थम गया है। गाजा में ट्रंप की शांति योजना के तहत युद्धविराम समझौता लागू हो गया है। इजराइली सेना ने ट्रंप की शांति योजना पर कहा कि दोपहर 12 बजे से युद्धविराम लागू हो गया है। सैनिक वापस लौट रहे हैं। इजराइली सेना ने शुक्रवार को कहा कि हमास के साथ युद्धविराम समझौता स्थानीय समयानुसार दोपहर 12 बजे से प्रभावी हो गया है। युद्धविराम समझौता लागू करने के फैसले को इजराइली कैबिनेट में मंजूरी दी गई।

**समझौते को इजराइली कैबिनेट ने मंजूरी दी**

### 2000 फिलिस्तीनी कैदी होंगे रिहा

*हमास के वरिष्ठ अधिकारी खलील अल-हय्या ने बताया कि समझौते के तहत इजराइल लगभग 2000 फलस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा। मिस्र से लगी सीमा को खोला जाएगा। गाजा में संकटग्रस्त लोगों तक मानवीय मदद पहुंचाने की अनुमति दी जाएगी। साथ ही इजराइली सेना को वापस बुलाया जाएगा। इजराइली जेलों में बंद सभी महिलाओं और बच्चों को भी रिहा किया जाएगा। अमेरिकी अधिकारी 200 सदस्यीय सैनिकों की अंतरराष्ट्रीय टीम इजराइल भेजेंगे। अल-हय्या ने कहा कि हम अपने लोगों के खिलाफ युद्ध और आक्रामकता को समाप्त करने के लिए समझौते पर पहुंच गए हैं। ट्रंप प्रशासन और मध्यस्थों ने आश्वासन दिया है कि युद्ध समाप्त हो गया है।*

### नेतन्याहू ने पीएम मोदी को दिया धन्यवाद

*पीएम नरेंद्र मोदी ने इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू को फोन किया और उन्हें बधाई दी। इस पर इजराइली पीएम ने भी पीएम मोदी का धन्यवाद किया। पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने इजरायल के प्रति उनके समर्थन के लिए भारतीय पीएम का धन्यवाद किया और दोनों ने घनिष्ठ सहयोग जारी रखने पर सहमति व्यक्त की।*

## भारत-बारबाडोस संबंधों में आई नई मजबूती

# द्विपक्षीय सहयोग और वैश्विक मंचों पर आपसी साझेदारी बढ़ाने पर की चर्चा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के नेतृत्व में भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने 68वीं कॉमनवेल्थ संसदीय सम्मेलन के लिए बारबाडोस की नेशनल असेंबली का दौरा किया। बारबाडोस की हाउस ऑफ असेंबली के स्पीकर आर्थर होल्डर ने ओम बिरला और भारतीय प्रतिनिधिमंडल का गर्मजोशी से स्वागत किया। दोनों देशों के सांसदों ने इस दौरान द्विपक्षीय सहयोग, लोकतांत्रिक मूल्यों के आदान-प्रदान और वैश्विक मंचों पर साझेदारी बढ़ाने पर चर्चा की।

### प्रवासी भारतीयों से की

ओम बिरला ने बारबाडोस में भारतीय प्रवासी समुदाय के सदस्यों से भी मुलाकात की। उन्होंने कहा कि भारतीय प्रवासी अपनी मेहनत और ईमानदारी से पूरी दुनिया में भारत का नाम




### शिक्षा, संस्कृति, ऊर्जा क्षेत्र में करेंगे सहयोग

*बिरला ने कहा कि भारत और बारबाडोस की लोकतांत्रिक परंपराएं और साझा मूल्य दोनों देशों को और करीब लाते हैं। दोनों पक्षों ने शिक्षा, संस्कृति, नवीकरणीय ऊर्जा और संसदीय सहयोग जैसे क्षेत्रों में साझेदारी बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की। इस दौरे से भारत-बारबाडोस संबंधों में एक नया आयाम जुड़ा है।*

# द्विपक्षीय सहयोग और वैश्विक मंचों पर आपसी साझेदारी बढ़ाने पर की चर्चा

नई दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के नेतृत्व में भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने 68वीं कॉमनवेल्थ संसदीय सम्मेलन के लिए बारबाडोस की नेशनल असेंबली का दौरा किया। बारबाडोस की हाउस ऑफ असेंबली के स्पीकर आर्थर होल्डर ने ओम बिरला और भारतीय प्रतिनिधिमंडल का गर्मजोशी से स्वागत किया। दोनों देशों के सांसदों ने इस दौरान द्विपक्षीय सहयोग, लोकतांत्रिक मूल्यों के आदान-प्रदान और वैश्विक मंचों पर साझेदारी बढ़ाने पर चर्चा की।




### शिक्षा, संस्कृति, ऊर्जा क्षेत्र में करेंगे सहयोग

*बिरला ने कहा कि भारत और बारबाडोस की लोकतांत्रिक परंपराएं और साझा मूल्य दोनों देशों को और करीब लाते हैं। दोनों पक्षों ने शिक्षा, संस्कृति, नवीकरणीय ऊर्जा और संसदीय सहयोग जैसे क्षेत्रों में साझेदारी बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की। इस दौरे से भारत-बारबाडोस संबंधों में एक नया आयाम जुड़ा है।*

## 'प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना' होगी शुरू

# मोदी आज करेंगे 35,440 करोड़ की कृषि योजनाओं का शुभारंभ

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** प्रधानमंत्री मोदी 11 अक्टूबर को नई दिल्ली स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में विशेष कृषि कार्यक्रम के दौरान 35,440 करोड़ की विभिन्न कृषि योजनाओं की शुरुआत करेंगे। यह कार्यक्रम शनिवार सुबह 10:30 बजे शुरू होगा, जिसमें प्रधानमंत्री किसानों से संवाद करेंगे और जनसभा को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री आत्मनिर्भरता मिशन इन पल्सेस (दाल) की भी शुरुआत करेंगे, जिसके लिए 11,440 करोड़ का प्रावधान किया गया है। असम में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत फिश फीड प्लांट और कई एग्रो-प्रोसेसिंग व कोल्ड चेन ढांचे का भी उद्घाटन किया जाएगा।

### भारत और यूके की नौसेनाओं का युद्धाभ्यास

**नई दिल्ली।** भारत और यूनाइटेड किंगडम की नौसेनाओं ने द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यास 'कोंकण-25' को अंजाम दिया है। यह एक समुद्री चरण वाला महत्वपूर्ण अभ्यास था जिसमें उच्च तीव्रता वाले नौसैनिक अभियान शामिल थे। इनमें एंटी-एयर, एंटी-सर्फेस और एंटी-सबमरीन युद्धाभ्यास, फ्लाइंग ऑपरेशन्स और अन्य सीमैनशिप इवोल्यूशन्स शामिल रहे। दोनों देशों की नौसेनाओं ने समुद्र में अपने फ्रंटलाइन प्लेटफॉर्म्स तैनात किए, पनडुब्बियां तथा हवाई साधन शामिल रहे।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25